संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 11 दिसंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 18 अंकः 340 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संसद भवन में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।




### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# सभापति की विपक्ष ने की घेराबंदी

● सभापति के खिलाफ विपक्ष लाया अविश्वास प्रस्ताव, संख्या बल के लिहाज से सत्ता पक्ष की स्थिति मजबूत

**नोटिस दिया**

**▶▶ नोटिस पर करीब 60 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। विपक्षी दलों ने सभापति धनखड़ पर पक्षपात का आरोप लगाया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः कांग्रेस** नेतृत्व वाले विपक्ष ने मंगलवार को राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के लिए नोटिस दिया है। यह नोटिस राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी को सौंपा गया है। नोटिस पर करीब 60 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों ने सभापति धनखड़ पर पक्षपात का आरोप लगाया है।



**कांग्रेस के साथ यह दल**
कांग्रेस को आरजेडी, टीएमसी, सीपीआई, सीपीआई (एम), जेएमएम, आप और डीएमके का साथ मिला है। नोटिस पर करीब 60 विपक्षी सांसदों के हस्ताक्षर हैं। कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने राज्यसभा के सभापति पर पक्षपात करने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि विपक्ष के पास इसके अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था।

**यह है नियम**
राज्यसभा के सभापति के खिलाफ संविधान के अनुच्छेद 67(बी) के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव लाया जाता है। इसके तहत सभापति को राज्यसभा के सभी तत्कालीन सदस्यों के बहुमत से पारित प्रस्ताव और लोकसभा की सहमति से हटाया जा सकता है। मगर 14 दिन पहले नोटिस देना जरूरी है।
बता दें कि इससे पहले अगस्त महीने में भी कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की योजना बनाई थी। मगर बाद में किसी कारणवश इसे टाल दिया गया था।

**पारित होना असंभव, यह है सदन का गणित**
विपक्ष ने संविधान के अनुच्छेद 67 (बी) के तहत अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। इसके लिए कम से कम 50 सांसदों के हस्ताक्षर की आवश्यकता होती है। विपक्षी दलों को 60 सांसदों का साथ मिल चुका है।

### विपक्ष संसद की कार्यवाही चलने नहीं दे रहाः पात्रा

**नई दिल्लीः** संसद का शीतकालीन सत्र मंगलवार को भी हंगामे के बीच स्थगित हो गया। भाजपा नेता और लोक सभा सदस्य संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि विपक्ष संसद को चलने नहीं देना चाहता। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष संसद की कार्यवाही चलने नहीं दे रहा है। वो जैकेट और मास्क पहनकर आते हैं, जो सम्मानजनक नहीं है। संसद परिसर में पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत में संबित पात्रा ने कहा कि विपक्ष को लोकतंत्र ठीक से समझ नहीं आता।
राहुल गांधी को मास्क पहनकर लोगों की रिकॉर्डिंग करते देखना आश्चर्यजनक था। विपक्ष के नेता का व्यवहार ऐसा नहीं होता। राहुल गांधी को नहीं पता कि विपक्ष के नेता को कैसे व्यवहार करना चाहिए।



अडानी-मोदी की तस्वीर वाला बैग लेकर संसदों के साथ पहुंची प्रियंका गांधी और राहुल गांधी। मकर द्वार में संसदों के साथ किया विरोध प्रदर्शन।

## अर्थव्यवस्था के लिए सर्वश्रेष्ठ काम करने का करेंगे प्रयासः संजय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने मंगलवार को कहा कि 11 दिसंबर को आरबीआई के गवर्नर का पदभार संभालने के बाद वह सभी नजरियों को समझने और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वश्रेष्ठ काम करने की कोशिश करेंगे। सरकार ने संजय मल्होत्रा को एक दिन पहले रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) का अगला गवर्नर नियुक्त किया है। आरबीआई के

## 14 दिसंबर को 'दिल्ली कूच' करेंगे किसान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटियालाः एमएसपी स**हित कई मांगों को लेकर पंजाब और हरियाणा के किसानों का आंदोलन जारी है। इस बाबत शंभू बॉर्डर से किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने एलान किया है कि किसानों का जत्था 14 दिसंबर को दिल्ली कूच करेगा। इससे पहले किसान शंभू बॉर्डर से दो बार दिल्ली कूच करने का प्रयास कर चुके हैं, जहां सरकार उन्हें हरियाणा में प्रवेश नहीं करने दे रही। प्रशासन का मानना है कि आंदोलनकर्ताओं के पास दिल्ली में प्रवेश को लेकर अनुमति नहीं है। उधर, मांगों को लेकर भाकियू



सिद्धूपुर के प्रांतीय प्रधान जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन को 15 दिन हो गए हैं।

**जगजीत सिंह डल्लेवाल की हालत नाजुक**
70 वर्षीय डल्लेवाल की हालत इस दौरान ठीक नहीं है, उनका 11 किलो वजन कम हो गया है। डॉ. शोर्य कौशल ने कहा कि ऐसे समय में जगजीत सिंह डल्लेवाल को दवा, ग्लुकोज इत्यादि की सख्त जरूरत है, लेकिन उन्होंने यह लेने से भी इंकार कर दिया है। उनकी हालत को देखते हुए किसानों ने उनकी सुरक्षा को और अधिक चौकस कर दिया है।

**मांग**

**▶▶ पहले किसान शंभू बॉर्डर से दो बार कूच करने का प्रयास कर चुके हैं, जहां सरकार हरियाणा में प्रवेश नहीं करने दे रही**

## जस्टिस शेखर के बयान पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर यादव के बयान का सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से जवाब मांगा है। दरअसल, विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के एक कार्यक्रम में जस्टिस शेखर यादव ने कहा था कि देश बहुसंख्यक के हिसाब से चलेगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, "सुप्रीम कोर्ट ने समाचार पत्रों में छापे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश शेखर कुमार यादव के भाषण का संज्ञान लिया है।

## दिल्ली में ऑटोवालों का होगा 10 लाख का बीमा

### केजरीवाल ने किया ऐलान, सभी ऑटो वालों के लिए केजरीवाल की 5 गारंटियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली** के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को बड़ा चुनावी ऐलान करते हुए कहा कि दिल्ली के ऑटोवालों के लिए 10 लाख का जीवन बीमा कराया जाएगा। इसके साथ ही बेटी की शादी पर एक लाख रुपये की मदद भी की जाएगी। केजरीवाल मंगलवार को कोंडली विधानसभा क्षेत्र में एक ऑटो चालक के परिवार के सदस्यों के साथ दोपहर का भोजन करने गए थे। इस मौके पर



केजरीवाल ने कहा कि मैंने ऑटो वाले का नमक खाया है। मैं आज इनके लिए पांच बड़ी घोषणाएं कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हमारी सरकार बनने पर ऑटो वालों की बेटी की शादी में सरकार एक लाख रुपये देगी। साथ ही साल में दो बार होली और दीवाली पर वर्दी के लिए उन्हें 2500 रुपये अलग से दिए जाएंगे। इसके अलावा इनके बच्चों की प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग का पूरा खर्च सरकार उठाएगी।

**चुनावी रणनीति**

**▶▶ केजरीवाल एक ऑटो चालक के परिवार के सदस्यों के साथ दोपहर का भोजन करने गए थे**

## किसानों के दिल्ली कूच से पहले पुलिस अलर्ट



**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवलः किसानों** के दिल्ली कूच के आह्वान को लेकर जिला पुलिस अलर्ट पर है। एक साल तक अटोहां चौक पर चले किसान आंदोलन की जगह नाके लाकर पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं केएमपी-केजीपी इंटरचेंज पर नाकाबंदी शुरू कर वाहनों की जांच जारी है। नाके पर पुलिस पलवल में प्रवेश करने वाले वाहनों पर नजर बनाए हुए हैं।
बता दें कि 2020 में तीन कृषि कानूनों के विरोध में देशभर में शुरू हुए किसान आंदोलन में पलवल का केएमपी-केजीपी इंटरचेंज आंदोलन का प्रमुख केंद्र रहा था। ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर दिल्ली जा रहे मध्य प्रदेश के किसानों को पलवल पुलिस ने केएमपी-केजीपी इंटरचेंज पर रोक लिया था।

**किसान क्रांति चौक नाम दिया गया**
किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर बैठकर धरना शुरू कर दिया था। करीब दो माह तक किसान राष्ट्रीय राजमार्ग पर डटे रहे थे। बाद में मध्य प्रदेश के किसानों को हटाया गया तो स्थानीय किसानों ने दोबारा अटोहां चौक पर धरना शुरू कर दिया और उसे किसान क्रांति चौक नाम दिया गया। करीब एक साल तक किसानों ने धरना जारी रखा था। इस बार किसानों ने दिल्ली कूच का आह्वान किया तो पुलिस सतर्क हो गई।

**नाकाबंदी**

**▶▶ अटोहां चौक पर चले किसान आंदोलन की जगह नाके लाकर पुलिस बल तैनात**






# यमुना एक्सप्रेस पर तय हुई स्पीड लिमिट, आदेश का करना होगा पालन

**प्राधिकरण**

**15 दिसंबर से वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा 75 किमी प्रति घंटा हो जाएगी**




**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेस-वे पर 15 दिसंबर से वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा 75 किमी प्रति घंटा हो जाएगी। यह गति सीमा 15 फरवरी तक लागू रहेगी। सर्दियों में कोहरे के कारण होने वाले हादसों की रोकथाम के लिए गति सीमा कम करने का फैसला लिया है। एक्सप्रेस-वे की संचालक कंपनी को यमुना प्राधिकरण ने पत्र भेजकर इसकी जानकारी दे दी है। प्रवेश व निकासी द्वार पर फॉग लाइट लगाने के भी कंपनी को निर्देश दिए गए हैं। ग्रेटर नोएडा से आगरा तक 165 किमी लंबे यमुना एक्सप्रेस-वे पर वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा सौ किमी प्रति घंटा निर्धारित है, लेकिन सर्दियों में कोहरे के कारण दृश्यता कम हो जाती है। इस कारण एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार वाहनों के लिए दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। हर साल दो माह तक कम होती है स्पीड लिमिट इसलिए प्राधिकरण हर वर्ष दो माह के लिए एक्सप्रेस-वे पर वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा कम कर देता है। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह का कहना है कि एक्सप्रेस-वे का संचालन कर रही जेपी इंफ्राटेक को गति सीमा कम करने के संबंध में पत्र भेज दिया गया है। इससे पहले वाहन चालकों की जागरूकता के लिए बोर्ड लगाने, प्रवेश व निकासी द्वार पर फाग लाइट लगाने, वाहन चालकों के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम व रेडियो से सूचना प्रसारित करने के अलावा रिफ्लेक्टिव टेप लगाने और पैम्फ्लेट वितरण करने के निर्देश दिए गए हैं। शनिवार व रविवार को वाहनों के अधिक दबाव को देखते हुए प्रभावी व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# ग्रेटर नोएडा में यूपी पुलिस की बदमाश से मुठभेड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा :** इकोटेक-3 कोतवाली पुलिस ने हत्या के एक जघन्य मामले का मात्र 24 घंटे के भीतर सफल अनावरण करते हुए मुख्य आरोपी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किया है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि 8 दिसंबर को देर रात दादरी रोड पर स्थित एस्क्लेपियस अस्पताल के पास सुखराम निवासी नगला राजन कन्नौज की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। मृतक वर्तमान में गौतमबुद्धनगर के कुलेसरा में रह रहा था। घटना की जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान की। जांच में राजेश उर्फ मुकेश निवासी ग्राम सुरजावली बुलंदशहर और ईश्वर चंद उर्फ रिंकू निवासी फिरोजाबाद वर्तमान में हल्दौनी गौतमबुद्धनगर के नाम सामने आए।


**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | 274889 |
| 2 | कार्य का नाम और कार्य स्थान | "किसी भी स्थान से किसी भी स्थान तक रेलवे सामग्री का परिवहन" |
| 3 | अनुमानित लागत | रुपये 1,62,08,615/- जीएसटी @ 18% सहित |
| 4 | बयाना राशि | रु. 2,31,100/- |
| 5 | निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| 6 | कार्य अवधि | अवधि कार्य आरंभ होने से बारह महीने |
| 7 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय | दिनाक 31.12.2024 खुलने का समय 15:00 बजे। |
| 8 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |
| 9 | यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा। | |

पत्र सं. : 274889 दिनांक: 10.12.2024 3789/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## गाड़ी में संदिग्ध हालात में मिला छात्र का शव, हत्या की आशंका

**ग्रेटर नोएडा:** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क क्षेत्र में एक थार गाड़ी के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान हर्ष शर्मा के रूप में हुई, जो दिल्ली का निवासी था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। मृतक के परिजनों ने इस मामले को हत्या बताया है। इस घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस के मुताबिक, तीन दिसंबर की रात नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के शारदा पुश्ता के पास एक थार गाड़ी में हर्ष अचेत अवस्था में पाया गया। गाड़ी अंदर से लॉक थी। युवक को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

# बच गई पांच साल की मासूम, बच्ची को लेकर भाग रहा बदमाश मुठभेड़ में घायल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा :** पांच साल की बच्ची को गलत नीयत से लेकर भाग रहा एक बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। सोमवार देर रात को कोतवाली सेक्टर 39 पुलिस के साथ मुठभेड़ में घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली सेक्टर 39 क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 5 साल की बच्ची सोमवार शाम को घर के बाहर खेल रही थी तभी एक युवक बच्ची के पास पहुंचा और टॉफी दिलाने के बहाने गलत नीयत से जंगल की तरफ ले जाने लगा। जंगल के पास जब बच्ची रोने लगी तब आसपास के लोग आ गए। इसके बाद आरोपी वहां से भाग गया। इसकी सूचना पर कोतवाली सेक्टर 39 पुलिस की टीम ने देर रात सेक्टर 42 के जंगल में तलाशी की तब बदमाश ने पुलिस की टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की तो बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान सेक्टर 46 निवासी राजा के रूप में हुई है। पुलिस ने इसके पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद किया है।


**उत्तर रेलवे**
**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02241013 | वी डीप ग्रोव ऐकसल पुली कम्पलीट सेट | 613 नग | 03–01–25 |
| 02 | 09242331 | केबल असेंबली हैंड ब्रेक फॉर बी एम बी एस | 2069 नग | 20–01–25 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं. 80/2024–2025 दिनांक:– 10.12.2024 3788/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सौरव**, **पुत्र** : श्री राकेश, **पता** : बी–2/147, नंद नगरी, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 99/19 U/S 392/394/411/34 IPC, थाना: जीटीबी एन्क्लेव, शाहदरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सौरव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सौरव** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 99/19 U/S 392/394/411/34 IPC, थाना: जीटीबी एन्क्लेव, शाहदरा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सौरव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
सुश्री संघमित्रा
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–01
कोर्ट नं. 54, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/16172/SHD/2024
(Court Matter)



**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली दो पैकेट पद्धति ई–निविदा के आधार पर नीचे लिखे हुए कार्य के लिए निविदा आमंत्रित करते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम व स्थल | उत्तर रेलवे के दिल्ली–रेवाड़ी खण्ड पर बिजवासन में कोचिंग एवं माल ढुलाई हैण्डलिंग टर्मिनल के विकास, जल आपूर्ति व्यवस्था सहित आर.सी.सी. ओवरहेड टैंक का निर्माण, 800 किलोलिटर प्रतिदिन अपशिष्ट जल और रीसाईक्लिंग प्लांट, एफ्लुएन्ट ट्रीटमेन्ट प्लांट की स्थापना, भूमिगत टैंक, सड़क कार्य, जल निकासी, चारदीवारी, मिट्टी का भराव कार्य और सी/डब्लू के विकास तथा अन्य संबद्ध विविध कार्य के संबंध में। |
| 2. | कार्य पूरा होने की अवधि | 09 (नौ) माह |
| 3. | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 4607.12 लाख |
| 4. | धरोहर राशि (जो कि ऑनलाइन जमा की जानी है) | रु. 24,53,600/– |
| 5. | ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा दस्तावेज 11:30 बजे दिनांक 10.12.2024 से 03.01.2025 तक आईआरईपीएस की वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। |
| 6. | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | 03.01.2025 को 11:30 बजे तक निविदाकर्ता द्वारा 20.12.2024 से 03.01.2025 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है। |
| 7 | ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11:30 बजे दिनांक 03.01.2025 को खोली जाएंगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है |

No-533-Acs/Misc/BWSN/CSB Dated- -12.2024 3777/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर मध्य रेलवे**
ई-निविदा सूचना संख्याः झाँसी-इन्जी0-सी-2024-199 दिनांकः 04.12.2024
**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।
**कार्य का नामः** बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी सेक्शन - प्रोपोजड कवर ओवर ऑफ़ एप्रोच रोड एट एलएचएस नबर 353 एंड 366 अंडर एडीईएन/ललितपुर ज्यूरिस्डिक्शन।
**अनुमानित लागत (रू)ः** ₹26403312.56 **अमानत राशिः** ₹ 282000.00
**निविदा बन्द होने की तिथि: 03.01.2025 at 15:00 hrs.**
**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 08 माह
- निविदा **दिनांक 03.01.2025** को **15.00 बजे** तक आनलाईन जमा कर सकेगें।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **2084/24(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# नोएडा में किसानों की जमीन का सर्वे शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा।** किसान की जमीन का चिह्नांकन करने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने गांव-गांव सर्वे शुरू करा दिया है। सर्वे में इस बात का जिक्र अनिवार्य रूप से शामिल होगा कि किन-किन किसानों का किस-किस खसरा नंबर पर कितनी जमीन प्राधिकरण ने अब तक अधिग्रहित की है। उसका कितना मुआवजा बना, किस-किस को दिया गया। मुआवजा के आधार पर कितने किसानों का पांच प्रतिशत विकसित भूखंड बना, कितनों को दिया गया, कितने किसानों का पांच प्रतिशत भूखंड दिया जाना शेष है, जिन्हें यह नहीं दिया गया, उसका कारण क्या रहा।

**अधिसूचित क्षेत्र से प्राधिकरण के खाते में आएगी जमीन**

यदि निस्तारण नहीं हुआ तो उसका कारण क्या रहा, उस जमीन की वास्तविक स्थिति क्या है। सर्वे पूरा होने के बाद यह पूरी तरह से स्पष्ट हो जाएगा कि प्राधिकरण को कितने किसानों का काम करना है, निस्तारण के बाद कितनी जमीन अधिसूचित क्षेत्र से प्राधिकरण के खाते में आ सकती है।

**किसानों को बरगलाकर डेवलपर को जमीन दिलावा रहे किसान नेता**

बता दें कि नोएडा प्राधिकरण अब पूरी तरह से किसानों के हित में गांव-गांव विनियमितिकरण कर आबादी निस्तारण, पांच प्रतिशत विकसित भूखंड, अदालत के आदेश पर पांच प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा देने का निर्णय कर चुका है। किसानों को उनका हक देकर लाभांवित करना चाहता है, लेकिन कुछ तथा कथित किसान नेता किसानों को बरगलाकर प्राधिकरण की जगह डेवलपर को जमीन दिलावा रहे हैं, जिससे नियोजित शहर की सूरत बिगड़ रही है।

**इन गांवों में शुरू हुआ जमीन सर्वे का काम**

जब भी कोई कार्रवाई प्राधिकरण अधिकारियों की ओर से की जाती है, उनके साथ उनका सीधा टकराव होता है। अब प्राधिकरण किसानों मसलों को हल करने के बाद अधिसूचित क्षेत्र की बाकी जमीन पर कब्जा लेगा, इसके लिए बरौला, हाजीपुर, सोहरखा, भंगेल, सलारपुर, सदरपुर, गढ़ी शहदरा, गेझा तिलपताबाद, याकूबपुर, नया गांव, बदौली, मंगरौली, गुलावली, झट्टा, सफीपुर, नंगलीवाजिदपुर समेत तमाम गांव है, जहां तेजी से प्राधिकरण की ओर से काम किया जा रहा है। प्राधिकरण ने आबादी निस्तारण के लिए गेझा तिलपताबाद, याकूबपुर, मंगरौली में विनियमितिकरण के सर्वे का काम पूरा कर लिया है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**धारा 84 BNSS देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **साहिब अली पुत्र** कुर्बान अली **निवासी:** मकान नं. बी–412, गली नं0 21, भजनपुरा, दिल्ली–53 **यहां भी:** मकान नं0 बी–93, गली नं0–5, भजनपुरा, दिल्ली, ने **FIR No. 453/24, U/S 103(1)/249(a)/238/3(5) BNS, पुलिस स्टेशन भजनपुरा, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **साहिब अली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **साहिब अली** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 453/24, U/S 103(1)/249(a)/238/3(5) BNS, पुलिस स्टेशन भजनपुरा, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **साहिब अली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.02.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।
आदेशानुसार
श्री पंकज राय
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01,
कमरा नं0–73, पांचवा तल, उत्तर–पूर्वी जिला,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/16064/NE/2024
(Court Matter)



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संजय कुमार** पुत्र रामानुज सिन्हा निवासी मकान नं. सी–237, द्वितीय तल, टैगोर गार्डन, नई दिल्ली, स्थाई पताः पश्चिमी लोहानीपुर, कदमकुआं, पटना, बिहार ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 269/2022 धारा 420 भा.द.स., थाना सरिता विहार, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **संजय कुमार** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **संजय कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 269/2022 धारा 420 भा.द.स., थाना सरिता विहार, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **संजय कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **03.02.2025** को हाजिर हो। **आदेशानुसारः श्री अरिदमन सिंह चीमा**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05,
कमरा नं. 510,
साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली
DP/16150/SE/2024


# आंध्र प्रदेश से चोरी छुपे गांजा लाकर लोनी में बेचने वाले भाई बहन काबू



**टीम एक्शन इंडिया**
**लोनी (गाजियाबाद) :** गाजियाबाद के लोनी में पुलिस ने चेकिंग के दौरान आंध्र प्रदेश से चोरी छुपे गांजा लाकर लोनी में बेचने वाले भाई और उसकी बहन को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से पुलिस ने करीब 19 किलो गांजा बरामद किया है। दोनों अपने परिजनों के साथ मिलकर नशे का कारोबार करते हैं। एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शाहिद और आफरीन बताया है। पूछताछ में शाहिद ने बताया कि आफरीन उसके मामा असगर की लड़की है, उसकी मामी नौशाद बानो उर्फ असगरी व मामा असगर उससे गांजा आर्डर पर मंगाते हैं। वह आन्ध्र प्रदेश से ट्रकों के माध्यम से गांजा लाकर अपने मामा व मामी को देता था। मामा व मामी इसके बदले में रुपये देते थे।


# एक्शन इंडिया
**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**
**संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708
**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश**
9815119633, 9855577523
**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731
**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेदार होगा। मेरी या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2, पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरी या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरी या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगे। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।




# सीएम ने दिए दिल्ली में दिए फॉयर ऑडिट करने के निर्देश

## उचित निकासी न होने के कारण पहले ही एमसीडी और फायर डिपार्टमेंट ने रेस्टोरेंट का एनओसी कैंसिल कर इसे बंद करने के आदेश दिए थे

**सेफ्टी फर्स्ट**

**▸▸ दिल्ली के राजौरी गार्डन के जंगल जम्बूरी नामक जिस रेस्तरां में सोमवार को आग लग गई थी**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के राजौरी गार्डन के जंगल जम्बूरी नामक जिस रेस्तरां में सोमवार को आग लग गई थी, मुख्यमंत्री आतिशी ने मंगलवार को वहां का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि ऐसी घटनाएं न दोहराई जाएं, इसके लिए फायर डिपार्टमेंट को पूरी दिल्ली में फायर सेफ्टी ऑडिट के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया, "राजौरी गार्डन में कल जंगल जम्बूरी नामक एक रेस्तरां में आग लग गई। इसके एक मंजिल ऊपर एक कोचिंग सेंटर है और हम सभी ने वीडियो देखा कि कैसे लोग आग से बचने के लिए इमारत से कूद रहे थे। जैसे ही आग लगी मौके पर पहुंची 11 दमकल की गाड़ियों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, किसी के भी हताहत होने की खबर नही, कोचिंग सेंटर से कूदने की कोशिश में एक महिला के पैर में फ्रैक्चर हो गया। इसकी फायर एनओसी रेस्तरां को दिल्ली अग्निशमन विभाग ने रद्द कर दिया है इसका अग्नि निकास बंद कर दिया गया है।"

आतिशी ने कहा कि उचित निकासी न होने के कारण पहले ही दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और फायर डिपार्टमेंट ने रेस्टोरेंट का अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) कैंसिल कर इसे बंद करने के आदेश दिए थे। फिर भी आग लगने की घटना क्यों हुई, इसकी पुलिस जांच कर रही है। जो भी इसके लिए दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सिसोदिया ने अंगूरी देवी मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ कर चुनाव प्रचार का किया आगाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आआपा) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को किलोकरी स्थित अंगूरी देवी मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ कर जंगपुरा विधानसभा में चुनाव प्रचार का आगाज किया। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग जब वोट मांगने जाते हैं तो जनता केजरीवाल के बनाए शानदार स्कूल और बिजली के जीरो बिल दिखाकर कहती है कि हम आपको क्यों वोट दें ? साथ ही, यह भी पूछती हैं कि दिल्ली में कानून व्यवस्था इतनी खराब क्यों है, हर तरफ दहशत का माहौल क्यों है? तो उनके पास कोई जवाब नहीं होता है। सिसोदिया ने कहा कि एक शिक्षा मंत्री और उप-मुख्यमंत्री के तौर पर पूरी दिल्ली का प्यार मुझे मिला है। अरविंद केजरीवाल को पूरी दिल्ली का प्यार मिला है। चुनाव कहां से लड़ते हैं, यह मायने नहीं रखता है।

मैं जब पटपड़गंज से विधायक और दिल्ली का उपमुख्यमंत्री था, तब भी जंगपुरा के लिए खूब काम किया। जंगपुरा में जितने स्कूल बने, मैंने खुद खड़े होकर बनवाए। आज जंगपुरा के लोग मुझे विधायक के रूप में चुनेंगे फिर भी पूरी दिल्ली के लिए काम होगा और पूरी दिल्ली के लिए ही काम होना है। उसमें कोई फर्क नहीं पड़ता है।

# बांसुरी के खिलाफ जैन के मानहानि मामले पर फैसला सुरक्षित



**सुनवाई**

**▸▸ मजिस्ट्रेट नेता मित्तल ने संज्ञान लेने के मामले पर 16 दिसंबर को फैसला सुनाने का आदेश दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामले पर संज्ञान लेने के मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट नेता मित्तल ने संज्ञान लेने के मामले पर 16 दिसंबर को फैसला सुनाने का आदेश दिया। सत्येंद्र जैन ने याचिका दायर कर कहा है कि बांसुरी स्वराज के बयान ने उनकी छवि को खराब करने की कोशिश की है। सत्येंद्र जैन ने कहा है कि बांसुरी स्वराज ने कहा था कि उनके घर से तीन करोड़ रुपये और 1.8 किलोग्राम सोना औ? 133 सोने के सिक्के बरामद किये गए थे। याचिका में कहा गया है कि बांसुरी स्वराज ने 5 अक्टूबर, 2023 को टीवी चैनल पर प्रसारित एक इंटरव्यू में उनकी छवि खराब करने वाले बयान दिए थे।

# एक पल में टूटा इंजीनियर बनाने का सपना



**दुखद**

**▸▸ अखबार बेच भरी कॉलेज की फीस; जवान बेटे का शव देख बदहवास हुआ पिता**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** **हर्ष मेरा इकलौता** बेटा था। पढ़ने में काफी तेज था। उसे पढ़ा-लिखाकर इंजीनियर बनना देखना चाहते थे। इसके लिए वह दिन रात मेहनत-मजदूरी करते थे। सुबह अखबार बेचते थे, जिसके बाद मजदूरी कर हर्ष की पढ़ाई के लिए फीस का इंतजाम करते थे। इस उम्मीद के साथ कि एक दिन मेरा बेटा इंजीनियर बनेगा, सारी मुश्किलें दूर हो जाएंगी। शायद कुदरत को यह मंजूर नहीं था। यह कहते हुए हर्ष के पिता अजय फफक-फफक कर रोने लगते हैं। अंबेडकर अस्पताल के शव गृह के बाहर खड़े अजय के आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहा था। जैसे ही उनके बेटे का शव शव गृह से बाहर निकला। शव को सीने से लगाकर रोने लगते हैं। अजय ने बताया कि परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटी है। हर्ष से काफी उम्मीदें थी। हमारे बुढ़ापे का सहारा था। हादसे से कुछ घंटे पहले ही हर्ष का फोन आया था। उसने कहा था कि जल्द ही परीक्षा खत्म होते ही वह घर आएगा। इससे पहले दीपावली पर वह घर आया था। हम सभी के साथ सात दिन बिताए भी थे। डीटीयू में बीटेक में एडमिशन मिलने से हर्ष काफी खुश भी था। अजय आगे बताते हैं कि फोन पर बेटे से बात करके ही कुछ ही घंटे सोया था कि पुलिस ने फोन पर बेटे के सड़क हादसे की जानकारी दी।

# दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को ओवैसी ने दिया टिकट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में अगले साल फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टियों ने अपने-अपने उम्मीदवारों की घोषणा करना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को चुनावी मैदान में उतारा है। असदुद्दीन ओवैसी ने ताहिर हुसैन को मुस्तफाबाद सीट से टिकट दिया है। ताहिर हुसैन के परिवार ने मंगलवार को ओवैसी से मुलाकात भी की है।

# आआपा और उनके विधायकों के खिलाफ भाजपा ने चार्जशीट जारी की: विजेंद्र



**कुशासन**

**▸▸ मादीपुर, बुराड़ी, मॉडल टाउन, मालवीय नगर, आरके पुरम, नरेला और मोती नगर विधानसभा शामिल है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा की आरोप पत्र समिति के संयोजक विजेंद्र गुप्ता ने आज समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति में दिल्ली की 10 विधानसभा क्षेत्रों की चार्जशीट जारी की। इनमें मादीपुर, बुराड़ी, मॉडल टाउन, मुंडका, कालकाजी, गोकुलपुर, मालवीय नगर, आरके पुरम, नरेला और मोती नगर विधानसभा शामिल हैं। इस अवसर पर विजेंद्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी (आआपा) के कुशासन के खिलाफ चार्जशीट की नई टैगलाइन ह्यदिल्ली सरकार हुई कंगाल, आआपा विधायक मालामाल, शीश महल में केजरीवाल भी जारी की। दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में चार्जशीट जारी करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि दिल्ली भाजपा की ओर से दिल्ली की सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी द्वारा विशेष सर्वे किया गया, क्षेत्रीय लोगों से बातचीत की गई, क्षेत्र की समस्याओं का अध्ययन किया गया और क्षेत्रीय विधायक के बारे में लोगों की रायशुमारी के बाद सभी 70 विधानसभाओं की चार्जशीट बनाई जा रही है, जिन्हें बारी-बारी से जनता के सामने जारी किया जाएगा। तैयार की गई इन्हीं 70 विधानसभाओं की चार्जशीटों में से 10 विधानसभाओं की चार्जशीट आज गुप्ता ने जारी की। इस संवाददाता सम्मेलन में आरोप पत्र समिति के संयोजक विजेंद्र गुप्ता के साथ रमेश बिधूड़ी, आरपी सिंह, कपिल मिश्रा, राजा इकबाल सिंह, ऋचा पांडे मिश्रा, आरती मेहरा, गुलशन विरमानी और सुनीता कांगरा भी उपस्थित रहे । विजेंद्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी जनता के सवालों का सामना नहीं कर पा रही है। भ्रष्टाचार के आरोपों में चारों ओर से घिर चुकी आम आदमी पार्टी के नेता इतना घबरा चुके हैं कि बौखलाहट के चलते अपने ही विधायकों पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं और इसीलिए उनकी टिकट काटकर दूसरे नेताओं को दे रहे हैं।

गुप्ता ने कहा कि 62 सीटों वाली आम आदमी पार्टी ने अब तक 31 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं। गुप्ता ने आरोप लगाया कि मौजूदा विधायकों ने अपने क्षेत्र में कोई काम नहीं किया, क्षेत्र की जनता से भागते रहे, अपने निर्वाचन क्षेत्र से गायब रहे और इसीलिए पार्टी की नजर में ये सभी नाकारा और नाकाम साबित हो चुके हैं।

# अंडरवियर में छिपा रखा था सोना, कस्टम ने पकड़ा



**शिकंजा**

**▸▸ आरोपी अंडरवियर में दो किलो 700 ग्राम से ज्यादा सोना पेस्ट के रूप में लेकर आया था**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दुबई से सोना लेकर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (आईजीआई हवाई अड्डा) पर पहुंचे युवक को कस्टम विभागने पकड़ा है। आरोपी भारत का रहने वाला है और वह अंडरवियर में दो किलो 700 ग्राम से ज्यादा सोना पेस्ट के रूप में लेकर आया था।

**पुलिस ने किया गिरफ्तार**

इस सोने की कीमत करीब एक करोड़ 81 लाख 35 हजार रुपये है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

**पहनकर आया था अंडरवियर**

कस्टम अधिकारी ने बताया कि दुबई की उड़ान में आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल तीन पर एक भारतीय युवक पहुंचा था। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके अंडरवियर से दो पाउच बरामद हुए।

**पेस्ट के रूप में भरा था सोना**

पुलिस को शक था कि इन पाउच में सोने का पेस्ट है। जब पाउच को खोलकर देखा गया तो उससे पेस्ट के रूप में सोना बरामद हुआ। इस पेस्ट में चार सोने के टुकड़े भी बरामद हुए। दो किलो 723 ग्राम सोने की कीमक करीब एक करोड़ 81 लाख 35 हजार रुपये है।

# धड़ाधड़ चालान काट रही ट्रैफिक पुलिस

**सख्ती**

**▸▸ ग्रेप की पाबंदियों के बीच 260 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया**

**▸▸ 10 हजार रुपये लगता है जुर्माना**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के स्तर ने लोगों को परेशानी में डाल रखा था। हालांकि ठंड बढ़ने के साथ हवा में थोड़ा सुधार हो गया है। प्रदूषण के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। ताजा जानकारी के मुताबिक, ट्रैफिक पुलिस ने केवल 50 दिनों में ही दिल्ली में बिना प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) के गाड़ी चलाने वाले 2.6 लाख से अधिक वाहनों के चालान काटे हैं, जिन पर 260 करोड़ रुपये से अधिक का जुमार्ना लगाया गया है। यह कार्रवाई ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के तहत लागू की गई थी।

**पीयूसी न होने पर लगता है 10 हजार रुपये का जुर्माना**

यातायात पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 16 अक्टूबर से 6 दिसंबर के बीच ट्रैफिक पुलिस ने ग्रेप के सभी चार चरणों में 260,258 चालान जारी किए। इनमें 16 अक्टूबर से 22 अक्टूबर के बीच ग्रेप 1 में कुल 12,756 चालान लगाए गए, 22 अक्टूबर से 14 नवंबर के बीच ग्रेप 2 में 1,11,235 चालान, 15 नवंबर से 17 नवंबर के बीच ग्रेप 3 में 13,938 चालान कि गए। वहीं, 18 नवंबर से 5 दिसंबर के बीच ग्रेप 4 में 1,14,089 चालान काटे गए।

# दिल्ली की मुस्तफाबाद सीट से ओवैसी का दांव बढ़ाएगा आप की टेंशन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** 2025 राजधानी दिल्ली में अगले साल फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। जहां सोमवार (9 दिसंबर) को आम आदमी पार्टी ने अपने 20 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की तो वहीं मंगलवार को असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने मुस्तफाबाद सीट पर बड़ा दांव चल दिया है।

**दिल्ली दंगों का आरोपी है ताहिर हुसैन**

असदुद्दीन ओवैसी ने मुस्तफाबाद सीट से दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को चुनावी मैदान में उतारा है। अब दिल्ली की मुस्तफाबाद सीट पर मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया है। क्योंकि फिर से मुस्तफाबाद सीट पर 2015 वाला ही समीकरण बनता दिख रहा है। 2015 के विधानसभा चुनाव में भी मुस्लिम बंट गए थे, जिसका सीधा फायदा बीजेपी को मिला था।

**मुस्तफाबाद सीट पर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या ज्यादा**



बताया गया कि मुस्तफाबाद विधानसभा सीट पर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। एआईएमआईएम पार्टी से ताहिर हुसैन के मैदान में आने से मुस्लिम वोट बंटने की उम्मीद है। वर्ष 2015 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने इस सीट से जगदीश प्रधान को उतारा था।

**2015 के चुनाव में बीजेपी को हुआ था फायदा**

वहीं, मुस्लिम वोटों के बंटने से बीजेपी को फायदा हुआ था और जगदीश प्रधान विधायक बन गए थे। अगर इस बार भी मुस्लिम वोट बंटे तो भाजपा का इस सीट पर रास्ता साफ है। आम आदमी पार्टी ने इस सीट से आदिल खान को मैदान में उतारा है।

**ओवैसी ने बढ़ाई आप की टेंशन**

ताहिर हुसैन के चुनावी मैदान में उतरने से मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र का चुनाव रोचक हो गया है। ओवैसी ने ताहिर हुसैन को प्रत्याशी बनाकर एक बड़ा कार्ड खेला है। ताहिर के मैदान में आने के बाद यहां आम आदमी पार्टी में बेचेनी बड़ गई है। ताहिर नेहरू विहार से आम आदमी पार्टी से पार्षद रहा है। बताया गया कि वर्ष 2020 में दिल्ली दंगों में नाम सामने आने पर आप ने ताहिर को पार्टी से निकाल दिया था। ताहिर वर्ष 2020 से ही जेल में बंद है। उस पर यूएपीए, दंगे की साजिश समेत कई धाराओं में 11 केस केस दर्ज हैं।



# राज्यसभा के लिए रेखा शर्मा ने दाखिल किया नामांकन

## कांग्रेस व अन्य दल किसानों के नाम पर राजनीति ढूंढ रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण: सीएम नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़: हरियाणा में** राज्यसभा (रास) सीट के उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी रेखा शर्मा ने अपना नामांकन हरियाणा विधानसभा में दाखिल किया। उन्होंने अपना नामांकन रिटर्निंग अधिकारी अशोक कुमार मीणा को सौंपा। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, राव नरबीर सिंह, महीपाल ढांडा, विपुल गोयल, श्याम सिंह राणा, कृष्ण कुमार बेदी, श्रीमती श्रुति चौधरी, कुमारी आरती सिंह राव, राज्य मंत्री राजेश नागर और गौरव गौतम सहित विधायकगण और भाजपा नेता उपस्थित थे। नामांकन प्रक्रिया के उपरांत पत्रकारों से



बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार के विधायक चुने जाने के बाद यह सीट खाली हुई थी, जिसके लिए आज श्रीमती रेखा शर्मा ने अपना नामांकन दाखिल किया है। उन्होंने श्रीमती रेखा शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि वे पार्टी की बहुत सीनियर नेता है और वह लंबे समय से धरातल पर पार्टी को मजबूत करने का काम करती रही हैं। पूर्व में वे महिला आयोग की चेयरपर्सन भी रही हैं। मुख्यमंत्री ने भाजपा की सक्रिय कार्यकर्ता को राज्यसभा में भेजने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी

**रास चुनाव**

**रेखा शर्मा का चुना जाना तय, विधानसभा में भाजपा का बहुमत, तीन निर्दलीय भी साथ**

नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि श्रीमती रेखा शर्मा राज्यसभा में हरियाणा का पक्ष मजबूती से रखेंगी, जिसका हरियाणा को बहुत लाभ मिलेगा।


**प्रधानमंत्री लगातार महिलाओं को सशक्त करने का कर रहे काम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार महिलाओं को सशक्त करने के लिए काम कर रहे हैं, नई योजनाएं और नीतियां बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सोमवार को ही प्रधानमंत्री ने पानीपत से बीमा सखी योजना की शुरुआत की है, जिसका महिलाओं को बहुत लाभ मिलेगा। इस योजना से महिलाओं को रोजगार मिलेगा, वे और सशक्त व आत्मनिर्भर बनेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर किये जा रहे कार्यों की बदौलत ही भाजपा को महिलाओं का सहयोग और समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में डबल इंजन की सरकार भी महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं चला रही है।

# सरकार ना गरीबों को समय पर राशन दे पा रही, ना डिपो धारकों को कमिशन: हुड्डा

**साधा निशाना**

**डिपो धारकों को पिछले 9 महीने से कमिशन ही नहीं मिल पा रहा है: पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि बीजेपी सरकार ना गरीबों को समय पर राशन दे पा रही है और ना ही डिपो धारकों को कमिशन दे रही है। डिपो धारकों को पिछले 9 महीने से कमिशन ही नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में उनके परिवार की रोजी रोटी पर संकट छा गया है। आलम यह है कि सरकार ने सितंबर महीने का बाजरा कई जगह देरी से आवंटित किया। यहां तक कि खबर है कि सितंबर माह का बाजरा 12 अक्टूबर तक बंटवाया गया। सरकार द्वारा अक्सर सरसों तेल बंटवाने में भी देरी की जाती है। कभी 2 तो कभी 3 महीने देरी से गरीबों को तेल मिल पाता है। हुड्डा ने कह कि बीजेपी ने चुनावी लाभ लेने के लिए बीपीएल राशन कार्ड बनाने में जमकर फर्जीवाड़ा किया। अब इसका खामियाजा पात्र गरीबों को भुगतना पड़ रहा है और उन्हें समय पर राशन नहीं मिल पा रा है। हैरानी की बात है कि अब चुनाव के बाद सरकार कह रही है कि वो इतने राशनकार्ड कैसे बने, इसकी जांच करवाएगी। क्या सरकार को पता नहीं है कि उसने ही हरियाणा की जनता के गले में फैमिली आईडी नाम का सांप डाला है। उसी के आधार पर बीपीएल राशन कार्ड बने हैं। यानी जो भी गड़बड़झाला हुआ है, वह खुद सरकार ने किया है। अब सरकार किस मुंह से जांच की बात कह रही है? भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पहले बीजेपी सरकार ने फैमिली आईडी के नाम पर लाखों जरूरतमंदों के राशन कार्ड काटे और गरीबों को दाने-दाने का मोहताज कर दिया। बहरहाल इसका निचोड़ निकला कि हरियाणा की 70 फीसदी से ज्यादा आबादी गरीबी रेखा से नीचे आ गई। यानी हरियाणा देश के सबसे गरीब राज्यों की कतार में खड़ा हो गया।

# प्रदूषण से प्रभावित श्रमिकों के लिए बड़ी राहत



**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा सरकार के श्रम विभाग द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए आर्थिक सहायता योजना शुरू की गई है। प्रदूषण के कारण निर्माण गतिविधियां बंद होने से प्रभावित निर्माण श्रमिकों को सरकार द्वारा प्रति सप्ताह 2,539 रुपए का निर्वाह भत्ता प्रदान किया जा रहा है। हरियाणा के श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है और उनके हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया 1,75,116 से अधिक निर्माण श्रमिक इस आर्थिक सहायता योजना का लाभ उठा चुके हैं। यह सहायता राशि सीधे प्रभावित श्रमिकों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से प्रदान की जा रही है। श्रम मंत्री ने सभी पात्र निर्माण श्रमिकों से अपील की है कि वे

**निर्वाह**

**निर्माण गतिविधियां बंद होने से प्रभावित निर्माण श्रमिकों को प्रति सप्ताह 2,539 रुपए का निर्वाह भत्ता प्रदान किया जा रहा**

इस योजना का लाभ लेने के लिए जल्द से जल्द आवेदन करें और इस योजना का लाभ उठाएं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 दिसंबर, 2024, शाम 5:00 बजे तक है। आवेदन प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए बोर्ड की वेबसाइट पर या फिर नजदीकी हेल्पडेस्क पर जाकर भी आवेदन किया जा सकता है। यह योजना उन सभी श्रमिकों के लिए एक बड़ी राहत है, जो प्रदूषण के कारण बेरोजगार हो गए हैं। इस योजना से उन्हें आर्थिक रूप से मदद मिलेगी और वे अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकेंगे।

# सुरेंद्र अहलावत आम आदमी पार्टी में शामिल

**दामन थामा**

**बसपा के वरिष्ठ नेता डॉ. नरेंद्र जेसिया समेत विभिन्न पार्टियों के नेताओं ने थामा आप का दामन**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने प्रेसवार्ता कर कपड़े पर जीएसटी के मुद्दे पर बीजेपी सरकार को घेरा। इस दौरान उनके साथ यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष विकास नेहरा और अंबाला लोकसभा अध्यक्ष सुरेन्द्र राठी मौजूद रहे। इसके बाद डॉ. सुशील गुप्ता के नेतृत्व में सर्वजातीय जनपंचायत संगठन के अध्यक्ष सुरेंद्र अहलावत अपने समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। सुरेन्द्र अहलावत पेशे से एडवोकेट हैं व पानीपत बार एसोसिएशन के पूर्व में सेक्रेटरी रह चुके हैं। सन 2000 में समालखा विधानसभा से निर्दलीय (पंचायती) उम्मीदवार के तौर पर मजबूत चुनाव लड़ा और 18000 के लगभग वोट ली। उसके पश्चात हरियाणा विकास पार्टी के पानीपत के जिला अध्यक्ष रहे।

डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि हरियाणा विकास पार्टी के विलय के बाद सुरेन्द्र अहलावत भारतीय जनता पार्टी के अनेक पदों पर कार्य कर चुके हैं। इसके अलावा बसपा के वरिष्ठ नेता डॉ. नरेंद्र जेसिया, पानीपत शहर के प्रमुख आरटीआई एक्टिविस्ट और पूर्व में बीजेपी आईटी सेल के प्रदेश सह प्रमुख रह चुके अजय सिंगला, सर्वजातीय जन पंचायत के पानीपत ग्रामीण अध्यक्ष व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि जसबीर कादयान, बीजेपी के पूर्व मंडल अध्यक्ष अंग्रेज मलिक, मनीष मराठा और सुमेर सिंह रोड ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा। उन्होंने कहा कि बीजेपी देश के व्यापार को बर्बाद करना चाहती है।

# सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव 19 जनवरी को होंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रथम आम चुनाव के लिए शेड्यूल जारी कर दिया गया है। सभी 40 वार्डों के आम चुनाव 19 जनवरी 2025 को होंगे। इस बारे में जानकारी देते हुए गुरुद्वारा चुनावों के आयुक्त जस्टिस एच.एस भल्ला ने बताया कि नामांकन आमंत्रित करने के लिए रिटर्निंग अधिकारी द्वारा 18 दिसंबर 2024 को सूचना प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद 20 दिसंबर से लेकर 28 दिसंबर 2024 तक नामांकन भरे जाएंगे। तत्पश्चात 30 दिसंबर को छंटनी की जाएगी और 2 जनवरी 2025 को दोपहर बाद 3 बजे तक वापस लिए जा सकते हैं। फिर 3 बजे के बाद उसी दिन सिम्बल अलॉट कर दिए जाएंगे। आवश्यक हुआ तो 19 जनवरी 2025 को हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव सुबह 8 बजे से लेकर सायं 5 बजे तक करवाए जाएंगे।

**शेड्यूल**

**नामांकन आमंत्रित करने के लिए रिटर्निंग अधिकारी द्वारा 18 दिसंबर 2024 को सूचना प्रकाशित की जाएगी**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में नई दिल्ली में हरियाणा एयरपोर्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी और यूएस ट्रेड एंड डेवलपमेंट एजेंसी के बीच हुए समझौता ज्ञापन का आदान प्रदान करते नागरिक उड्डयन विभाग के सलाहकार, डॉ. नरहरि सिंह बांगड़ और भारत में संयुक्त राज्य अमेरिका के राजदूत, एरिक गार्सेटी। साथ में हैं मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर और यूएसटीडीए की वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रतिनिधि-दक्षिण एशिया, हिंद-प्रशांत क्षेत्र, मेहनाज अंसारी।

# संतों ने मंदिरों के प्रति युवाओं की आस्था फिर से बने, जैसे विषयों पर सुझाव दिए

**गीता श्लोक**

**बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा के लिए गीता जयंती दिवस पर गीता श्लोकों को समर्पित किया जाएगा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र शेखावत ने कहा कि भारत की पौराणिक संस्कृति, संस्कारों और विचारों को फिर से पुनर्जीवित करने के लिए देश में केवल कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर ही अपार संभावनाएं है। इस विषय को लेकर कुरुक्षेत्र की पावन धरा से पूरे विश्व को आस्था के साथ-साथ ऐतिहासिक और वैज्ञानिक दृष्टि से भी समझाया जा सकता है। इसलिए देश की भावी पीढ़ी को आस्था के साथ जोड़ने के लिए देश के सभी संतों और विद्वानों को बार-बार एक मंच पर बैठकर मंथन करना होगा। गजेंद्र शेखावत आज गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के प्रयासों से और केडीबी के तत्वाधान में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के पावन पर्व पर आयोजित पहले अखिल भारतीय देवस्थानम सम्मेलन में बोल रहे थे।
इस दौरान मंच पर उपस्थित सभी संत जनों ने संकल्प भी लिया कि बांग्लादेश में हिंदुओं और मंदिरों की रक्षा के लिए गीता जयंती दिवस पर गीता श्लोकों को समर्पित किया जाएगा। इस दौरान देश के 35 धामों से आए संतों ने अपने परिचय देने के साथ-साथ मंदिरों के प्रति युवाओं की आस्था फिर से बने, जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। केंद्रीय मंत्री ने गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा से स्वामी ज्ञानानंद महाराज की सोच के कारण देश के सभी प्रमुख धामों के संत और संचालक एक मंच पर एकत्रित हुए है। देश में शायद पहली बार संतों के अनूठे संगम को देखने का अवसर मिला है। यह अवसर कुरुक्षेत्र के अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के पावन अवसर पर देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि मंदिर केवल पूजा व अर्चना करने के स्थान मात्र नहीं है, अपितु सेवा, सद्भावना, स्वच्छता, संवेदनशीलता और भारत सरकार के प्रयासों से सशक्तिकरण का केंद्र भी है। इस देश में समय के परिवर्तन के साथ संतों ने विचार व्यक्त किए कि मंदिरों से युवा पीढ़ी विमुख हो रही है। इसके कारणों पर मंथन करने और युवाओं को सही राह पर लाने की शुरुआत इस सम्मेलन से हो चुकी है। यह सुझाव धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की पावन धरा से उद्गम हुए हैं और आने वाले समय में सार्थक परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं और मंदिरों की सुरक्षा करना बहुत जरूरी है। इसके लिए सामूहिक भूमिका अहम योगदान

# आप की कपड़े पर जीएसटी बढ़ाने का प्रस्ताव वापस लेने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** आम आदमी पार्टी की ओर से मंगलवार को यहां मांग की गई कि देश
में कपड़े पर जी एस टी बारह फीसदी से बढ़ाकर 18 से28 फीसदी तक करने का प्रस्ताव वापस लिया जाए। पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ सुशील गुप्ता ने यह मांग करते हुए कहा कि पहले कपड़े पर जी एस टी पांच फीसदी लगाया गया और फिर 18जुलाई 2022 को इसे बढ़ाकर 12फीसदी कर दिया गया।अब कपड़े पर जी एस टी 18से28फीसदी तक करने का प्रस्ताव है।कपड़े पर जी एस टी बढ़ाने के इस रुख देश का कपड़ा





उद्योग तबाह हो रहा है।उन्होंने इस बात से इनकार किया कि विधानसभा चुनाव में हरियाणा में कांग्रेस के साथ गठबंधन न हो पाने का कारण आम आदमी पार्टी की ओर से अधिक सीटों की मांग थी।क्या आगे फिर कांग्रेस के साथ गठबंधन की संभावनाएं है,गुप्ता ने कहा कि यह पार्टी नेतृत्व पर निर्भर है।

डॉ गुप्ता ने यहां मीडिया से बातचीत में कहा कि जी एस टी में बढ़ोतरी से देश में कपड़े का उत्पादन घट रहा है और चीन एवं बांग्लादेश से आयात बढ़ रहा है।उन्होंने कहा कि पहले दाल,चावल और कपड़े पर कोई कर नहीं था।बाद में इन वस्तुओं पर

**विरोध**

**हरियाणा में कांग्रेस से गठबंधन न होने का कारण अधिक सीटों की मांग नहीं था: सुशील गुप्ता**

पांच फीसदी टैक्स लगाया गया। 2022 को आटा, दाल,चावल पर जी एस टी लगाया और कपड़े पर जी एस टी 12, फीसदी कर दिया।अब जी एस टी कौंसिल को कपड़े पर जी एस टी 18से28 फीसदी तक करने का प्रस्ताव भेजने की तैयारी है। इस तरह टैक्स बढ़ोतरी से देश का टेक्सटाइल उद्योग तबाह हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि व्यापार के लिए अनुकूलताए न होने के कारण करीब बीस लाख लोग देश छोड़ गए। सरकार इन्हें प्रोत्साहन देकर वापस बुलाए।
यह सरकार देश के कपड़ा उद्योग को बंद करके आयात को बढ़ावा देना चाहती है। इस मौके पर सर्व जातीय जन पंचायत के अध्यक्ष सुरेन्द्र अहलावत अपने साथियों के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। डॉ सुशील गुप्ता ने सभी को पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया।गुप्ता ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद आम आदमी पार्टी हरियाणा के मुद्दों पर काम करेगी।

# सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत एचएसआईआईडीसी की तीन नई सेवाएं अधिसूचित

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा सरकार द्वारा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के तहत हरियाणा राज्य औद्योगिक और अवसंरचना विकास निगम की तीन नई सेवाएं अधिसूचित की गई हैं। डी-मॉर्गिज हेतु अनुमति जारी करने के लिए दो दिन की समय-सीमा निर्धारित की गई है। इसी तरह, अंतरिम हस्तांतरण पत्र (पी.टी.एल.) 45 दिन तथा अन्तिम हस्तांतरण पत्र (एफ.टी.एल.) 7 दिन के अन्दर जारी करना होगा। मुख्य सचिव

**समयसीमा**

**डी-मॉर्गेज हेतु अनुमति जारी करने के लिए दो दिन की समय-सीमा निर्धारित की गई है**

डॉ. विवेक जोशी द्वारा इस आशय की एक अधिसूचना जारी की गई है।
अब मॉर्गेज हेतु अनुमति दो दिन के अन्दर जारी करनी होगी। संरचना में परिवर्तन के लिए 15 दिन तथा प्लॉट द्विभाजन के लिए 40 दिन की समय-सीमा निर्धारित की गई है। प्लॉट द्विभाजन को छोड़कर इन सभी सेवाओं के लिए सम्पदा अधिकारी को पदनामित अधिकारी बनाया गया है। प्लॉट द्विभाजन के लिए उप महाप्रबंधक/सहायक महाप्रबंधक (सम्पदा) को पदनामित अधिकारी बनाया गया है। इन सेवाओं के लिए विभागाध्यक्ष (सम्पदा) प्रथम शिकायत निवारण अधिकारी और प्रबंध निदेशक को द्वितीय शिकायत निवारण अधिकारी होंगे।

# 'हर घर-हर गृहिणी' योजना लेकर आई महिला सशक्तिकरण का पैगाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से चलाई गई 'हर गृह - हर गृहणी' योजना खाना पकाने के लिए स्वच्छ और सुरक्षित समाधान प्रदान कर रही है। इस योजना ने राज्य की महिलाओं के मुख पर मुस्कान बिखेर दी है। राज्य की महिलाएं आधिकारिक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के माध्यम से पांच सौ रुपए में सब्सिडी पर सिलेंडर प्राप्त कर रही हैं। अब तक कुल साढ़े 12 लाख से अधिक महिलाएं पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर चुकी हैं और स्वच्छ घरेलु गैस का लाभ उठा रही हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर कहते हैं कि हमारा



लक्ष्य है कि बीपीएल परिवारों को स्वच्छ ईंधन मिले और महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हो। इसी श्रृंखला में 'हर गृह - हर गृहिणी' योजना का शुभारम्भ किया गया और अब प्रदेश के बीपीएल परिवारों को काफी राहत मिली है। लाखों महिलाओं ने इस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया है। कम आमदनी वाले घर जो फुल प्राइस पर एलपीजी नहीं खरीद सकते और खाना पकाने के लिए पारम्परिक संसाधनों पर निर्भर करते थे उन्हें इस योजना से खासकर फायदा पहुंच रहा है। सरकार की यह योजना नारी सशक्तिकरण को भी

**प्रोत्साहन**

**नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए परिवार की सबसे उम्रदराज महिला के नाम पर सिलेंडर सब्सिडी दी जा रही है**

प्रोत्साहन देती है। नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए परिवार की सबसे उम्रदराज महिला के नाम पर सिलेंडर सब्सिडी दी जा रही है। हरियाणा के गांवों में बहुत से परिवार ऐसे हैं जो गरीबी रेखा से नीचे हैं और अब भी खाना बनाने के लिए पारम्परिक संसाधनों का इस्तेमाल करते हैं। महिलाओं को खाना बनाने के इन पारम्परिक संसाधनों के साथ दोगुनी मेहनत करनी पड़ती है। महिलाओं के लिए 'हर गृह - हर गृहिणी' योजना वरदान साबित हो रही है। एलपीजी के इस्तेमाल से पर्यावरण स्वच्छ रहता है। पारम्परिक ईंधन संसाधनों से वायु प्रदूषण बढ़ता हैं जो सेहत के लिए भी हानिकारक हैं। महिलाओं को इनसे होने वाले धुएं से सांस के रोग होते हैं।
'हर गृह - हर गृहिणी' योजना को हरियाणा के गांव - गांव तक पहुँचाया गया है।
हमने इस बारे में प्रदेश के अलग अलग हिस्सों में रहने वाली महिलाओं से बात की। अम्बाला के मुलाना में पड्डी भगरडु गांव की रहने वाली जरनैलो देवी बताती हैं कि सरकारी सहायता से अब मेरे खाते में सब्सिडी आ जाती है।

# महेंद्रगढ़ को जिला मुख्यालय दिलवाने तथा नारनौल को नया जिला बनाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। हरियाणा प्रदेश** में नए जिले बनाने की कवायद एक बार फिर से शुरू की गई है। प्रदेश में चार नये जिले बनाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। इसके लिए हरियाणा सरकार ने मंत्रियों की कमेटी बनाई है। यह कमेटी ढाई माह में जिला, तहसील और कस्बों की प्रशासनिक सीमाओं में बदलाव पर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। महेंद्रगढ़ के जागरूक लोगों ने जिला, उपमंडल, पंचायत समिति के पुनर्गठन को लेकर दक्षिणी हरियाणा से प्रतिनिधि शामिल करने तथा महेंद्रगढ़ को इसका मुख्यालय दिलवाने की मांग को फिर से बुलंद किया है। जिसे लेकर जागरूक नागरिकों ने सीएम के नाम एसडीएम संजीव कुमार को ज्ञापन भी सौंपा है। एसडीएम को सौंपे ज्ञापन के माध्यम से सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा, बार एसोसिएशन के सदस्यों सहित अन्य जागरूक



नागरिकों ने बताया कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले नए जिले, उपमंडल, पंचायत समिति, तहसील, उप तहसील व पंचायत आदि का पुनर्गठन करने की कवायत शुरू हुई थी। परंतु विधानसभा चुनाव आने पर यह बात सीरे नहीं चढ़ पाई थी। अब सरकार ने फिर से प्रदेश में चार-पांच नए जिले बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। इसके लिए सरकार ने तैयारी शुरू करते हुए चार मंत्रियों की एक नई कमेटी का भी गठन किया है, जो आने वाले ढाई माह के दौरान प्रदेश में नए जिलों उप मंडल व तहसीलों के पुनर्गठन को लेकर अपनी सिफारिश यानी रिपोर्ट सौंपेगी । इस चार सदस्यीय कमेटी का अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार को बनाया गया है, जरूरत पड़ने पर कमेटी कुछ विधायकों को भी जोड़ सकती है। हरियाणा प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार की अध्यक्षता में गठित कमेटी में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, राजस्व मंत्री विपुल गोयल और कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को शामिल किया हुआ है। यह कमेटी अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी।

फिलहाल सुनने में आ रहा है कि हांसी, गोहाना, डब्बावाली, असंध और मानेसर को जिला बनाए जाने की संभावना जताई जा रही है, जिसमें महेंद्रगढ़ जिले को उसका हक जिला मुख्यालय तथा नारनौल को अलग जिला बनाए जाने की मांग का कोई जिक्र नजर नहीं है, यह महेंद्रगढ़ क्षेत्र के लोगों के लिए अन्याय होगा क्योंकि महेंद्रगढ़ की जनता ने भाजपा को उस समय से जीवनदान देखकर जिंदा रखा है जब प्रदेश में बीजेपी का नाम लेने वाला नहीं होता था । आज भी भाजपा की सरकार दक्षिणी हरियाणा के दम पर सांस ले रही है। महेंद्रगढ़ जिले का इसका मुख्यालय देने को को लेकर सरकार के पास अभी कोई योजना नजर नहीं आ रही है। आज भाजपा सरकार में इस जिले की अपेक्षा से लोगों में मायूसी है तथा सरकार के प्रति भारी रोष पनप रहा है। महेंद्रगढ़ के लिए भाजपा सरकार की घोषणा महज घोषणा ही बनकर रह गई है। खुडाना में आईएमटी, महेंद्रगढ़ में बाईपास, किसान मॉडल स्कूल, बिजली ट्रांसफार्मर का वर्कशॉप, रोडवेज सब डिपो, माधोगढ़ में महेंद्रगढ़ के किले को टूरिस्ट कांप्लेक्स बनाने, महेंद्रगढ़ नगरपालिका को नगर परिषद बनाने, दादरी से महेंद्रगढ़-नारनौल होते हुए अलवर तक रेल लाइन, सेंट्रल यूनिवर्सिटी में मेडिकल कॉलेज जैसी अन्य घोषणाओं पर कोई अमल नहीं हो पाया है। क्षेत्र के युवाओं के लिए यहां रोजगार का कोई साधन नहीं है। सरकार के कोरे आश्वासन व घोषणाओं को लेकर क्षेत्र की जनता का सरकार के प्रति मोह भंग हो रहा है, जिस और ध्यान नहीं दिया गया तो बदलाव निश्चित माना जा सकता है। पाटोदा ने कहा कि दक्षिणी हरियाणा के दो जिले महेंद्रगढ़ व रेवाड़ी से पांच विधायक भाजपा व दो विधायक कांग्रेस के है उसके बाद भी कमेटी में सातों विधायकों में एक भी विधायक को कमेटी में शामिल नहीं किया गया।

# जनस्वास्थ्य विभाग के नाले को अवैध कालोनी को विकसित करने के लिए जेसीबी से गिराया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। अगवानपुर रेलवे** फाटक के पास राजलू गढ़ी रोड पर अवैध कालोनाइजरों ने कालोनी के सौन्दर्यकरण में बाधा बन रहे लाखों रुपएं की लागत से निर्मित जनस्वास्थय विभाग के नाले को जेसीबी की मदद से ढहा दिया आरोप है कि नाले की इंटों से उक्त कालोनी में ही अवैध रूप से प्लाटों की नीव को भी भर दिया। ज्ञात रहे कि उक्त नाले का निर्माण जनस्वास्थय विभाग ने रेलवे फाटक के पास से गंदे पानी की निकासी के लिए बनाया था। जरूरत पड़ने पर उसे कभी प्रयोग मे ले लिया जाता था। लेकिन अब अवैध कालोनी काटने के बाद जब कालोनी में प्लांट नही बिके तो अपनी मनमानी करते हुए उक्त कालोनी में सड़क के साथ से गुजर रहे नाले को भी जेसीबी की मदद से तोड़ गिराया। हैरानी की बात तो ये है कि जनस्वास्थय विभाग कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। कई दिन गुजरने के बाद भी विभाग को पता नही की उनके द्वारा बनाए गए नाले को अवैध कालोनी की विकसित करने के



लिए जेसीबी की मदद से कालोनी के सामने की लम्बाई में पूरा गिरा दिया है। लोगों का कहना कि इतना बड़ा कदम उठाना कोई आसान काम नही है। इन्हें जरूर किसी अधिकारी व राजनेता का आशीर्वाद प्राप्त है अन्यथा कोई भी कालोनी को विकसित करने के लिए सरकारी सम्पति को तोड़ने की हिम्मत को दिखा नही सकता।

**नगर योजनाकार विभाग भी नही करता उक्त कालोनी में कार्रवाई**

राजलू गढ़ी रोड पर उक्त कालोनी में प्लाट धारकों ने कई प्लाटों की नीव को भी भर दिया। लोगों का आरोप है कि पिछल्ले कई महीने पूर्व नगर योजनाकार विभाग की सख्ताई के समय भी उक्त कालोनी में गली तोड़ने व नींव गिराने में खानापूर्ति की गई थी और कालोनी के बीच में बने नवनिर्मित कमरे को इसलिए छोड़ दिया गया कि बिना टयूबवैल वाले व बिना बिजली वाले कमरे को यह कहकर छोड़ दिया कि यह खेत में प्रयोग के लिए बनाया है। जब कि उसके आसपास खाली जगह व प्लांटों की नींव भरी हुई है। विभाग की कार्रवाई को देख लगता है कि इस बार भी विभाग कोई कार्रवाई नही करेगा।

**नाला तोड़ने के मामले में जांच करवाकर कार्रवाई की जाएगी : एसडीएम**

एसडीएम डा. निर्मल नागर ने कहा कि अवैध रूप से जनस्वास्थय विभाग का नाल तोड़ने का मामला उनके संज्ञान में आया है।

# स्वस्थ रहना है तो चीनी खाना छोड़ें और प्रतिदिन योगाभ्यास करें : श्रीनिवास मूर्ति

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : हरियाणा योग** आयोग, आयुष विभाग एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के ब्रह्म सरोवर स्थित मेडिटेशन हॉल में स्थानीय योग संस्थाओं के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय ध्यान योग शिविर के चौथे दिन योग भारती एवं प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने उपस्थित साधकों को अपनी योग पद्धति से योग साधना करवाई कब्रह्मकुमारी संस्था से मुख्य अतिथि राधा बहन, विशिष्ट अतिथि मधु बहन, योग भारती से मुख्य अतिथि श्रीनिवास मूर्ति, विशिष्ट अतिथि रणजीत सिंह, माननीय जिला संचालक एवं संजीव जी, माननीय विभाग कार्यवाह कुरुक्षेत्र, आयोग




के उपाध्यक्ष डॉ रोशन लाल, पूर्व रजिस्ट्रार डॉ हरिशचंद्र, सदस्य डॉ मनीष कुकरेजा व डॉ कुलदीप सिंह, आयुष विभाग के डॉ जागीर सिंह, भारतीय योग संस्थान के गुलशन कुमार ग्रोवर, पतंजलि योग समिति के कुलवंत सिंह, महिला पतंजलि योग समिति से मंजू नरवाल, कुरुक्षेत्र वि. वि. से डॉ निरुपमा भट्टी, योग भारती से हरियाणा प्रभारी डॉ कुलदीप सिंह, जिला प्रभारी डॉ. जगतार सिंह, मानव उत्थान सेवा समिति की डॉ सुमन चौधरी, योगासन खेल संघ के राजेंद्र भारद्वाज, आर्ट ऑफ लिविंग के सुशील बंसल, अक्षय मित्तल, आयुष योग विशेषज्ञ मनजीत सिंह सहित सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों व अन्य गणमान्य महानुभावों ने दीप प्रज्ज्वलित कर ध्यान योग शिविर के चौथे दिन का शुभारंभ किया कब्रह्म कुमारीज संस्था की ओर से राधा बहन व मधु बहन ने राजयोग द्वारा बहुत सुंदर ध्यान करवाया।

# वायु प्रदूषण से राहत के लिए सीएम विंडो पर लगाई गुहार

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा के गाँव** फिरोजपुर बांगर औद्योगिक क्षेत्र के तहत आने वाले ग्रामीणों ने मंगलवार को सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज कर क्षेत्र में बढ़ते वायु प्रदूषण से राहत दिलाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल है, वहीं प्रशासनिक उदासीनता के चलते अवैध भट्ठियां रात में संचालित की जा रही हैं। इन भट्ठियों से निकलने वाले धुएं के कारण क्षेत्र की वायु गुणवत्ता बेहद खराब हो गई है। हंसराज राणा, नरेंद्र, रवींद्र, राज सिंह, रामकंवार, सूरजमल, राजबीर सिंह और शमशेर सिंह ने बताया कि इससे पहले भी उन्होंने स्थानीय प्रशासन और सीएम विंडो पर शिकायत दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय चारदीवारी के भीतर भट्ठियां चलाई जाती हैं और सुबह होने से पहले बंद कर दी जाती हैं।

# रौनक पब्लिक स्कूल गन्नौर में चिकित्सीय प्रकृति परीक्षण पूर्ण



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। आयुष मंत्रालय** के तत्वावधान में एनसीआईएसएम नई दिल्ली द्वारा रौनक पब्लिक स्कूल गन्नौर में चिकित्सीय प्रकृति परीक्षण पूर्ण किया गया है। जिसका उद्देश्य शिक्षकों के स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देना था। परीक्षण के दौरान, शिक्षकों की चिकित्सीय जांच की गई और उनके स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। परीक्षण अध्यापकों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने में मदद करेगा। एनसीएसएम नई दिल्ली की ओर से डॉक्टर अमित कटारिया के नेतृत्व में डा.उपासना,डा.नीरज, डा.गायत्री और डा. लखविंदर की टीम ने विद्यालय पहुंचकर सभी शिक्षकों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एकत्र की और उनके जीवन संबंधी आवश्यक प्रश्नों के उत्तर भी दिए। उन्होंने कहा किआयुष मंत्रालय द्वारा संचालित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अध्यापकवृंद के स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देना है, ताकि वे अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त कर सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### खुले पड़े नालों को लेकर दी शिकायत

**गन्नौर।** पांची गुजरान में खुले पड़े नालों को ढकने को लेकर एक व्यक्ति ने समाधान शिविर में शिकायत दी है। शिकायत में पांची गुजरान निवासी जगदीप कक्कड़ ने बताया कि उनके घर के सामने दूषित पानी की निकासी का नाला है। जिसकी सफाई न होने के कारण नाला ओवरफ्लो हो कर सड़क पर दूषित पानी भर जाता है और नाला खुला पड़ा है। जिस कारण छोटे बच्चे व बाइक चालक नाला खुला होने के कारण चोटिल भी हो चुके है। उनसे कई बार ग्राम सचिव को शिकायत दे चुका है, लेकिन कोई समाधान नही हो रहा। अब व्यक्ति ने समाधान शिविर में शिकायत देकर समाधान की मांग की है। वहीं गन्नौर एसडीएम ने बताया कि अधिकारियों को बोल कर नाला साफ करा नाले को ढकवा दिया जाएगा।

### गुमड़ से गढ़ी झंझारा सड़क का निर्माण न होने से नाराज किसानों ने जताया विरोध



**गन्नौर। गुमड़ से** खेड़ी रोड होते हुए गढ़ी झंझारा की तरफ जाने वाली सड़क निर्माण पिछले एक साल से अधर में लटका है। जिससे इस सड़क मार्ग पर आवाजाही वाहन चालकों के लिए सुगम नहीं हो पा रही है। यह सड़क पिछले लंबे समय से क्षतिग्रस्त अवस्था में थी। जिसके निर्माण की मांग लगातार उठ रही थी। पिछले साल पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा इस सड़क का नए सिरे से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था। 12 फुट चौड़ी इस सड़क को 18 फुट चौड़ा किया जाना है। जिसके चलते सड़क पर रोड़ा डलवा दिया गया, लेकिन उसका निर्माण नहीं किया गया। ऐसे में किसानों व सड़क से गुजरने वाले छात्रों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। किसान नेता विरेंद्र पहल ने कहा कि अब गन्ने का सीजन शुरू हो चुका है। काफी किसान अपना गन्ना लेकर इस सड़क से गुजरते हैं, लेकिन सड़क निर्माण न होने की वजह से उनके ट्रैक्टरों के पहिये पंक्चर हो रहे हैं। वहीं साइकिल व स्कूटी पर स्कूल व खेल एकेडमी जाने वाले बच्चे भी आए दिन सड़क पर गिर कर घायल हो रहे हैं। ऐसे में अब इस सड़क का निर्माण जल्द होना चाहिए। उन्होंने चेताया कि यदि सड़क निर्माण जल्द नहीं हुआ तो यूनियन धरना देने से पीछे नहीं हटेगी।

-इस सप्ताह शुरू हो जाएगा काम इस बारे में पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई नवनीत सेहरावत का कहना है कि सड़क निर्माण को लेकर रोड़े डलवा दिए गए हैं। ग्रेप हटने के बाद अब कुछ जगहों जो बची हैं वहां भी रोड़े डलवा दिए जाएंगे। यदि मौसम ठीक रहा तो इसी सप्ताह रोड पर तारकोल बिछाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

### खरखौदा में चला बुलडोजर, 10 एकड़ में हुई तोड़फोड़

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा में मंगलवार को** रोहतक मार्ग पर बगैर मंजूरी के बनाई जा रही अवैध कॉलोनियों पर डीटीपी ने बड़ी कार्रवाई की। एटीपी मंदीप और एटीपी कपिल राव के नेतृत्व में पुलिस बल की सहायता से करीब 10 एकड़ भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। रोहतक मार्ग बाईपास किनारे 7.5 एकड़ में बनी कॉलोनी में 10 कमरे और 6 एकड़ में बनाई गई कच्ची सड़कों को उखाड़ दिया गया हैं। आपको बताते चले कि विभाग द्वारा इस स्थान पर आठवीं बार ऐसी कार्रवाई की गई है। इसके बाद टीम ने पेट्रोल पंप के पीछे स्थित ढाई एकड़ में काटी जा रही कॉलोनी पर भी कार्रवाई की। यहां 7 कमरे, कई चारदीवारी और 1.5 एकड़ में बनी कच्ची सड़कों को ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान अवैध कॉलोनी में बिछाई गई सीवर लाइन को भी हटाया गया।

# विभिन्न प्रतियोगिताओं से छात्रों को किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। राजकीय औद्योगिक** प्रशिक्षण संस्थान राजलू गढ़ी में सिविल सर्जन और रेड रिबन क्लब द्वारा एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक करने के लिए डिबेट ,रंगोली तथा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें संस्थान में प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्लब व प्रधानाचार्य ने सम्मानित किया। डिबेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र जतिन त्यागी, अंशुल छात्रा शीतल द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र सूरज ,पारस, कृष्ण तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र तिक, सावन व गौरव रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र रविंद्र ,देवेंद्र सुशील द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र विनीत ,मोहित तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र विनोद,प्रवीण कुमार यादव तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र राहुल द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले अशोक कुमार तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विनोद कुमार को प्रमाण पत्र व शील्ड आदि देकर प्रोत्साहित किया।

# देश विदेश के 1 करोड़ 50 लाख लोग जुड़ेंगे एक मिनट एक साथ गीता पाठ तीन श्लोकों के साथ:गीता मनीषी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरूक्षेत्र : गीता मनीषी** स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं की रक्षा और मंदिरों की सुरक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का वैश्विक गीता पाठ पूर्णत समर्पित रहेगा। इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में 11 दिसम्बर को सुबह 11 बजे थीम पार्क में एक मिनट एक साथ गीता पाठ का आयोजन होगा। इस गीता पाठ में पवित्र ग्रंथ गीता के पहले श्लोक, मध्यस्त और अंतिम श्लोक का उच्चारण किया जाएगा। इस वैश्विक गीता पाठ के साथ हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश के साथ - साथ देश के अन्य राज्यों व विदेशों सहित लगभग 1 करोड़ 50 लाख लोग ऑनलाइन प्रणाली के साथ जुड़ेगें। यह वैश्विक गीता पाठ निश्चित ही अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अध्याय में एक नया



इतिहास जोड़ेगा। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने मंगलवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में अखिल भारतीय देव स्थानम सम्मेलन के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में जीओ गीता के सहयोग से इस साल भी थीम पार्क में वैश्विक गीता पाठ का आयोजन 11 दिसंबर को 11 बजे होने जा रहा हैं। इस वर्ष वैश्विक गीता पाठ का नाम एक मिनट एक साथ गीता पाठ रखा गया हैं। इस गीता पाठ में पवित्र ग्रंथ गीता का पहला, मध्यस्त और अंतिम श्लोक का उच्चारण किया जाएगा। यह श्लोकोच्चारण पूर्णत बांग्लादेश में हिन्दुओं की रक्षा और मंदिरों की सुरक्षा को समर्पित होगा। इस वैश्विक गीता पाठ के साथ देश विदेश के लगभग 1 करोड़ 50 लाख लोग जुड़ेगें। यह सभी श्रद्धालु हिंदुओं की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करेंगे। उन्होंने कहा कि वैश्विक गीता पाठ में कुरूक्षेत्र थीम पार्क में विभिन्न स्कूलों के 18 हजार विद्यार्थी भी मौके पर जुड़ेगें। इस वैश्विक गीता पाठ को लेकर प्रशासन और जीओ गीता संस्थान की तरफ से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस वैश्विक गीता पाठ के जरिए पूरे विश्व के नागरिकों से आह्वान किया जाएगा कि एक मिनट एक साथ गीता पाठ के साथ जुड़े ताकि पूरे विश्व में शांति और सौहार्द की भावना और सद्भावना बन सकें।

इस मौके पर आरएसएस के वरिष्ठद्द प्रचारक अरुण, केडीबी सीईओ पंकज सेतिया, मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, केडीबी सदस्य विजय नरुला, एमके मोदगिल, अशोक रोशा, कैप्टन परमजीत सिंह, डा. ऋषिपाल मथाना, युद्धिष्ठद्दर बहल, प्राधिकरण के सदस्य सौरभ चौधरी उपस्थित थे।

# इंटर कॉलेज वेट-लिफ्टिंग चैंपियनशिप में छाए विद्यार्थी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन के बल पर कुरुक्षेत्र विश्वविधालय कुरुक्षेत्र में आयोजित इंटर-कॉलेज वेट-लिफ्टिंग चैंपियनशिप में तीन गोल्ड मैडल समेत कुल पांच मेडल्स जीत कर तहलका मचा दिया । 2 से 3 दिसम्बर तक कुरुक्षेत्र विश्वविधालय में आयोजित इंटर कॉलेज वेट-लिफ्टिंग चैंपियनशिप की 81 किलोग्राम भारवर्ग में रोहन, 96 किलोग्राम भारवर्ग में आकाश और 51 किलोग्राम भारवर्ग में निशा ने गोल्ड मैडल झटके । इनके अलावा 61 किलोग्राम भारवर्ग में रोहन और 73 किलोग्राम भारवर्ग में निर्मल ने रजत पदक हासिल



किये । वेट-लिफ्टिंग का खिलाड़ी आकाश इससे पहले भी खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुका है । विजेता खिलाडियों राजीव, आकाश, निशा, रोहन और निर्मल का भव्य स्वागत कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा डॉ सुशीला बेनीवाल, प्रो अंकुश मलिक, प्रो रेखा, प्रो आनंद, ग्राउंडसमैन प्रताप सिंह और अन्य स्टाफ सदस्यों ने किया । इस अवसर पर सभी विजेता खिलाडियों की भरपूर हौंसला अफजाई की गई । कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल ने राजीव, आकाश, निशा, रोहन और निर्मल की तारीफ करते हुए कहा कि वेट-लिफ्टिंग का खेल वर्तमान में लोकप्रिय होता जा रहा है । खेल हम सभी के जीवन में, विशेष रुप से नौजवानों और विद्यार्थियों के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । कॉलेज के खिलाडियों ने अंतरराष्ट्रीय और कुरुक्षेत्र विश्वविधालय कुरुक्षेत्र में शानदार खेल पेश करके गोल्ड मैडल जीत कर हर खिलाड़ी के लिए एक प्रेरणा पेश की है । हमें भी कम से कम कुछ समय खेलों में सक्रिय होने के लिए अवश्य निकालना चाहिए । उन्होनें खेलों में उज्जवल भविष्य की संभावनाओं को लेकर विजेता खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया ।

प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि ये सभी खिलाड़ी समयबद्धता, धैर्य, अनुशासन और लगन की मिसाल है । ये गुण किसी भी खिलाड़ी के लिए उपलब्धि को प्राप्त करने के मूल मन्त्र है ।

इन सभी खिलाड़ियों को भविष्य में भी आगे बढ़ने के समुचित अवसर और सुविधाएं कॉलेज द्वारा दी जायेगी ।

शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा डॉ सुशीला बेनीवाल ने इस अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया । उन्होनें कहा कि युवा खिलाडियों की कामयाबी का सफर बहुत लम्बा होता है और ऐसे में हर युवा का फर्ज बनता है कि वे भी इन विजेताओं की तरह लगन के साथ लक्ष्य की तरफ बढे।

# अविश्वास प्रस्ताव की बैठक से पहले पार्षदों पर बनाया जा रहा दबाव

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः नगरपालिका के** वाइस चेयरमैन दिनेश अदलखा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर 13 दिसंबर को बैठक होनी है। बैठक से पहले 17 में से 13 पार्षद एसडीएम डा. निर्मल नागर से मिले। पार्षदों ने एसडीएम को अपनी सुरक्षा की मांग की। पार्षदों ने बताया कि अविश्वास प्रस्ताव की बैठक में न पहुंचने का उन पर दबाव बनाया जा रहा है। उन्हें अलग-अलग मोबाइल नंबरों से वाइस मैसेज भेज कर डराया धमकाया जा रहा है। उन्होंने बैठक के दौरान पुलिस के साथ महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की भी मांग की। पार्षदों ने



एसडीएम से अविश्वास प्रस्ताव पास होने के बाद वाइस चेयरमैन का चुनाव चुनाव बैलेट पेपर पर करवाए जाने की भी मांग की है। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने पार्षदों को आश्वस्त किया कि उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी नही होने दी जाएगी। चुनाव भी बैलेट पेपर पर कराए जाएंगे और साथ ही उन्होंने पुलिस सुरक्षा को लेकर एसपी को भी लिख दिया है। उन्होंने कहा कि अगर किसी को कोई फोन आता है तो वह तुरंत उन्हें फोन कर जानकारी दे। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संपादकीय

# क्यों किसी को सुने तत्काल सुप्रीम कोर्ट ?

**दुनिया में** हर कोई चमड़े का सिक्का चलाना चाहता है ,फिर चाहे वो कोई राष्ट्रपति हो, प्रधानमंत्री हो या अतीत का कोई सम्राट,कोई तुगलक या कोई और। सब जानते हैं कि ' जिंदगी न मिलेगी दुबारा '। देश के मुख्यन्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने भी सुप्रीम कोर्ट में तत्काल सुनवाई की आदिकालीन व्यवस्था पर रोक लगकर यही सब किया है । उन्होंने किसानों के मुद्दे को भी तत्काल सुनने से इंकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से असंख्य लोग निराश होंगे । मै भी इन्हीं में से एक हूँ। सुप्रीम कोर्ट हर तरह से सुप्रीम है । मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना द्वारा कुछ मामलों की तत्काल सुनवाई पर लगाईं रोक से पहले सुप्रीम कोर्ट ने अनेक मामलों को तत्काल सुना है। कोर्ट आधीरात को भी खुला है और अवकाश के दिनों में भी । लेकिन ये सब मुख्य न्यायाधीश के पद पर आसीन व्यक्ति के ऊपर निर्भर रहता है कि वो किस तरह की व्यवस्था से न्याय का रास्ता प्रशस्त करे। तत्काल सुनवाई को लेकर मत भिन्नता हो सकती है। अपवादों को छोड़कर साम्य तौर पर सुप्रीम कोर्ट में तत्काल सुनवाई नहीं होना चाहिए क्योंकि माननीय सुप्रीम कोर्ट में लाखों मामले हैं जो कम से कम पांच साल से लंबित है। पहले इन्हें सुना जाना चाहिए ,लेकिन देश में कभी-कभी ऐसे मुद्दे और मामले भी आते हैं जब उन पर तत्काल सुनवाई और फैसले जरूरी माने जाते हैं। लेकिन अब ये रास्ता फिलहाल बंद कर दिया गया है।सुप्रीम कोर्ट इस मामले में समदृष्टि रखता है। उसने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मामले को भी तत्काल सुनने से इंकार किया था और अब किसानों के आंदोलन को देखते हुए किसानों के मामले में भी तत्काल सुनवाई से इंकार कर दिया है। अपने अधिकारों के लिए पिछले चार साल से आंदोलनरत किसान कोई 700 किसानों की बलि दे चुके हैं किन्तु उनके मामले को सुप्रीम कोर्ट यदि तत्काल सुनवाई के लायक नहीं समझता तो ये किसानों का दुर्भाग्य है ,सुप्रीम कोर्ट का नहीं। देश में किसी किसान का बेटा शायद अब तक मुख्य न्यायाधीश की कुर्सी तक नहीं पहुंचा है अन्यथा उनके मामले को तत्काल सुनने से इंकार नहीं किया जाता। इस सर्वोच्च पद पर पहुँचने के लिए भी विरासत चलती है । आपके पिता,चाचा या और कोई रिश्तेदार यदि न्यायिक सेवा में रहे हैं तभी आपको यहां तक पहुँचने का रास्ता मिलता है।

आपको बता दें कि जिस तरह से दुनिया में हमारा लोकतंत्र सबसे पुराना है उसी तरह हमारी सर्वोच्च अदालत भी दूसरे देशों की अदालतों के मुकाबले सर्वशक्तिमान है। इसके पीछे कई कारण हैं.भारत की 73 साल पुरानी अदालत कार्यकारी अधिनियमों, संसदीय कानूनों और संविधान में संशोधन को रद्द कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट के कोई तीन दर्जन न्यायाधीश लगभग 70 हजार अपीलों और याचिकाओं का भार संभालते हैं और हर साल लगभग एक हजार फैसले देते हैं। एक पुराना आंकड़ा है कि नवंबर 2018 में सुप्रीम कोर्ट में 40 फीसदी मामले पाँच साल से अधिक समय से लंबित थे, जबकि आठ फीसदी दूसरे अन्य मामले 10 साल से अधिक समय से लंबित थे. साल 2004 में पाँच साल से अधिक समय से लंबित मामले सात फीसदी थे

# सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा की लापरवाही



डॉ सत्यवान सौरभ

> भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा चलाए जाने वाले जागरूकता अभियान अग्नि रोकथाम और आपातकालीन प्रतिक्रिया के बारे में ज्ञान फैलाने में मदद कर सकते हैं। अग्नि सुरक्षा मानकों का अनुपालन करने वाले अस्पतालों को सब्सिडी या अनुदान जैसे प्रोत्साहन प्रदान करने से बेहतर कार्यान्वयन को बढ़ावा मिल सकता है। झांसी में अस्पताल में लगी दुखद आग सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा प्रवर्तन में चल रही खामियों की एक स्पष्ट याद दिलाती है। जापान जैसे देशों में अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाना, जहाँ आग से होने वाली मौतों की दर सबसे कम है, एक मार्गदर्शक प्रकाश हो सकता है। सरकार को सुरक्षित सार्वजनिक स्थान बनाने के लिए बुनियादी ढाँचे को उन्नत करने, विनियमन को बढ़ाने और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए

**भारतीय मा**नक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा चलाए जाने वाले जागरूकता अभियान अग्नि रोकथाम और आपातकालीन प्रतिक्रिया के बारे में ज्ञान फैलाने में मदद कर सकते हैं। अग्नि सुरक्षा मानकों का अनुपालन करने वाले अस्पतालों को सब्सिडी या अनुदान जैसे प्रोत्साहन प्रदान करने से बेहतर कार्यान्वयन को बढ़ावा मिल सकता है। झांसी में अस्पताल में लगी दुखद आग सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा प्रवर्तन में चल रही खामियों की एक स्पष्ट याद दिलाती है। जापान जैसे देशों में अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाना, जहाँ आग से होने वाली मौतों की दर सबसे कम है, एक मार्गदर्शक प्रकाश हो सकता है। सरकार को सुरक्षित सार्वजनिक स्थान बनाने के लिए बुनियादी ढाँचे को उन्नत करने, विनियमन को बढ़ाने और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उत्तर प्रदेश के झांसी में एक अस्पताल में लगी दुखद आग, जिसमें 11 नवजात शिशुओं की जान चली गई, भारत के सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा उपायों की विफलता को उजागर करती है। राष्ट्रीय भवन संहिता (एनबीसी) और अग्नि सुरक्षा और रोकथाम नियमों के बावजूद, कई अस्पताल इन विनियमों का पालन नहीं करते हैं। यह बेहतर अग्नि सुरक्षा प्रवर्तन और भविष्य में जानमाल के नुकसान को रोकने के लिए बुनियादी ढांचे में महत्त्वपूर्ण उन्नयन की तत्काल आवश्यकता पर जोर देता है। सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करने में चुनौतियाँ अग्नि सुरक्षा कार्यान्वयन में त्रुटिपूर्ण हैं। भ्रष्टाचार और अग्नि अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने में उचित निगरानी की कमी के कारण कई अस्पताल निर्धारित अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करने में विफल रहते हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, कई अस्पताल विनियामक जाँच को दरकिनार कर देते हैं, जिसके परिणामस्वरूप असुरक्षित संरचनाएँ बन जाती हैं जो अग्नि सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं करती हैं। अपर्याप्त बुनियादी ढांचा और योजनाः अनुचित योजना और घटिया निर्माण के कारण अक्सर सार्वजनिक संस्थानों, विशेषकर अस्पतालों में आग का खतरा पैदा होता है। कोलकाता एएमआरआई अस्पताल में आग लगने की घटना (2011) ने संरचनात्मक योजना में गंभीर खामियों को उजागर किया, जैसे कि अवरुद्ध भागने के रास्ते और अपर्याप्त अग्नि निकास, जिसने बड़ी संख्या में मौतों में योगदान दिया। जागरूकता और प्रशिक्षण की कमी जैसे चिकित्सा कर्मचारी और अग्नि सुरक्षा कर्मियों को अक्सर आग की रोकथाम, आपातकालीन निकासी या अग्निशमन तकनीकों में पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित नहीं किया जाता है। मुंबई (2020) में एक कोविड -19 सुविधा में आग लगने से तैयारियों की कमी का पता चला, अस्पताल के कर्मचारी अपर्याप्त प्रशिक्षण और जागरूकता के कारण आग की आपात स्थिति को संभालने में असमर्थ थे। कई अस्पताल, विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में, अग्नि सुरक्षा बुनियादी ढांचे को उन्नत करने या पर्याप्त अग्निशमन उपकरण खरीदने के लिए वित्तीय संसाधनों की कमी रखते राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की भारत में आकस्मिक मृत्यु और आत्महत्या (एडीएसआई) रिपोर्ट में 2022 में 7, 500 से अधिक आग दुर्घटनाएँ दर्ज की गईं, जिसके परिणामस्वरूप 7, 435 मौतें हुईं, जो खराब प्रवर्तन के गंभीर परिणामों को दर्शाता है। कई अस्पतालों में आग के खतरों से बचाव के लिए समर्पित निकासी मार्ग, अग्निरोधी सामग्री और अन्य आवश्यक बुनियादी ढाँचे का अभाव है। उपहार सिनेमा अग्नि (1997) , जिसमें 59 लोग मारे गए थे, अपर्याप्त निकास बिंदुओं के कारण और भी गंभीर हो गई थी, जो एनबीसी और एनडीएमए दिशानिर्देशों द्वारा निर्धारित मजबूत निकासी योजना की आवश्यकता को उजागर करती है। भारत में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अग्नि सुरक्षा मानकों के कार्यान्वयन में भिन्नताएँ क्षेत्रीय असमानताएँ पैदा करती हैं। इन चुनौतियों का समाधान करने के उपाय निगरानी और विनियमन को मजबूत करना है। अग्नि सुरक्षा मानदंडों की मजबूत निगरानी सुनिश्चित करना और सभी अस्पतालों के लिए अग्नि सुरक्षा ऑडिट अनिवार्य बनाना अनुपालन में सुधार कर सकता है। सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा के लिए एनडीएमए के दिशानिर्देशों को नियमित निरीक्षण और गैर-अनुपालन के लिए दंड के साथ और अधिक सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। अस्पतालों को आधुनिक अग्नि सुरक्षा बुनियादी ढांचे में निवेश करना चाहिए, जिसमें फायर अलार्म, स्प्रिंकलर और अग्नि शमन प्रणाली शामिल हैं। दिल्ली के एम्स में अग्नि सुरक्षा उपाय, जिसमें उन्नत अग्नि पहचान और दमन प्रणाली शामिल हैं, अन्य अस्पतालों के लिए एक मॉडल के रूप में काम कर सकते हैं। आपातकालीन प्रक्रियाओं पर अस्पताल के कर्मचारियों के लिए नियमित अग्नि सुरक्षा अभ्यास और व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आवश्यक हैं। एनडीआरएफ द्वारा शुरू किए गए अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रमों को किसी संकट के दौरान कर्मचारियों की तत्परता सुनिश्चित करने के लिए सभी अस्पतालों में दोहराया जा सकता है। सरकारों और अस्पताल अधिकारियों को अग्नि सुरक्षा बुनियादी ढांचे और नियमित रखरखाव के लिए अधिक धन आवंटित करना चाहिए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) नए अस्पताल परियोजनाओं के लिए अपने वित्त पोषण प्रस्तावों के अनिवार्य हिस्से के रूप में अग्नि सुरक्षा को शामिल कर सकता है, विशेष रूप से कम सेवा वाले क्षेत्रों में। अस्पतालों और सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने से बेहतर सतर्कता और सुरक्षा मानकों के पालन को बढ़ावा मिल सकता है।

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा चलाए जाने वाले जागरूकता अभियान अग्नि रोकथाम और आपातकालीन प्रतिक्रिया के बारे में ज्ञान फैलाने में मदद कर सकते हैं। अग्नि सुरक्षा मानकों का अनुपालन करने वाले अस्पतालों को सब्सिडी या अनुदान जैसे प्रोत्साहन प्रदान करने से बेहतर कार्यान्वयन को बढ़ावा मिल सकता है। झांसी में अस्पताल में लगी दुखद आग सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा प्रवर्तन में चल रही खामियों की एक स्पष्ट याद दिलाती है। जापान जैसे देशों में अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाना, जहाँ आग से होने वाली मौतों की दर सबसे कम है, एक मार्गदर्शक प्रकाश हो सकता है। सरकार को सुरक्षित सार्वजनिक स्थान बनाने के लिए बुनियादी ढाँचे को उन्नत करने, विनियमन को बढ़ाने और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।



## कविता

### बचपन का गाँव

ठण्डी-ठण्डी छांव में
उस बचपन के गाँव में
मैं-जाना चाहती हूँ।
तोड ?ा चाहती हूँ
बंदिश चारों पहर की।
नफरत भरी ये
जिन्दगी शहर की॥
अपनेपन की छाया
मैं पाना चाहती हूँ।
उस बचपन के गाँव में
मैं-जाना चाहती हँ हूँ॥
घुट-सी गयी हूँ
इस अकेलेपन में
खुशियों के पल ढूँढ रही
निर्दयी से सूनेपन में
इस उजड़े गुलशन को
मैं महकाना चाहती हूँ।
उस बचपन के गाँव में
मैं-जाना चाहती हूँ।
प्रेम और भाईचारे का
जहाँ न संगम हो।
भागे एक-दूजे से दूर
न मिलन की सरगम हो॥
उस संसार से अब
मैं छुटकारा चाहती हूँ।
उस बचपन के गाँव में
मैं-जाना चाहती हूँ।

प्रियंका 'सौरभ'

---------

# स्त्रियों की समग्र मूल्यांकन की आवश्यकता’

**संजीव ठाकुर**

**देश** में रिाष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है,इनके अधिकारों और नई भूमिका के सही मूल्यांकन महती जरूरत है। आज स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है ।नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है। स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या पुत्र। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी में ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था । इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है। नारी के उत्थान में कई कुप्रथा कुठाराघात करती रही हैं, जो नारी के विकास में बाधा बनकर सामने आई थी इनमें बाल विवाह सबसे बड़ा अवरोध बना था और इसी का प्रतिफल है कि नारी पुरुष के समाज में काफी पिछड़ गई थी। महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित - प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है।

## विचार

# पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में बीमारियों का कारगर उपचार

**डॉ. आर.के. सिन्हा**

**सुप्रीम कोर्ट में** पिछले दिनों एक याचिका दाखिल कर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को शामिल करने की मांग की गई है । यह बिल्कुल ठीक ही है कि ऐसा करने से देश की एक बड़ी आबादी को सस्ती और असरदार स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। साथ ही, पारंपरिक चिकित्सा को भी पर्याप्त बढ़ावा मिलेगा और वे पहले की भाँति फिर से लोकप्रिय हो सकेंगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। हालांकि यह मामला ऐसा नहीं है, जिस पर सरकार को फैसला लेने में बहुत दिक्कत हो। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ, जैसे आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी इत्यादि, गरीब जनता के लिए कई मायनों में वरदान रही हैं और सरकारी संरक्षण प्राप्त होने पर और भी लोकप्रिय साबित हो सकती हैं। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में आमतौर पर आधुनिक चिकित्सा की तुलना में उपचार की लागत काफी ज्यादा कम होती है। यह गरीब लोगों के लिए, जो महंगे अस्पताल और दवाओं का खर्च वहन नहीं कर सकते , उनके लिए बहुत लाभकारी होती हैं। ब्रिटेन के किंग चार्ल्स पिछले दिनों एक निजी यात्रा पर भारत आए हुए थे। उनके साथ उनकी पत्नी क्वीन कैमिला भी थीं। वे बेंगलुरु के पास एक आधुनिक आरोग्यशाला ह्लहोलिस्टिक हेल्थ सेंटर' में ठहरे। तीन दिन की यात्रा के दौरान किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला ने योग, मेडिटेशन सेशन और योग थेरेपी का भरपूर आनंद उठाया। यानी सामान्य रोगियों से लेकर ब्रिटेन के किंग को भी अब समझ में आ गया है कि सेहतमंद रहने और स्मार्ट दिखने के लिए भारत के आधुनिक डॉक्टरों और परम्परागत चिकित्सा पद्धतियों से इलाज करवाना कहीं ज्यादा सही रहेगा। पारंपरिक चिकित्सक अक्सर ग्रामीण और दूर-दराज के इलाकों में भी आसानी से उपलब्ध होते हैं, जहाँ आधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ कुछ ही ह्लमल्टी स्पेशलिटी ह्लअस्पतालों तक ही सीमित होती हैं। अतः यह पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियां ग्रामीण गरीबों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं और इनमें गरीब ग्रामीणों का अटूट विश्वास भी है। ज्यादातर पारंपरिक उपचार स्थानीय रूप से उपलब्ध जड़ी-बूटियों और अन्य प्राकृतिक संसाधनों पर ही आधारित होते हैं, जिसकी लागत कम होती है। एक खास बात यह भी है कि ये पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धतियाँ अक्सर शरीर और मन दोनों को एक साथ स्वस्थ रखने पर ध्यान केंद्रित करती हैं, जो आधुनिक चिकित्सा की तुलना में अधिक समग्र दृष्टिकोण है। यह जीवनशैली संबंधी बीमारियों की रोकथाम में अत्यंत कारगर मदद कर सकती हैं। हालांकि कुछ पारंपरिक उपचारों की प्रभावशीलता के लिए पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाणों का अभाव गिना दिया जाता है क्योंकि आधुनिक वैज्ञानिक रूप से स्वीकार्य प्रयोगों पर आधारित साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। सरकार को चाहिये कि आधुनिक प्रयोगशालाओं में वैज्ञानिक शोध के आधार पर इनके कारगर परिणाम के साक्ष्य उपलब्ध करवाए। इससे रोगियों की सुरक्षा और उपचार की गुणवत्ता वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी सिद्ध और स्थापित हो सकेगी, नहीं तो पारम्परिक सिद्ध चिकित्सा पद्धतियों पर सवाल उठते ही रहेंगे। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों से जुड़े लोगों को और भारत सरकार के आयुष मंत्रालय को इस तरफ ध्यान देने की जरूरत तो है। इनमें गहन शोध तो होना ही चाहिए। यह भी मानना होगा कि पारंपरिक चिकित्सा व्यवसाय का नियमन और गुणवत्ता नियंत्रण अक्सर अपर्याप्त होता है। सरकार को इस तरफ भी देखना होगा। इनके कुछ चिकित्सक ऐसे दावे करते हैं जिनका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं होता है, जिससे रोगियों को भ्रमित किया जा सकता है और उनका स्वास्थ्य जोखिम में पड़ सकता है। अतः आयुष मंत्रालय को वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर इन दावों की प्रमाणिकता या तो सिद्ध करनी होगी या फिर खारिज करना होगा। खैर, ये पद्धतियाँ जनता के लिए वरदान तो हो ही सकती हैं, खासकर जब वे आधुनिक चिकित्सा के साथ एकीकृत हों और उचित नियमन और गुणवत्ता नियंत्रण के साथ संचालित हों। हालांकि, इन पद्धतियों की सीमाओं और चुनौतियों को भी स्वीकार करना और उनका समाधान करना महत्वपूर्ण है , ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह उपचार पद्धति भी वैज्ञानिक रूप से प्रमाणिक है ।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# सर्दियां में पैरों के टिप्स -शहनाज हुसैन

**सर्दियों** का मौसम आ गया है / ठण्ड , बर्फबारी और तेज हवाएँ पैरों की त्वचा को सूखा देते हैं जिससे बे कमजोर पड़ने लगते हैं और अकड़ जाते हैं / ऐसे में अगर आप पैरों की समस्या या मधुमेह आदि के रोग से पीड़ित हैं तो पैरों की स्थिति बदतर हो जाती है / सर्दियां आते ही बाताबरण में नमी की कमी की बजह से .पैरों की त्वचा रूखी और बेजान लगने लगती है जिससे पैरों की एक्स्ट्रा केयर करने की जरूरत होती है । इस दौरान कई लोगों की एड़ियां भी फटने लगती है या पैरों में खुजली और इरिटेशन होने लगती है। इसके कारण कई बार चलने में भी परेशानी होने लगती है।

इस मौसम में पैरों की देखभाल के लिए घरेलू उपाय काफी कारगर सावित होते हैं और इन्हें आप भी घर बैठे अपना सकते हैं /

**1 ----जैतून का तेल लगाएं**

अपने पैरों के प्रभावित एरिया जैसे दर्दनाक दरारें पर जैतून का तेल लगाने से त्वचा को पोषण देनेऔर ऑक्सीजन की आपूर्ति को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

जैतून के तेल को गुनगुना करके पैर के तलवों की मालिश करने से पैरों की अकड़न दूर होती है / आप एक बाउल में थोड़ा जैतून का तेल लेकर उसे हल्का गर्म करें। अब आप इसमें लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की .तीन, चार बूंदे मिक्स करें। इसके बाद आप इस ऑयल से अपने पैरों की मालिश करें। इससे आपको कुछ ही देर में बेहद आराम का अहसास होगा / जैतून आयल में विटामिन ई होता है और इसे लगाने से आपके पैर मुलायम और कोमल होंगे और आप रिलैक्स महसूस करेंगे / गर्म पानी में व्हाइट विनेगर डालें और फिर पांच मिनट के लिए पैरों को भिगोएं। अब आप जैतून के तेल की कुछ बूंदों को क्यूटिकल्स पर लगाएं और इसे लगभग 10 मिनट तक सोक होने दें। इससे पैर कोमल और मुलायम होंगे / जैतून का तेल पैरों की त्वचा को मॉइस्चराइज रखने में मदद करता है तथा आप इस तेल को एक जेंटल मॉइस्चराइजर के रूप में भी उपयोग कर सकते हैं / । यह उन्हें फटने से बचाता है और डेड स्किन साफ करता है। इसके अलावा यह आपके पैर के जोड़ों और मांसपेशियों को मजबूत भी बनाता है।

# सर्वकालिक, शाश्वत एवं श्रेष्ठ मार्गदर्शक-श्रीमद्भगवद्गीता

**विवेक रंजन**

**श्रीमद्भगवतगी**ता अध्यात्म ज्ञान और जीवन शैली सिखाने वाला विश्वविख्यात अनुपम ग्रंथ है। गीता के अध्ययन और मनन से व्यक्ति आत्म शांति का अनुभव कर सकता है। जीवन को सुखी बना सकता है। योगेश्वर श्री कृष्ण ने अर्जुन को निष्ठापूर्वक कर्म करके अपने जीवन को सफल करने का जो महत्वपूर्ण उपदेश 'कर्मण्येवाधिकारस्ते, मा फलेषु कदाचन' दिया । यह जीवन के मूल को समझने और व्यवहार करने का शाश्वत सूत्र है। रणभूमि में अर्जुन के हताश मन में नई स्फूर्ति और ओज भरने को कृष्ण ने गीता का उपदेश दिया था। इस बहाने सारी मनुष्य जाति का जीवन-समर को सही रीति से जीतने का अमर मंत्र गीता में ही है। इस तरह गीता हिन्दू धर्म विशेष की नहीं वैश्विक मूल्य की कृति है इसीलिए दुनिया की लगभग सभी भाषाओं में गीता प्रस्तुत की जा चुकी है। इसके भाष्य और विवेचन निरन्तर विद्वानों द्वारा किए जाते हैं । गीता पर प्रवचन लोग रुचि से सुनते हैं। द्वापर युग के समापन तथा कलियुग आगमन के समय आज से कोई पांच हजार वर्ष पूर्व कुरूक्षेत्र के रणांगण में उस समय गीता कही गई , जब महाभारत युद्ध आरंभ होने के समस्त संकेत योद्धाओं को मिल चुके थे। श्रीमद्भगवदगीता के प्रथम अध्याय में इसका विस्तृत वर्णन मिलता है। यथा युद्ध के वाद्यों का बजना, समस्त प्रकार के नादों का गूंजना, यहाँ तक कि तत्कालीन (द्वापर युग के) महानायक भगवान श्री कृष्ण के शंख "पांचजन्य" का उद्घोष, यह सब युद्धारंभ के स्पष्ट संकेत थे।

आज भी दुनिया कुछ वैसे ही कोलाहल , असमंजस और किंकर्तव्यविमूढ़ स्थिति में है। मानव मन जीवन रण में छोटी बड़ी परिस्थितियों में सदैव इसी तरह की उहापोह में डोलता रहता है इसलिए गीता सर्वकालिक सर्वप्रासंगिक बनी हुई है।

श्रीमद्भगवद्गीता का भाष्य ही वास्तव में "महाभारत" है। गीता को स्पष्टतः समझने के लिये गीता को महाभारत के प्रसंगों में पढ़ना और हृदयंगम करना आवश्यक है। महाभारत तो विश्व का इतिहास ही है। ऐतिहासिक एवं तत्कालीन घटित घटनाओं के संदर्भ मे झांककर ही श्रीमद्भगवद्गीता के विविध दार्शनिक-आध्यात्मिक व धार्मिक पक्षों को व्यवस्थित ढंग से समझा जा सकता है।

## न्यूज फ्लैश

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिले में एक 34** वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। वह घर पर अकेला था। रात को परिजन घर लौटे तो युवक फंदे से लटका पाया। वारदात की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन कर दी। परिजनों का आरोप है कि युवक अपनी पत्नी से परेशान था। पत्नी उसके बच्चा नहीं होने दे रही थी। वह दवाई खाकर 5 से 6 बच्चे खत्म कर चुकी थी। इसके चलते दोनों में काफी झगड़ा होता था। इसी के चलते परेशान होकर उसने सुसाइड किया है। पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान रवि कुमार के रूप में हुई है। वह करनाल में दयालपुरा गेट एरिया में रहता था। उसके पिता कालू राम ने पुलिस को बताया है कि रवि ड्राइवर था। हालांकि अभी वह 2 दिन से घर पर ही था। वह अपनी पत्नी से परेशान था, इसलिए मेरे पास आ गया था। कालू राम बताते हैं कि उन्होंने अपने बेटे को कुछ समय पहले पत्नी सहित अलग कर दिया था, लेकिन जब दोनों पति-पत्नी के बीच झगड़ा होता था तो रवि उनके पास चला आता था। वहीं उनका छोटा बेटा भी काम पर गया था। घर में उनकी पत्नी और रवि ही थे। रवि काम पर गया नहीं था। वह सुबह से ही अलग-अलग लोगों से फोन पर बात करने में व्यस्त था। इसी दौरान शाम के समय उनकी पत्नी किसी काम से बाहर गई। इसी दौरान रवि ने पंखे पर फंदा डालकर फांसी लगा ली। कालू राम ने बताया कि जब वह चाय की दुकान बंद कर घर लौटे तो अंदर से दरवाजा बंद था। काफी देर खटखटाने के बाद दरवाजा नहीं खुला तो खिडकी से झांक कर देखा। उसमें पंखे पर रवि लटका हुआ था।

### नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सैशन जज ने की बैठक

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिला एवं सत्र न्यायाधीश** एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर ने 14 दिसंबर को आयोजित की जाने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सभी ज्युडिशियल अधिकारियों, इंश्योरेंस कम्पनी व बैंकों के मैनेजर व संबंधित विभागों के साथ मंगलवार को एक बैठक की। बैठक में उन्होंने नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में कोई भी व्यक्ति जिसका अदालत में कोई मुकदमा लम्बित हो, वह ऐसे मामलों को रखकर उनका फैसला करवा सकता है। इसके अलावा प्री लिटिगेशन स्टेज के मुकदमों के लिए स्थाई लोक अदालत में 13 दिसंबर को लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्री लिटिगेशन स्टेज के मुकदमे रखकर उनका निपटारा किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा यातायात संबंधित चालानों का भुगतान करने के लिए 10 से 13 दिसंबर तक जिला न्यायालय की अदालतों में प्री लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए हैल्पलाइन नंबर 0184-2266138 व नालसा हैल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क कर सकते हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। नेशनल हाईवे पर** अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई है। मृतक अपनी ड्यूटी खत्म करके पैदल ही घर लौट रहा था। इसी दौरान सडक क्रॉस करते समय हादसा हो गया, क्योंकि हाईवे पर गांव के पास फुटओवरब्रिज नहीं बना है। हादसा सोमवार देर रात उचानी गांव में हुआ है। मृतक की पहचान 50 वर्षीय केहर सिंह निवासी उचानी गांव के रूप में हुई है। ऊचानी गांव के पास हाईवे क्रॉस करने के लिए फुटओवरब्रिज नहीं है, इसलिए वह पैदल ही सडक क्रॉस कर रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। ग्रामीण शिव कुमार व परिजनों ने बताया कि गाड़ी की टक्कर लगने से केहर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसा होता देख आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए और गंभीर हालत में उसे कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# क्षय रोग उन्मूलन के लिए 100 दिन के अभियान का हुआ शुभारंभ

**टीबी एक संक्रामक रोग, लक्षण दिखने पर तुरंत करवाएं जांच और इलाज : डॉ. लोकवीर**

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। सिविल सर्जन डॉ.** लोकवीर द्वारा मंगलवार को अपने कार्यालय में 100 दिन के क्षय रोग उन्मूलन के लिए अभियान का शुभारंभ मोबाइल मैडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर किया गया। कार्यक्रम में उप सिविल सर्जन डॉ. रविन्द्र संधू, उप सिविल सर्जन डॉ. नरेश, उप सिविल सर्जन डॉ. अमन, उप सिविल सर्जन डॉ. शीनू, उप सिविल सर्जन डॉ.नीलम, उप सिविल सर्जन डॉ. कैलाश तथा अन्य टीबी स्टाफ ने भाग लिया। सिविल सर्जन डॉ.लोकवीर ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में अगले 100 दिनों तक मोबाइल मेडिकल टीमों द्वारा गांव-गांव जाकर आशंकित मरीजों की जांच



की जाएगी। टीमों द्वारा मौके पर ही खून व बलगम जांच के सैंपल लेकर टीबी मरीजों की पहचान की जाएगी। यदि किसी व्यक्ति में टीबी के लक्षण पाए जाते हैं तो वह नजदीक स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर जांच व ईलाज करवाएं। सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर टीबी से सम्बधित जांच व ईलाज मुफ्त में किया जाता है। साथ ही उन्हें निक्षय पोषण योजना के तहत एक हजार रुपए प्रति माह पौष्टिक आहार के लिए देने का प्रावधान किया गया है, ताकि वर्ष 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। इसलिए इसके लिए मरीजों को जागरूक करना बहुत आवश्यक है । उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा टीबी को नोटिफाइबल डिजीज घोषित किया गया है, जिसके अन्तर्गत सभी प्राईवेट अस्पतालों/क्लीनिक एवं लैब को टीबी के मामलों को रिपोर्ट करना आवश्यक है । डॉ लोकवीर ने बताया कि टी.बी. एक संक्रामक रोग है, जो कि टीबी के मरीज के खासंने और छींकने से फैलता है। यह इंफैक्शन आसानी से हवा में घुल जाता है। शुरूआत में यह बीमारी फेफड़ो पर असर करती है। बाद में बैक्टीरिया खून के जरिये शरीर के अन्य हिस्सों को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को दो हफ्तों से ज्यादा खांसी हो, उसके बलगम में खून आता हो, वजन कम हो, हल्का बुखार रहता हो, भूख कम लगती हो या रात को पसीना आता हो तो वह जांच करवाएं।

## इंटर स्कूल साइंस क्विज प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जेएन विद्यापत** शिक्षण संस्थान रायसन में इंटर स्कूल साइंस क्विज प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। स्कूल संचालक एवं प्रधानाचार्य रोहताश राणा की अध्यक्षता में अन्य स्कूलों से आए अतिथि टीम इंचार्ज व सभी स्टाफ सदस्यों ने ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय के लगभग 70 छात्र एवं छात्राओं ने अपने-अपने मॉडल्स एवं चार्ट्स प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रतिभा को साबित कर सभी को प्रभावित किया। विद्यार्थियों के कई मॉडल आकर्षण का केन्द्र बने रहे। क्विज प्रतियोगिता में सनराइज पब्लिक स्कूल अमुपुर, मॉडर्न पब्लिक स्कूल ब्योडक, विद्याव्रत सिनियर सेकेंडरी स्कूल घराड़सी व आर्यकुलम पब्लिक स्कूल कोयर ने अपनी टीम के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता संयोजक एवं साइंस अध्यापक लविश चौधरी ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी का मकसद, छात्रों और लोगों को अवधारणाओं, खोजों, नवाचारों, और प्रयोगों के बारे में जानकारी देना और उन्हें शिक्षित करना होता है।

### प्लास्टिक का उपयोग न करने का किया आह्वान

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिला एवं सत्र** न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंगलपुर पहुंची। यहां उन्होंने मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया। इसके अलावा उन्होंने विद्यार्थियों को पोक्सो एक्ट, नशा निषेध व साइबर काइम के बारे में भी जानकारी दी।

# हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ संगठनों का प्रदर्शन

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र : बांग्लादेश में** हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हो रहे हिंसक अत्याचारों के विरोध में आज कुरुक्षेत्र में विभिन्न हिन्दू संगठनों द्वारा एक बड़ा रोष प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने और वहां के हिन्दू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने बांग्लादेश में हिन्दू धर्म के अनुयायियों पर हो रहे हमलों, मंदिरों को तोड़े जाने और धार्मिक हिंसा की कड़ी निंदा की। इस दौरान, प्रदर्शनकारियों ने हाथों में




तख्तियाँ और बैनर उठाए, जिन पर "हिन्दू समुदाय के खिलाफ हिंसा बंद करो" और "बांग्लादेश सरकार, हिन्दू सुरक्षा सुनिश्चित करो" जैसे नारे लिखे हुए थे। प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि बांग्लादेश सरकार और वहां के सुरक्षा बलों की निष्क्रियता के कारण हिन्दू समुदाय लगातार उत्पीड़न का शिकार हो रहा है। प्रदर्शन में शामिल नेताओं ने भारतीय सरकार से भी बांग्लादेश में हिन्दू समुदाय की सुरक्षा के मुद्दे पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दबाव बनाने की अपील की। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी थी, और प्रशासन ने पूरी स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ भारत के हिंदुओं में भारी रोष है। हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों का गुस्सा अब सड़कों पर नजर आने लगा है। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में भी बांग्लादेश में हिंदू नरसंहार व बांग्लादेश में हिन्दुओं एवं वहां के अल्पसंख्यकों व महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ हिंदू संगठनों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया।

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में अग्रसेन चौंक पर हिंदू संगठनों के लोग भारी संख्या में एकत्रित हुए। इनमें विशेष रूप से संतों, बुजुर्गों महिलाओं और युवाओं की भारी संख्या में भागीदारी रही। जय श्री राम और बांग्लादेश मुर्दाबाद के

### सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिले में घटित** हुए एक सडक हादसे में एक युवक की मौत हो गई। युवक अपने दो अन्य दोस्तों के साथ कुरुक्षेत्र में गीता जयंती महोत्सव देखने के लिए गया था। लौटते समय रास्ते में उनकी कार को दूसरी कार ने टक्कर मार दी। इसमें एक की मौत हो गई, जबकि दो दोस्त घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार घीड़ गांव का रहने वाला युवक रवि हेयर सैलून चलाता था। उसके पिता कुलदीप ने बताया कि सोमवार की शाम करीब सात बजे रवि अपने तीन दोस्तों के साथ गीता जयंती महोत्सव देखने के लिए गया था। इनमें तीन युवक घीड़ गांव के हैं, एक सलारपुरा का रहने वाला है। एक युवक कुरुक्षेत्र में ही रह गया। रवि अपने दो अन्य दोस्तों सलारपुरा निवासी सौरभ व घीड़ निवासी रमन के साथ घर वापस आ रहा था। कुलदीप ने बताया कि रात को वे कार में बड़ा गांव-इंद्री रोड पर नगला-रिंडल गांव के बीच पहुंचे तो सामने से आ रही एक कार ने रवि की कार को साइड मार दी। इससे कार का बैलेंस बिगड़ गया और कार पलट गई। रवि गंभीर रूप से घायल हो गया। रमन और सौरभ को भी चोटें आईं। तीनों को करनाल के अस्पताल में एडमिट करवाया गया।

# खिलाड़ियों ने शूटिंग चैम्पीयनशिप में दिखाया अपना जौहर

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत ( कमाल हुसैन )

**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय,** कुरुक्षेत्र द्वारा शनिवार को इन्टरकॉलेज शूटिंग चैम्पीयनशिप आर्य महाविद्यालय में आयोजित कराई गई जिसमें शूटिंग की अलग-अलग विधाओं में आर्य महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने अपना जौहर दिखाकर अनेकों पदक अपने नाम किए। कॉलेज उपाचार्या डा. अनुराधा सिंह ने सभी खिलाड़ियों का कॉलेज प्रांगण में पंहुचने पर स्वागत करते हुए उनके उज्वल भविष्य की



कामना की व कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी प्राध्यापकों व कोचों को बधाई दी। उपाचार्या डा. अनुराधा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 06 से 08 दिसंबर को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा आर्य महाविद्यालय में इन्टर कॉलेज शूटिंग चैम्पीयनशिप का आयोजन हुआ जिसमें आर्य कॉलेज के होनहार खिलाड़ियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए 10 मी एयर पिस्टल मे विशाल, मनीष, प्रियांशु और राहुल ने संयुक्त रुप से सिल्वर मेडल, इन्डविजुअल 10 मी एयर पिस्टल में राहुल सैनी और अंजली सैनी ने सिल्वर मेडल, 10 मी एयर राइफल में कार्तिक, विनय, हितेश और दीपक ने कांस्य मेडल, 10 मी एयर पिस्टल युमन में अंजली सैनी, मुस्कान और डिप्सी ने सिल्वर मेडल जीत कर कॉलेज के साथ-साथ अपने शहर पानीपत का भी नाम रोशन किया। साथ ही उपाचार्या ने यह भी बताया कि महाविद्यालय के विशाल प्रजापति, राहुल सैनी और अंजली सैनी का चयन ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (शूटिंग) के लिए हुआ है जिसमें ये खिलाड़ी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। उपाचार्या डा. अनुराधा सिंह ने कहा कि आर्य कॉलेज के विद्यार्थी न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि खेलों व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अपने कॉलेज का नाम केवल अपने देश भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी रोशन कर

# स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का कार्यक्रम आज

टीम एक्शन इंडिया

**समालखाः स्मार्ट इंडिया** हैकाथान (एसआइएच) का 11 दिसंबर को शुभारंभ होगा। पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) को हरियाणा का नोडल सेंटर बनाया गया है। देश के अलग-अलग नोडल सेंटर पर 11 दिसंबर बुधवार शाम साढ़े चार बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एसआइएच की टीम के सदस्यों से बात करेंगे। उनके प्रोजेक्ट पर चर्चा करेंगे। हरियाणा में देशभर से पहुंची टीमें जल संरक्षण एवं स्वच्छता पर प्रोजेक्ट बना रही हैं। इस ग्रैंड फिनाले में 1300 से अधिक टीमें भाग लेंगी। स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (एसआइएच) का 7वां संस्करण देश भर के 51 नोडल केंद्रों पर एकसाथ शुरू होगा। इसका



सॉफ्टवेयर संस्करण जहां 36 घंटे तक लगातार चलेगा, वहीं इसका हार्डवेयर संस्करण 11 से 15 दिसंबर 2024 तक जारी रहेगा। पिछले संस्करणों की तरह विद्यार्थियों की टीमें या तो मंत्रालयों या विभागों या उद्योगों द्वारा दिए गए समस्या विवरणों पर काम करेंगी या फिर राष्ट्रीय महत्व के क्षेत्रों से जुड़े 17 विषयों में से किसी एक के बारे में विद्यार्थी नवाचार श्रेणी में अपने विचार प्रस्तुत करेंगी। ये क्षेत्र हैं - स्वास्थ्य सेवा, आपूर्ति श्रृंखला एवं लॉजिस्टिक्स, स्मार्ट प्रौद्योगिकियां, विरासत एवं संस्कृति, स्थिरता, शिक्षा एवं कौशल विकास, जल, कृषि एवं खाद्य, उभरती प्रौद्योगिकियां और आपदा प्रबंधन। इस वर्ष के संस्करण के कुछ दिलचस्प समस्या विवरणों में इसरो द्वारा प्रस्तुत चंद्रमा पर अंधेरे वाले क्षेत्रों के चित्रों को बढ़ाना, जल शक्ति मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत एआई, उपग्रह डेटा, आईओटी एवं गतिशील मॉडल का उपयोग करके वास्तविक समय में गंगा जल की गुणवत्ता की निगरानी प्रणाली विकसित करना और आयुष मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत एआई के साथ एकीकृत एक स्मार्ट योगा मैट विकसित करना शामिल है। इस वर्ष 54 मंत्रालयों, विभागों, राज्य सरकारों, सार्वजनिक उपक्रमों और उद्योगों द्वारा 250 से अधिक समस्या विवरण प्रस्तुत किए गए हैं।

# एआईयूटीयूसी का 22 वां अखिल भारतीय सम्मेलन

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**केंद्रीय मजदूर संगठन** ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर (एआईयूटीयूसी) का 22 वां अखिल भारतीय सम्मेलन उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में 15 से 17 दिसंबर को आयोजित होगा। जबकि खुला अधिवेशन 15 दिसम्बर को रहेगा। यहां मंगलवार को यूनियन कार्यालय में पदाधिकारियों की मीटिंग को संबोधित करते हुए यूनियन के हरियाणा प्रदेश सचिव कामरेड हरिप्रकाश ने बताया कि इस तीन दिवसीय सम्मेलन में लगभग 26 प्रदेशों के श्रमिक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। हरियाणा के विभिन्न जिलों से कारखाना मजदूर,निर्माण मजदूर-कारीगर, भट्ठा मजदूर,



टेक्सटाइल, आटोमोबाइल, मैनुफैक्चरिंग, रेलवे, रोडवेज, बिजली, पीडब्ल्यूडी, पब्लिक हेल्थ, आंगनवाड़ी, आशा, मिड-डे-मील कर्मियों, ग्रामीण चौकीदार, सफाई कर्मचारी व ठेका श्रमिक यूनियनों के करीबन 70 प्रतिनिधि भागीदारी करेंगे। श्रमिक नेता हरिप्रकाश ने कहा कि प्रदेश के श्रमिकों का न्यूनतम वेतन पिछले 10 वर्षों से रिवाइज नहीं किया गया है। इसे बार-बार लटकाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बाजार में मंहगाई के हिसाब से श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 28,000 रुपए मासिक बनता है। परन्तु सरकार सरमायेदारों/उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए इसे रिवाइज न कर श्रमिक, कर्मचारियों के हकों को दबा रही है। धन की कमी का विलाप कर सरकार आंगनवाड़ी कर्मियों, मिड-डे-मील कुकों व आशा कार्यकताओं को भी न्यूनतम वेतन देने के लिए तैयार नहीं है। जबकि वे सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने के लिए लम्बे समय से संघर्ष करती आ रही हैं। सरकार उन्हें अपना श्रमिक तक नहीं मानती है। भवन निर्माण मजदूर-कारीगरों के पंजीकरण व हित लाभ देने पर सरकार ने अप्रत्यक्ष रूप से रोक लगाई हुई है। उन्हें नाजायज ढंग से उनके हकों से वंचित किया जा रहा है। मनरेगा मजदूर, ग्रामीण सफाई कर्मचारी, ग्रामीण चौकीदार व अन्य श्रमिकों को उनके हक

# शिक्षा के अधिकार के लिए अनूठी है साइकिल योजनाः सुदेश

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। करनाल स्थित** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को मुफ्त साइकिल प्रदान करने के लिए दो दिवसीय साइकिल मेले की शुरूआत हुई। मेले का शुभारंभ समग्र शिक्षा की जिला परियोजना समन्वयक ज्योत्स्ना मिश्रा की उपस्थिति में जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल ने किया। मेले में अनुसूचित जाति के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे छठी कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों और अध्यापकों के साथ पहुंच कर प्रदर्शित विभिन्न कंपनियों के साइकिल देखे तो



उनके चेहरे खिल उठे। विद्यार्थियों ने मनपसंद साइकिल का चयन किया। जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल व डीपीसी ज्योत्स्ना मिश्रा ने कहा कि सभी विद्यार्थियों के शिक्षा के अधिकार का संरक्षण करने के लिए सरकार व शिक्षा विभाग द्वारा अनेक योजनाएं चलाई गई हैं। मुफ्त साइकिल प्रदान करने की इस अनूठी योजना में छठी कक्षा के अनुसूचित जाति के उन विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान करने के लिए राशि प्रदान की जाएगी, जो अपने स्कूल में दो या अधिक किलोमीटर की दूरी से आते हैं। उन्होंने कहा कि 20 इंची साइकिल लेने पर 2800 रूपए और 22 इंची साइकिल लेने पर 3 हजार रुपए विभाग द्वारा दिए जाएंगे। बाकी राशि अभिभावकों को अदा करनी है। उन्होंने स्कूल मुखियाओं को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र विद्यार्थी योजना से वंचित ना रहे। मेला संयोजक एवं डीओसी स्काउट सियाराम शास्त्री व प्राध्यापक अरुण कुमार कैहरबा ने बताया कि मेले में सुबह नीलोखेड़ी और निसिंग खंड और शाम के सत्र में इन्द्री और घरौंडा खंड के विद्यार्थियों ने आकर साइकिलों का चयन किया। उन्होंने बताया कि मेले के पहले दिन इन्द्री खंड के 172, नीलोखेड़ी खंड के 197, निसिंग के 167, घरौंडा के 27 विद्यार्थियों ने साइकिलों का चयन किया।

**करनाल और असंध के विद्यार्थी आज चुनेंगे मनपसंद स्कूल**

उन्होंने बताया कि बुधवार को सुबह के सत्र में करनाल खंड और शाम के सत्र में असंध खंड के विद्यार्थी मेले में पहुंचेंगे और अपनी साइकिलों का चयन करेंगे। चार खंडों (इन्द्री, नीलोखेड़ी, निसिंग और घरौंडा) से जो विद्यार्थी साइकिलों का चयन करने से किसी कारण से वंचित रह गए हैं, वे बुधवार को मेले में पहुंच कर साइकिल चुन सकते हैं। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी इन्द्री की प्रतिनिधि प्रधानाचार्य सुमित्रा शर्मा, प्रधानाचार्य सुरेश कुमार, स्काउट मास्टर बलराज, बारुराम, कविता उपस्थित रहे।

# डॉ. भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा के सामने धरना लगाया

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत : ( कमाल हुसैन )

**विश्व मानवाधिकार** दिवस के अवसर पर सीपीआई के कार्यकर्ताओं ने लघु सचिवालय के प्रांगण में स्थापित भारत के संविधान निर्माता डाक्टर भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा के सामने धरना लगाया । बाद में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त मश को महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक मांगपत्र दिया। मांगपत्र में बंगला देश में अल्पसंख्यक समुदाय पर किये जा रहे हमलों को रोकने के लिए भारत सरकार बंगला देश की सरकार से बातचीत करके अल्पसंख्यक



समुदाय पर हमले रोकने का प्रयास करें, अडानी ग्रुप पर अमेरिका में लगे रिश्वत के आरोप लगने के बाद अडानी ग्रुप की संयुक्त संसदीय समिति ( जे पी सी) से जांच कराने, देश में लगातार क्रोनी पूँजीवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है उससे केन्द्रीय सरकार पर शंका उत्पन्न हो रही है । इसलिए क्रोनी पूंजीवाद को बढावा देने में केन्द्र सरकार की जांच कराने, एक वर्ष से ज्यादा समय से मणिपुर राज्य जातीय हिंसा का शिकार हो रहा है और वहाँ जान माल का भारी नुकसान हो चुका है।

## न्यूज फ्लैश

### सट्टेबाजी करते हुए तीन गिरफ्तार, मौके से 12 हजार से ज्यादा की राशि बरामद

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना सोनीपत पुलिस ने सट्टेबाजी करते हुए तीन आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से 12 हजार सौ रुपये की राशि बरामद की है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ जुआं अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। उप निरीक्षक ओम प्रकाश की टीम गश्त के दौरान बहालगढ़ फ्लाईओवर पुल के नीचे थे। उसी दौरान भारत पीजी के पास सड़क पर तीन लड़के सट्टेबाजी करते हुए पाए गए। जिसकी पहचान नासिर, पंकज, मोहम्मद निवासी जेजे कॉलोनी बवाना दिल्ली का है। आरोपितों के पास से 12100 रुपये बरामद किए है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियारों सहित तीन आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत:** क्राइम यूनिट कुंडली पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में अवैध हथियारों सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रोहित व मुकेश उर्फ भोलू निवासी गंगाना व साहिल निवासी इशापुर खेड़ी हाल में चोपड़ा कॉलोनी गोहाना का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। अदालत ने दो आरोपितों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। जबकि तीसरे आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। क्राइम यूनिट में तैनात उप निरीक्षक अजमेर ने बताया कि उनकी टमी गश्त के दौरान गांव बड़ौता के पास मौजूद थी। उसी दौरान टीम को दो युवकों के पास हथियार होने की सूचना मिली थी। टीम ने छापेमारी करते हुए मुकेश व रोहित को काबू कर लिया। उनके पास से तलाशी के दौरान उनके पास से दो अवैध पिस्तौल व दो जिंदा रौंद बरामद हुए। आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी सिपाही अनिल ने बताया की आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दो आरोपितों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। वहीं सिपाही बिंटू की टीम ने आरोपित साहिल को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### हड्डी रोग विशेषज्ञ की कोर्ट ड्यूटी तो दूसरे को वीआईपी ड्यूटी पर भेजा

**सोनीपत:** नागरिक अस्पताल में हड्डी व ईएनटी की ओपीडी सोमवार को बंद रही। जिसके चलते अस्पताल में आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर घंटों लाइन में खड़े रहे। उसके बाद उन्हें ओपीडी में चिकित्सक न होने के चलते वापस निराश होकर वापिस लौटना पड़ा। हड्डी रोग विशेषज्ञ ओपीडी में तैनात एक चिकित्सक की वीआईपी ड्यूटी तो दूसरे की कोर्ट में तारीख होने के चलते ओपीडी नहीं खुली। वहीं ईएनटी चिकित्सक के छुट्टी पर होने के चलते मरीजों को भटकने पर मजबूर होना पड़ा। बता दें कि नागरिक अस्पताल में रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार को ओपीडी खुली। सुबह से रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर मरीजों की लंबी लाइन देखने को मिली। करीब एक घंटे से ज्यादा समय लाइन में खड़े होने के बाद मरीजों को हड्डी रोग व ईएनटी चिकित्सक के ओपीडी में न होने की जानकारी मिली। अस्पताल में हर रोज करीब दो हजार से ज्यादा का ओपीडी रजिस्ट्रेशन है। वहीं हड्डी रोग व ईएनटी ओपीडी की बात करते हुए हर रोज छह सौ से ज्यादा की ओपीडी है। ईएनटी ओपीडी में तैनात डा. प्रदीप लाकड़ा सोमवार को छुट्टी पर रहे। वहीं हड्डी रोग ओपीडी में तैनात डा मलिक को पानीपत कार्यक्रम में वीआईपी ड्यूटी पर भेज दिया। तो डा. विपिन दलाल की कोर्ट ड्यूटी रही। जिसके चलते दोनों ओपीडी में आए मरीजों को वापिस लौटने पर मजबूर होना पड़ा। प्रशासनिक ड्यूटी चिकित्सक को करनी होती है। वहीं चिकित्सकों को अपने निजी कार्यो को लेकर छुट्टी पर जाना पड़ता है।

# कैंट के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गीता महोत्सव आयोजित

**श्रीमद भगवत गीता का प्राकट्य स्वयं भगवान श्रीकृष्ण के मुखारविंद से हुआ है।**

**गीता ज्ञान**

**श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति अम्बाला के प्रतिनिधि पंडित तिलक राज मुख्य अतिथि के रूप में पधारे**





टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला छावनी:** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेन ब्रांच, अंबाला कैंट में गीता महोत्सव 2024 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति अम्बाला के प्रतिनिधि पंडित तिलक राज मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। कार्यक्रम के शुभारम्भ में विद्यालय के प्रिंसिपल रमेश कुमार गोयल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। अपने उद्बोधन में पंडित तिलक राज ने छात्र-छात्राओं को बताया कि श्रीमद भगवत गीता का प्राकट्य स्वयं भगवान श्रीकृष्ण के मुखारविंद से हुआ है। गीता में 18 अध्याय एवं 700 श्लोक हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने श्रीमद्भागवत गीता का ज्ञान महाभारत के युद्ध में अर्जुन को मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन दिया था इसलिए इसको मोक्षदा एकादशी भी कहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रायः लोग कहते हैं कि गीता केवल सन्यासियों के लिए है। वे अपने बालकों को भी इसी भय से गीता का अभ्यास नहीं कराते कहीं गीता ज्ञान से उनका बालक घर छोड़कर सन्यासी न हो जाए जोकि गलत विचार धारा है।

उन्हें विचार करना चाहिए कि मोह के कारण अपने धर्म से विमुख होकर भिक्षा के अन्न से निर्वाह करने के लिए तैयार हुए अर्जुन को अपने कर्तव्य पालन का उपदेश श्रीकृष्ण ने दिया था। ऐसे में गीता का अभ्यास किसी को विपरीत दिशा में कैसे लेकर जा सकता है। उन्होंने कहा कि गीता पढ़ने वाला उच्च स्तर का मानव बनता है तथा जीवन की प्रत्येक समस्या पर आसानी से विजय प्राप्त कर सकता है। उन्होंने प्रेरणा देते हुए कहा कि आज के समय में गीता सभी जाति और धर्म के लोगों को पढ़नी चाहिए। पंडित तिलक राज शर्मा ने कहा कि वे हरियाणा शिक्षा विभाग को साधुवाद देते हैं कि गीता ज्ञान को प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुंचाने के लिए विद्यालयों में गीता महोत्सव पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ-साथ उन्होंने महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज का भी धन्यवाद किया। जिनके अथक प्रयासों से गीता का प्रचार ने केवल भारत अपितु पूरे विश्व में हो रहा है। इस अवसर पर उन्होंने स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज द्वारा गीता जयंती के पर्व पर चलाए जा रहे अभियान एक मिनट-एक साथ गीता पाठ के तीनों श्लोकों का सामूहिक रूप से संस्कृत व हिन्दी में उच्चारण करवाया।

# साहा क्षेत्र से चूरापोस्त तस्करी मामले में आरोपी गिरफ्तार



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने हेतु चलाए विशेष अभियान के दौरान थाना साहा क्षेत्र गाँव छपरा मोड़ कोका कोला फैक्टरी के पास से नशा तस्करी के मामले में 9 दिसम्बर 2024 को एन्टी नारकोटिक सैल अम्बाला ने निरीक्षक संदीप कुमार के नेतृत्व में उप-निरीक्षक गुरदर्शन सिहँ व उनकी टीम ने सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी राहुल उर्फ हैप्पी निवासी गाँव पतरेहड़ी थाना साहा जिला अम्बाला को 15 किलो 130 ग्राम चूरापोस्त सहित गिरफ्तार कर थाना साहा में मामला दर्ज कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 6 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया।

9 दिसम्बर 2024 को एएनसी अम्बाला के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थो की तस्करी का कार्य करता है, जो आज थाना साहा क्षेत्र टीसीआई फैक्ट्री की तरफ से पैदल गाँव छपरा जाएगा। छपरा मोड़ कोका कोला फैक्टरी के पास आरोपी को काबू किया जा सकता है। सूचना उपरान्त एएनसी अम्बाला के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना साहा क्षेत्र गाँव छपरा मोड़ कोका कोला फैक्टरी के पास पैदल आ रहे संदिग्ध को काबू कर विधिनुसार तलाशी लेने पर उससे 15 किलो 130 ग्राम चूरापोस्त बरामद किया। आरोपी की पहचान राहुल उर्फ हैप्पी निवासी गाँव पतरेहड़ी थाना साहा जिला अम्बाला के रूप में हुई जिसे उपरोक्त मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार कर थाना साहा में मामला दर्ज किया।

# कंप्यूटर सेंटर के बाहर से छात्र की मोटरसाइकिल चोरी, मुकदमा दर्ज

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित कंप्यूटर सेंटर के बाहर से दो-पहिया वाहन के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बाइक चोर का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गढ़ शहजानपुर सेक्टर-27 निवासी सौरव ने बताया कि व गांव से कंप्यूटर सीखने के लिए आता है। वह गत 5 दिसंबर को सेंटर पर पहुंचा। जहां सेंटर के बाहर बाइक को खड़ा कर दिया। उसके बाद सेंटर पर चला गया। कुछ देर बाद वापिस बाहर आया तो बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एसआई सतबीर सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे है। जल्द बाइक चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# अवैध ढांचा पीर हटाकर ही दम लेंगे: महेंद्र शर्मा

**ठाना**

**कार्वाई करते हुए 19 नवंबर को अवैध पीर की अंबाला हिसार राज्य मार्ग से साथ लगती हुई दीवार को ध्वस्त किया था**



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** अंबाला शहर में सेक्टर-7 की नजदीक बनी अवैध पीर का मामला शहर में गरमाता जा रहा है। इस मामले में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल अग्रणी भूमिका निभाते हुए पहले ही जिला उपायुक्त को 4 नवंबर को ज्ञापन देने के बाद 12 नवंबर को अंबाला हिसार राज्य मार्ग को जाम कर चुके हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग ने कार्वाई करते हुए 19 नवंबर को अवैध पीर की अंबाला हिसार राज्य मार्ग से साथ लगती हुई दीवार को ध्वस्त किया था साथ ही साथ अवैध तरीके से बने हुए मुख्य द्वार और गुंबद भी गिराए थे। इस कार्रवाई के दौरान भी विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता दोपहर 2 बजे से रात के 12 बजे तक अवैध पीर के सामने पंचायत भवन पर भारी संख्या में डटे रहे थे। इसके चलते 22 नवंबर को परिषद ने नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर 15 दिन का समय तय किया था। जिसके दौरान प्रेस वार्ता कर कर संगठन ने बताया था कि 9 तारीख शाम 6:00 बजे तक यदि नगर निगम कमिश्नर इस मामले पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता तो वह नगर निगम कमिश्नर को 10 तारीख सुबह ऑफिस अरेस्ट कर लेंगे। पूर्व घोषित इस कार्यक्रम के तहत आज विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता एवं अधिकारी दलबल के साथ नगर निगम आयुक्त के दफ्तर के बाहर ताला व जंजीर लेकर पहुंचे। परिषद के लोगों का यह कहना था कि आज यदि उन्हें कोई संतुष्टि भरा जवाब कमिश्नर ऑफिस से नहीं मिला तो वह कमिश्नर ऑफिस के बाहर ताला जड़ देंगे। अपने रोष को प्रदर्शित करते हुए विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नगर निगम द्वार पर लैंड जेहाद मुर्दाबाद के नारे लगाए और नगर कमिश्नर को इस मामले पर कार्रवाई करने के लिए कहा। कार्यकर्ताओं के इस प्रकार नगर निगम दफ्तर के बाहर इकट्ठा होने पर नगर निगम के ज्वाइंट कमिश्नर ने बाहर आकर नगर निगम के द्वार पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के रा से बात की उन्हें आश्वासन दिया कि नगर निगम पूरी मुस्तादी के साथ इस कार्रवाई पर लगा हुआ है और क्योंकि यह जमीन हुडा के अंतर्गत आती है।

# यात्रियों को झेलनी पड़ी परेशानी, घंटों करते रहे बसों का इंतजार

**परेशानी**

**जिले में कुल 194 बसें हैं। इनमें 137 बसें रोडवेज की और 57 बसें किलोमीटर योजना के तहत शामिल हैं**

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** पानीपत जिले में देश के प्रधान मंत्री द्वारा बीमा सखी कार्यक्रम को लेकर सोनीपत रोडवेज डिपो की तरफ से 68 बसों को भेजा गया। बसों के प्रशासनिक ड्यूटी पर भेजे जाने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। दिल्ली, चंडीगढ़, व बागपत रूट को छोड़ दे तो अधिकतर रूट बंद रहे। यात्रियों को बसों के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। बस अड्डे पर विभिन्न रूटों पर जाने वाले यात्रियों की भीड़ रही। बूथ पर बस लगते ही खचाखच भर रही थी। अधिकारी व्यवस्था बनाए रखने में जुटे रहे। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पानीपत में बीमा सखी योजना का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची, जिन्हें लाने व ले जाने की जिम्मेदारी रोडवेज को सौंपी गई थी। ऐसे में जिले से रविवार रात को ही रोडवेज बसों को अलग-अलग गांवों में भेज दिया गया था। जबकि 10 बसें रिजर्व रखी गई थी। जिन्हें सोनीपत, गोहाना, खरखौदा व राई में खड़ा किया गया था। सोमवार सुबह रोडवेज बसें जिले भर से महिलाओं को लेकर पानीपत के लिए रवाना हो गई थी। बड़ी संख्या में बसों के पीएम के कार्यक्रम में रवाना करने से यात्रियों को बसों की कमी खली। ऐसे में अधिकतर यात्रियों ने रेलवे स्टेशन का रुख किया। काफी यात्री ऐसे रहे जिन्होंने निजी वाहनों का सहारा लिया या अपनी यात्रा ही निरस्त कर दी। बस अड्डे पर दिन भर यात्रियों की भीड़ लगी रही।

**अलग-अलग रुठों पर यात्रियों को उठानी पड़ी परेशानी, जिले में 32 रुट हुए प्रभावित-** मिली जानकारी के अनुसार जिले में कुल 194 बसें हैं। इनमें 137 बसें रोडवेज की और 57 बसें किलोमीटर योजना के तहत शामिल हैं। किलोमीटर योजना के तहत चलने वाली बसें बीएस-4 मानक की हैं, जिन्हें दिल्ली में भेजना संभव नहीं है। ऐसे में इन बसों को सोनीपत से चंडीगढ़ सहित अन्य रूटों पर रवाना किया गया है।

# मैनेजर से मारपीट करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**काबू**

**गिरफ्तार आरोपित वंशु उर्फ विशाल निवासी नरेला, दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया**

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** कुंडली थाना पुलिस ने प्राइवेट कंपनी के मैनेजर से मारपीट कर रुपये छीनने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित वंशु उर्फ विशाल निवासी नरेला, दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गांव निजामपुर दिल्ली कुंडली निवासी बालेराम ने गत 26 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह वह निजी कंपनी में बतौर मैनेजर की पोस्ट पर कार्यरत है। वह ड्यूटी खत्म करके अपने घर निजामपुर जा रहा था। वह नहर वाले रोड से नाहरा के पास पहुंचा। उसी दौरान कंपनी से प्लंबर का फोन आया। उसने फोन सुनने के लिए गाड़ी को सड़क किनारे लगा लिया। उसी दौरान एक कार उसके पास आकर रूकी। उसमें से तीन लड़के उतरकर आए। तीनों लड़कों के हाथों में डंडे व मुंह में कपड़ा बांधे हुए थे। उसके तुरंत बाद उसे डंडे से पीटना शुरू कर दिया। सिर पर पहना हेलमेट डंडों की मार से टूट गया। हमलावरों ने जेब से 6500 रुपये की राशि छीन ली। उसके बाद उसके बाद उसका मोबाइल फोन छीनने की कोशिश की। वह चिल्लाने लगा। उसी दौरान उसे हमलावर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। कुंडली थाना पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

### चलती बाइक में अज्ञात कारणों के चलते लगी आग

**सोनीपत:** सोनीपत के गोहाना रोड पर स्थित काजल केबल वाली गली में चलती बाइक में अचानक आग लग गई। चालक ने किसी तरह अपने आप को सुरक्षित बाइक से उतरकर बचाया। कुछ ही मिनट में बाइक के आग का गोला बन गई। बाइक सवार गोहाना रोड पर स्थित एक पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल वापस लौट रहा था। बाइक में आग लगने के चलते वह धु-धुकर चल गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक बाइक ढांचे में तबदील हो चुकी थी। गांव थरया निवासी आरिफ ने बताया कि वह गोहाना रोड पर अपने किसी काम के लिए आया था।

# संदिग्ध हालत में किशोरी की मौत, पुलिस ने चिता से निकाला शव

**जांच**

**पुलिस ने खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया है। मामले की जांच की जा रही है**

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** मोहाना थाना क्षेत्र के गांव जुआं में रविवार देर शाम को संदिग्ध हालत में किशोरी की मौत हो गई। परिजनों ने सुबह शव का गांव के शमशान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया। मामले की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस के सामने किशोरी की मौत के कारणों को लेकर संशय जताया गया। जिस पर पुलिस ने शव को चिता से निकालकर कब्जे में ले लिया। पुलिस ने खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया है। मामले की जांच की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार गांव जुआं की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी की रविवार देर शाम अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। किशोरी 11वीं कक्षा की छात्रा थी। पुलिस को बताया गया है कि किशोरी को लगातार उल्टियां आ रही थी। परिजन उसे अस्पताल ले जाने लगे तो उसकी मौत हो गई। इस पर परिजन शव को घर ले गए। रिश्तेदारों के आने के बाद परिजनों व ग्रामीणों ने सोमवार सुबह शव का गांव के शमशान घाट में ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। इसी बीच मोहाना थाना पुलिस को किसी ने सूचना दी और मौत को संदिग्ध बताया। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और किशोरी के अधजले शव को बाहर निकाला गया। पुलिस शव को लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंची थी, जहां पर पोस्टमार्टम नहीं हो सका। शव को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने देर शाम को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

**दमकल विभाग की टीम ने चिता की आग शांत कर शव के अवशेष निकाले-** पुलिस टीम गांव में पहुंची तो किशोरी की चिता में आग लगाई जा चुकी थी। जिस पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के लिए दमकल विभाग की टीम को बुलाया। टीम ने चिता की आग पर पानी डालकर उसे शांत किया। उसके शव के आग से बचे धड़ व सिर को कब्जे में लिया गया। अन्य अवशेष भी कब्जे में लिए गए।

**फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को बुलाया:** पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद शमशान घाट में फॉरेंसिक साइंस लैब की टीम को बुलाया। टीम ने मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए है। पुलिस अब मौत के कारणों का पता लगाएगा। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट व विसरा रिपोर्ट में मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# खेतों के रास्तों का करवाया जाए निर्माण: उपायुक्त डॉ मनोज



**मुआयना**

**जिन किसानों के खेतों में जाने वाले नहरी पानी के पहुंचने में कोई परेशानी आ रही है तो उसके लिए भी उचित व्यवस्था की जाएगी**

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने एनएचएआई व राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए जम्मू-कटरा एक्सप्रेस वे के बनने से जिन किसानों के चकबंदी या तकसीम के समय लगे रास्ते बंद हो गए हैं तो उनके रास्तों का निर्माण करवाया जाए, ताकि किसानों को खेतों में जाने के लिए रास्ता मिल सके। उदाहरण के लिए अगर किसी किसान के एक जगह 10 एकड़ जमीन थी और राजस्व रिकार्ड के अनुसार उसके खेत तक रास्ता था लेकिन एक्सप्रेसवे के निर्माण से उसके खेत चक के दो भाग हो गए और एक चक तक तो रास्ता रह गया और एक्सप्रेसवे की दूसरी साईड बचे खेत का रास्ता बंद हो गया था उस खेत को भी नजदीक स्थित रास्ते से जोड़ा जाए।

उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने सोमवार को देर रात लघु सचिवालय में एक्सप्रेस वे के निर्माण से गांव पुठी, रूखी, गगेसर, बुटाना खेतलान, गोरड़, भैसवान खुर्द, गिवाना आदि के किसानों को हुई परेशानियों के समाधान के लिए किसानों व एनएचएआई के अधिकारियों के साथ बैठक की।

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि एक्सप्रेसवे के निर्माण से जिन किसानों के खेतों में जाने वाले नहरी पानी के पहुंचने में कोई परेशानी आ रही है तो उसके लिए भी उचित व्यवस्था की जाए। अगर वहां पाईप लाईन दबानी है तो पाईप लाईन दबाएं। इसके साथ सभी संबंधित कानूनगो व पटवारी मौका मुआयना कर जिन खेतों में नए रास्ते लगाने हैं उसकी 31 दिसंबर तक रिपोर्ट तैयार करें ताकि एनएचएआई उन खेतों को रास्ता देने के लिए भूमि का अधिग्रहण कर सके।

उपायुक्त ने संबंधित गांवों के किसानों का आह्वान किया कि जम्मू-कटरा एक्सप्रेसवे के निर्माण से जिन किसानों के खेतों में जाने वाला राजस्व रिकार्ड रास्ता बंद हो गया है तो वह अपनी लिखित शिकायत डीआरओ कार्यालय में तुरंत जमा करवाएं ताकि सभी किसानों के खेतों में रास्ता लगवाया जा सके। बैठक में कुछ गांवों के सरपंचों ने मांग रखी कि उनकी पंचायत की अधिग्रहण हुई जमीन के पैसे नहीं मिले है तो इस बारे उपायुक्त ने एनएचएआई विभाग के पीडी जगभूषण को निर्देश दिए कि इस बारे मुख्यालय बात करें ताकि इन पंचायतों को पैसा मिल सके। इस मौके पर डीआरओ हरिओम अत्री, डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार सहित एनएचएआई विभाग के अधिकारी व विभिन्न गांवों के किसान मौजूद रहे।

# युवक ने अपने चाचा पर तेजधार हथियार से हमला कर किया घायल

**वारदात**

**घायल के बेटे उन्हें तलाश करते हुए ताऊ के बेटे के घर पहुंचे तो आरोपित उन्हें धमकी देकर भाग गया**

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जटवाड़ा में जमीन के विवाद को लेकर युवक ने अपने चाचा की गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर घायल करने का मामला सामने आया है। घायल के बेटे उन्हें तलाश करते हुए, ताऊ के बेटे के घर पहुंचे तो आरोपित उन्हें धमकी देकर भाग गया। बेटे घायल पिता को लेकर निजी अस्पताल में पहुंचे, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दिल्ली रेफर कर दिया। पुलिस ने हत्या प्रयास की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव जटवाड़ा निवासी प्रदीप ने बताया कि उनके पिता रामप्रकाश 7 दिसंबर को काम के सिलसिले में उनके ताऊ के बेटे सोनू उर्फ अजय के साथ गए थे। उसके ताऊ के परिवार संग उनका जमीन को लेकर पहले से ही विवाद चला हुआ है। जब उनके पिता रात तक घर नहीं पहुंचे तो उन्होंने तलाश शुरू की। उनके पिता के मोबाइल की लोकेशन ताऊ के बेटे अजय के कमरे की दिखा रही थी। देर रात 11 बजे वह अपने भाई संदीप को लेकर सोनू के घर के बाहर पहुंचे। वहां पर उनके पिता की बाइक खड़ी थी। जिससे उन्हें यकीन हो गया कि उनके पिता अंदर है। वह दरवाजा खोलकर अंदर गए तो सोनू ने कहा कि तेरे पिता को मार दिया है और अब तुम दोनों की बारी है। उन्होंने देखा कि उनके पिता लहूलुहान हालत में फर्श पर पड़े थे। उनके गले पर धारदार हथियार से वार किया गया था। उनके बाद आरोपित सोनू वहां से भाग गया। वहीं अपने पिता को उपचार के लिए, बहालगढ़ रोड स्थित निजी अस्पताल में लेकर गए।

# भारत की संस्कृति, संस्कारों को फिर से पुनर्जीवित करने की अपार संभावनाएं है कुरुक्षेत्र की धरा में: गजेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : केंद्रीय पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र शेखावत्त ने कहा कि भारत की पौराणिक संस्कृति, संस्कारों और विचारों को फिर से पुनर्जीवित करने के लिए देश में केवल कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर ही अपार संभावनाएं है। इस विषय को लेकर कुरुक्षेत्र की पावन धरा से पूरे विश्व को आस्था के साथ-साथ ऐतिहासिक और वैज्ञानिक दृष्टिद से भी समझाया जा सकता है। इसलिए देश की भावी पीढ़ी को आस्था के साथ जोड? के लिए देश के सभी संतों और विद्वानों को बार-बार एक मंच पर



बैठकर मंथन करना होगा। इतना ही नहीं भविष्य में अखिल भारतीय देवस्थानम सम्मेलन क्षेत्रिय स्तर पर अलग-अलग स्थानों पर होने चाहिए। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र शेखावत मंगलवार को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के प्रयासों से और केडीबी के तत्तवाधान में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के पावन पर्व पर आयोजित पहले अखिल भारतीय देवस्थानम सम्मेलन में बोल रहे थे। इससे पहले केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र शेखावत, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, राजकोट से संत परमात्मानंद महाराज, अयोध्या श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय डा. भीमराव अंबेडकर शोध संस्थान के निदेशक डा. प्रीतम सिंह, कुरुक्षेत्र 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, संत राजेश कुमार, वैष्णों देवी मंदिर के मुख्य पुजारी सुदर्शन महाराज, मां भद्रकाली शक्तिपीठ के संचालक सतपाल शर्मा महाराज ने दीपशिखा प्रज्ज्वलित करके विधिवत रुप से अखिल भारतीय देव स्थानम सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस दौरान सभी संत जनों ने संकल्प भी लिया कि बांग्ला देश में हिंदूओं और मंदिरों की रक्षा के लिए गीता जयंती दिवस पर गीता श्लोकों को समर्पित किया जाएगा। इस दौरान देश के 35 धामों से आए संतों ने अपने परिचय देने के साथ-साथ मंदिरों के प्रति युवाओं की आस्था फिर से बने, जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत ने गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा से स्वामी ज्ञानानंद महाराज की सोच के कारण देश के सभी प्रमुख धामों के संत और संचालक एक मंच पर एकत्रित हुए है।

## समाज सेवा कार्यों में महिलाओं की अहम भूमिका: प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि समाज सेवा कार्यों में महिलाओं की अहम भूमिका रही है। महिलाओं की उत्कृष्ट सेवा भाव से समाज में उनका विशेष स्थान है। वर्तमान में शिक्षा, खेल, शोध-अनुसंधान सहित मानव एवं समाज कल्याण कार्यों में महिलाएं अहम भूमिका निभाकर राष्ट्र निर्माण में अहम भागीदारी कर रही हैं। यह विचार कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने मंगलवार को समाज सेवा क्षेत्र में मानवीय उत्कृष्ट कार्यों के लिए कुंटिया प्रधान राजवंत कौर को मिले राष्ट्रीय पुरस्कार पर बधाई स्वरूप व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जीवन में मानव सेवा ही



सच्ची सेवा होती है इसलिए परोपकार की भावना से किसी जरूरतमंद व्यक्ति की हमें मदद करनी चाहिए। समाज कल्याण कार्यों में भाग लेने से व्यक्ति में सकारात्मकता का भाव पैदा होता है।

कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि यह पुरस्कार कुंटिया प्रधान राजवंत कौर के सेवा भाव एवं मानव सेवा के प्रति सच्ची लगन का फल है। गौरतलब है कि पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आयोजित 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के शुभारम्भ अवसर पर भारत के केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह की मौजूदगी में कुंटिया प्रधान राजवंत कौर को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया था।

## न्यूज फ्लैश

### नेशनल मल्लखम्भ चैम्पियनशिप हेतु चुने गये गुरुकुल के तीन खिलाड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र: मल्लखम्भ फेडरेशन** आफ इंडिया के तहत हरियाणा मल्लखम्भ एसोसिएशन द्वारा करवाई गई स्टेट चैम्पियनशिप में गुरुकुल के तीन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्टेट चैम्पियनशिप में जगह बनाई। गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ0 प्रवीण कुमार व प्राचार्य सूबे प्रताप ने इस उपलब्धि पर पूरी टीम व कोच अनिल आर्य को बधाई दी। डॉ0 प्रवीण कुमार ने बताया कि गुरुकुल हाईस्कूल रोहतक में 29 नवम्बर से 01 दिसम्बर 2024 तक स्टेट मल्लखम्भ चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें हरियाणा के लगभग एक दर्जन स्कूलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। चैम्पियनशिप में अंडर-12, अंडर-14, अंडर-18 तथा अबॉव-18 आयुवर्ग की पोल मल्लखम्भ, हैंगिंग मल्लखम्भ तथा रोप मल्लखम्भ के मुकाबले हुए जिनमें खिलाड़ियों ने हैरतअंगेज करतब प्रस्तुत किये। रोप मल्लखम्भ में गुरुकुल के आनन्द कुमार तथा हैंगिंग मल्ल्खम्भ में गौरव आर्य ने क्रमशः द्वितीय तथा तृतीय स्थान हासिल किया। साथ ही आनन्द, गौरव और हार्दिक को निर्णायक मंडल ने नेशनल चैम्पियनशिप हेतु चुना। अब गुरुकुल के ये होनहार खिलाड़ी जनवरी में झांसी, उत्तर प्रदेश में होने वाली नेशनल मल्लखम्भ चैम्पियनशिप में अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे।

### कुवि के विधि संस्थान में मानव अधिकार दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र: कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में विधि संस्थान में मंगलवार को मानव अधिकार दिवस के अवसर पर एक शपथ समारोह आयोजित किया गया जिसमें छात्रों, शिक्षकों ने मानव अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने की शपथ ली। कार्यक्रम की शुरूआत विधि संस्थान की निदेशक प्रोफेसर सुशीला देवी चौहान ने मानव अधिकारों के महत्व पर बल देते हुए कहा कि मानव अधिकार एक न्यायपूर्ण और समानता आधारित समाज की नींव हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इन अधिकारों को सभी व्यक्तियों के लिए बढ़ावा दें और उनकी रक्षा करें।। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों ने सभी से अनुरोध किया कि वो जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े और खाना बाटे।

### बस के शीशे तोड़कर ड्राइवर व कंडक्टर से मारपीट करने के चार आरोपी गिरफ्तार

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**समालखा पुलिस ने मच्छरौली** के पास ढाबे के नजदीक प्राइवेट बस का स्कार्पियों गाड़ी से रास्ता रोककर ड्राइवर व कंडक्टर से मारपीट व बस के शीशे तोड़ने वाले चार आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान समीर निवासी रजेहठी बहादुरगढ गाजियाबा, सावेज निवासी शेरवानी हापुड़, सुलेमान निवासी अरसीनी हापुड़ यूपी व सुरज निवासी हरि नगर के रूप में हुई।

समालखा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नीरज ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया वह भी बस ड्राइवर है। करीब 15 दिन पहले यूपी के सीतापुर में बसों के आने जाने को लेकर उनके साथ दूसरी बस के ग्रुप के लोगों ने मारपीट की थी। जिसकी रंजिश रखते हुए चारों आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी आरोपी के साथ मिलकर मौका मिलने पर मच्छरौली के पास ढाबे के नजदीक बस के शीशे तोड़ने व मारपीट करने की वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चार डंडे बरामद कर पूछताछ के बाद आरोपियों को पुलिस बेल पर छोड़ा गया। समालखा थाना में इस्तकार निवासी नाहल गाजियाबाद यूपी ने शिकायत देकर बताया था कि वह

## श्रीमद्भागवतगीता में मानवाधिकारों का सार्वभौम है

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: मानव अधिकारों** से मनुष्य में समता, समानता और स्वतंत्रता की भावना उत्पन्न होती है। सभी मनुष्य समान भाव से उन्नति करें, सभी को सम्मान से जीने का हक प्राप्त हो, जाति भाषा का भेद ना रहे, छूत अछूत का भाव समाप्त हो, यही सब मानव अधिकारों में निहित है। श्रीमद्भागवतगीता में मानवाधिकारों का स्वरूप व्यापक और सार्वभौम है। गीता में नैतिक, वैधानिक, मौलिक, और सकारात्मक सभी अधिकार आते हैं। यह उदगार अंतर्राष्ट्रीय श्रीमदभगवदगीता जयंती समारोह-2024 के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन धर्मक्षेत्र




कुरुक्षेत्र द्वाराआयोजित अठारह दिवसीय कार्यक्रम के सत्रहवें दिवस श्रीमद्भागवतगीता में मानवाधिकार विषय पर आयोजित गीता संवाद कार्यक्रम में मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ सर्व कल्याण मंत्र से योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण एवं भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों ने लोक मंगल के निमित्त वैदिक मंत्रोच्चारण किया। विद्यार्थियो ने मानवीय मूल्यो को समर्पित गीत एवं भजन भी प्रस्तुत किया। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा मानवाधिकार वे मूल अधिकार हैं जो इस धरती पर प्रत्येक व्यक्ति के पास हैं। मानवाधिकार मौलिक अधिकार और स्वतंत्रता हैं। मानवाधिकारों में जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, गुलामी और यातना से मुक्ति, राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, काम और शिक्षा का अधिकार और बहुत कुछ शामिल हैं। भारत का स्वतंत्रता आंदोलन मानवाधिकारों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत रहा है। अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 दिसम्बर 1948 को विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र जारी कर प्रथम बार मानवाधिकार व मानव की बुनियादी मुक्ति पर घोषणा की।

## चोरी के आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लाकर हुई पूछताछ

**पानीपत(कमाल हुसैन)**

**सीआईए टू पुलिस** की टीम देवी मुर्ति कॉलोनी में खादी ग्रामोद्योग समिति के ऑफिस में 4 साल पहले हुई चोरी मामले में दूसरे आरोपी को सोमवार को यूपी की मथूरा जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। आरोपी की पहचान सतीश निवासी बुड़शाम हाल अदियाना के रूप में हुई। आरोपी चोरी के अन्य मामले में वर्ष 2023 से यूपी की मथूरा जेल में बंद था। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने मामले में पहले पकड़े जा चुके अपने साथी आरोपी संदीप निवासी ददलाना व फरार एक अन्य साथी आरोपी के साथ मिलकर चोरी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। चोरीशुदा सामान राह चलते अज्ञात युवक को बेचकर आरोपी सतीश ने अपने हिस्से में आई नगदी खाने पीने में खर्च करने बारे स्वीकारा। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे जेल भेज दिया। प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके आरोपी सदीप ने पूछताछ में अपने साथी आरोपी सतीश निवासी बुड़शाम व रवि के साथ मिलकर चोरी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा था।

## डीईओ रोहतास वर्मा ने ज्ञान चंद सैनी को किया सम्मानित




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: प्रिंसिपल के** पद पर पदोन्नत होने पर डीईओ रोहतास वर्मा ने ज्ञान चंद सैनी को किया सम्मानित । प्रिंसिपल ज्ञानचंद सैनी कर्मठ, मधुरभाषी एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी है। प्रिंसिपल ज्ञानचंद सैनी जिस काम को करने की ठान लेते हैं उस काम को पूरा किए बगैर दम नहीं लेते । जिन विद्यालयों में वह मुख्याध्यापक के पद पर रहे वहां उनका कार्य आति सराहनीय रहा। प्रिंसिपल ज्ञानचंद सैनी अब राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीडकालवा खण्ड बाबैन में बतौर प्रिंसिपल कार्यरत्त है।

## भारत सरकार बंगलादेश के मामले मे तुरंत कठोर कदम उठाए: अशोक अरोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: थानेसर के कांग्रेस** विधायक एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने बंगला देश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की कड़ी निंदा की है। उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की है कि भारत सरकार इस मामले में तुरंत दखल दे और अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके बंगला देश में हो रहे अत्याचार रूकवाए। अरोड़ा ने कहा कि बंगला देश में हिंदुओं पर अत्याचार दिन प्रतिदिन बढ रहे हैं और अब तो चरम सीमा पर पहुंच गए हैं। इस्कॉन के धार्मिक गुरु को



जेल में डाल दिया गया है। हिंदुओं के घरों में आग लगाई जा रही है। हिंदू महिलाएं सुरक्षित नही हैं। अत्याचार की प्रकाष्ठा हो गई है। अरोड़ा ने कहा कि भारत सरकार ने अभी तक वहां के हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कोई संतोषजनक कदम नही उठाया। उनकी सम्पत्ति का नुकसान हो गया है। अपने आप को विश्व का सर्वमान्य नेता बताने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चाहिए कि इस मामले में कठोर कदम उठाते हुए बंगलादेश सरकार पर दबाव बनाए ताकि वहां के हिंदू अमन चैन से रह सकें। बंगला देश के कट्टर पंथियों ने अत्याचार की सभी सीमाएं लांघ दी हैं। हिंदुओं के धार्मिक स्थल को तहस नहस कर दिया गया है और उनका बंगला देश में रहना दुभर हो गया है। सारे विश्व के हिंदू भारत की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं।

## गुरुकुल भवन में हुआ लिफ्ट का शुभारंभ

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**आर्य वरिष्ठ माध्यमिक** विद्यालय के प्रांगण में बने महर्षि दयानंद बाल गुरुकुल भवन में बच्चों की सुविधा और आधुनिक युग की जरूरत को ध्यान में रखते हुए लिफ्ट का शुभारंभ किया गया। विद्यालय की प्रबंधक समिति के प्रधान वीरेंद्र आर्य प्रबंधक रामपाल जागलान, कोषाध्यक्ष राजेंद्र जागलान तथा प्राचार्य मनीष घनघस ने रिबन काटकर लिफ्ट का शुभारंभ किया । महर्षि दयानंद बाल गुरुकुल भवन आधुनिक युग के अनुसार सभी सुख सुविधाओं से पूर्ण है।बच्चों को दैनिक यज्ञ के साथ-साथ वैदिक शिक्षा भी दी जाती है ।

## साइबर अपराध से सावधान रहना जरुरी: वरुण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : आमजन को** साईबर अपराधों और उनसे बचने के बारे में जागरूक करने के लिए पुलिस विभाग द्वारा प्रयास लगातार जारी है। पुलिस अलग-अलग तरीकों से आमजन को जागरूक करने में जुटी है। पुलिस ने इस विषय बारे अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने का बीड़ा उठाया है। पुलिस विभाग द्वारा जहां शिक्षण संस्थानों में विधार्थियों को जागरूक किया जा रहा वहीं आम लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री वरुण सिंगला ने कहा



कि साईबर ठगों के निशाने पर हर वह आदमी है, जो किसी भी डिजिटल माध्यम से जुड़ा है फिर चाहे वह इंटरनेट मीडिया हो या फिर इंटरनेट बैंकिंग। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आजकल साइबर ठग इनकम टैक्स रिफंड के नाम से ठगी कर रहें हैं आमजन को इनसे सतर्क रहने की जरुरत है। इनकम टैक्स रिफंड के लिए बैंक खाता वेरीफाई करने का मैसेज आए तो सावधान हो जाइये। साईबर ठगों द्वारा ठगी की वारदातों को अंजाम देने के लिए इनकम टैक्स रिफंड के नाम से भेजे जा रहे मैसेज। साईबर ठगों द्वारा भेजे गए किसी भी लिंक को ओपन ना करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बदलते वक्त के साथ साईबर ठगों ने अपने पैंतरे भी बदले हैं। साईबर ठग कभी पेंसन स्कीम का लालच देते हैं, कभी फर्जी लोन एप्प के माध्यम से, कभी बिना आर्डर का पार्सल भेजकर तो कभी कॉल फॉरवर्डिंग करके और कभी किसी व्यक्ति की ई-मैल, व्यटसअप, फेसबुक आईडी को हैक करके शातिर उनको साईबर ठगी का शिकार बनाने से नहीं चुकते। ऐसे में आमजन को इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि वह अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट व बैंकिंग एप्स को सुरक्षित लॉक करके रखें तथा अपनी निजी जानकारी को किसी भी व्यक्ति से सांझा करने से बचें।

## ...तभी बाल विवाह मुक्त भारत का निर्माण होगा: संजय कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) बाल विवाह मुक्त अभियान** के तहत आज दिनांक 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस के मौके पर एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रॉक्सेड़ा में छात्र छात्राओं को बाल विवाह, पॉक्सो व बाल श्रम के खिलाफ जागरूक किया गया। प्रार्थना सभा में एम डी डी ऑफ इंडिया में बच्चों और अध्यापकों के साथ बाल विवाह व बाल मजदूरी पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए शपथ दिलवाई गई। एमडीडी के जिला समन्वयक संजय कुमार ने बताया कि बाल-विवाह करने वाले को दो साल की जेल व एक लाख रुपए जुमार्ना हो सकता है। अगर आपके आस पास कोई बाल विवाह होता है उसकी सूचना अध्यापक, गांव के सरपंच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर को दे सकते है। इसके इलावा चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, डायल 112 और 181 पर भी जानकारी देकर बाल विवाह रुकवा सकते है। सरकार का लक्ष्य है कि हम भारत को 2030 तक बाल विवाह मुक्त कर देंगे। यह तभी संभव हो पाएगा जब प्रत्येक नागरिक की भागीदारी होगी। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक किशोर कुमार ने कहा कि बाल-विवाह को रोकने के लिए प्रत्येक बच्चे को जागरूक होना पड़ेगा।

## फिम्स में पुरूष की हुई सफल इन्ट्रा-वेसक्यूलर लिथोट्रिप्सी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: इस जिला** के गन्नौर उपमण्डल के एक 61 वर्षीय पुरूष रोगी को आपात स्थिति में फिम्स अस्पताल में लाया गया। जिसको छाती के असहनीय दर्द के कारण सांस लेने में बेहद कठिनाई का सामना करना पड रहा था। शुरूआती जांच में पता चला कि यह पुरूष रोगी कि बिमारी दिल से संबंधित है। रोगी की छाती मे जो भंयकर दर्द था, ई0 सी0 जी0 हार्ट अटैक का ईशारा दे रही थी। लेकिन ठोस मान्यता है कि जाको राखे साँईयां, मार सके ना कोए.....। फिम्स अस्पताल में सबसे पहले रोगी की स्थिति को स्थिर किया गया। रोगी मधुमेह की बिमारी से भी पीडित



था। मरीज की एन्जियोग्राफी की गई, जिससे पता चला कि रोगी की तीनों नसों मे रूकावट थी। बैलून पद्धति से गहन परीक्षण के उपरांत पाया गया कि उसके दिल की रक्त वाहक नसों में काफी कैल्शियम जमा हुआ है। जिस कारण स्टंट के उपर से दिल की तरफ खून को ले जाने वाली मुख्य नस ब्लॉक थी। इस कलप्रिट नस-एल0ए0डी0 में बहुत सारा चूना पाया गया व 90 से 95 प्रतिशत बंद पाई गई। कैल्शियम की वजह से पांम्परिक विधि से नस को खोला भी नही जा सकता था। इस केस की जटिलताओं के चलते, बिना कोई समय गंवाए, फिम्स अस्पताल के हृदय रोग विभाग के डाक्टरों की टीम ने परस्पर गहण विचार-विमर्श करके एक नयी विधि को अपनाने का निर्णय लिया। इसके उपरांत नई व आधुनिक तकनीक अपनाई गई जिसमें प्टनै नामक अमेरिकी उपकरण से दिल की नस में तार डालकर नस का अल्ट्रासाउंड किया गया व रूकावट और कैल्शियम की गाँठ के बारे में स्टीक जानकारी लेकर प्टर नामक दूसरे अमेरिकी उपकरण की मदद से नस के अन्दर ध्वनि की आघात तरंगों की मदद से कैल्शियम की गाँठों को तोडा गया व गुब्बारे की मदद से कैल्शियम को बाहर निकाला गया। एक बार फिर से प्टनै करके नस के हालात का जायजा लिया गया व ब्लॉकेज का स्टीक अध्यन करके आकार लिया गया। इसके पश्चात एक पतली सी तार के द्वारा नस में छल्ला डाल कर ब्लॉकेज को खोला गया। उल्लेखनीय व ध्यान देने योग्य है कि इस तकनीक का उपयोग आमतौर पर किडनी की पत्थरी को तोडने मे किया जाता है। परन्तु इस तकनीक का उपयोग दिल की तरफ जाने वाली मुख्य नस में जमे कैल्शियम को तोडने मे करना असाधारण प्रयोग था, जो डाक्टरी दक्षता व फिम्स प्रबन्धन द्वारा अत्याधुनिक उपकरणों की उपलब्धता के कारण शत प्रतिशत सफल रहा।

## लोहारा स्कूल में हुआ युवा पंचायत का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय लाहोरा में मंगलवार को युवा ग्राम पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव की सरपंच श्रीमती किरण देवी व पंच तथा स्कूल प्रबंधन समिति प्रधान श्रीमती पुष्पा देवी आदि गांववासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का निरीक्षण राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के निदेर्शानुसार डाइट पलपल से एसीसस्टेंट प्रोफेसर डॉ राजेन्द्र कुमार व टीम ने किया। राजकीय



वरिष्ठ माध्यामिक विद्यालय के राजनीति शास्त्र के प्राध्यापक लखविंद्र सिंह ने पंचायत का संचालन किया। विद्यालय के इंचार्ज देव राज श्योरण ने सरपंच व अतिथियों का स्वागत किया तथा पंचायत के महत्व पर प्रकाश डाला। सरपंच किरण देवी ने विद्यार्थियों को पंचायत के कार्यक्रमों, गतिविधियों के साथ-साथ कर्तव्यों व कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी।




# दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी ने शक्ति प्रमुखों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा ने आज अपने शक्ति केन्द्र प्रमुखों का सम्मान करने हेतु उनके निवास स्थल पर नाम पट्टिका एवं पार्टी का झंडा लगाने का अभियान शुरू किया। इस अभियान के संयोजक तिलक राज कटारिया के अनुसार अभियान के अंतर्गत लगभग 45 हजार कार्यकर्ताओं के घर नाम पट्टिका लगा कर ई-कार्ड दिये जा रहे हैं और सभी पन्ना प्रमुखों के घर पर ध्वजारोहण होगा। अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा जो एक शक्ति प्रमुख भी हैं के मयूर विहार स्थित निवास पर नाम पट्टिका लगाई और पार्टी का झंडा लहराया। इस मौके





पर प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा एवं जिला अध्यक्ष विजेन्द्र धामा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इसके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र गुप्ता के आवास पर नाम पट्टिका लगाई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सत्यनारायण गौतम एवं नेतागण उपस्थित थे। प्रदेश सह प्रभारी डा. अल्का गुर्जर ने पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी के निवास पर तो राष्ट्रीय नेता कृष्णपाल गुर्जर ने प्रदेश उपाध्यक्ष गजेन्द्र यादव के निवास पर नाम पट्टिका लगाई। आज लगभग दिल्ली में 1500 कार्यकर्ताओं के निवास पर नाम पट्टिका लगाई गई। मीडिया को संबोधित करते हुए अरुण सिंह ने कहा कि अपना बूथ सबसे मजबूत अभियान के अंतर्गत आज हम दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के आवास पर नाम पट्टिका लगाने एवं पार्टी का झंडा फहराने आए हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पूरे दिल्ली में चल रहा है और जनता में भाजपा को लेकर एक अलग उत्साह है। नाम पट्टिका लगाने का उद्देश्य है कार्यकर्ता सम्मान। अरुण सिंह ने कहा कि दिल्ली में आज अरविंद केजरीवाल के प्रबंधन से जनता पूरी तरह से त्रस्त है। जनता ने 10 सालों तक इनके शासन में विकास के लिए इंतजार किया लेकिन सिर्फ कोरी और झूठी बयानबाजी के अलावा कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि दिल्ली में एक डबल इंजन की सरकार बनें और केन्द्र सरकार की अनेकों योजनाओं का क्रियान्वयन हो, उसका दिल्ली भर में इंतजार है। इस कार्यक्रम में प्रदेश बूथ संयोजक तिलक राज कटारिया ने सभी का शॉल पहना कर सम्मान किया। तिलकराज कटारिया ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि 13033 बूथ पर त्रिदेव ५ पन्ना प्रमुखों की तीन लाख कार्यकर्ताओं की फौज चुनाव तक कड़ी मेहनत कर अपने परिश्रम रूपी पसीने से भाजपा की जीत दर्ज करेगी। क्योंकि जो जल से नहाते है वो केवल लिबास बदलते है, जो पसीने से नहाते है वो इतिहास बदलते है। और अब दिल्ली का एक-एक कार्यकर्ता भाजपा सरकार बनाने तक चैन से नहीं बैठेगा। कार्यक्रम में प्रदेश बूथ सह संयोजक महेंद्र आहूजा, विस्तारक नरेश वशिष्ठ, लोकसभा संयोजक रामवीर बसोया, संयोजक अशोक वशिष्ठ सहित अनेकों नागरिक मौजूद रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री ने कई बार बस मार्शलों की बहाली के लिए एलजी को लिखा पत्र: सौरभ भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली सचिवालय** में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए दिल्ली के शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि लगभग 1 साल बीत चुका है, दिल्ली के 10 हजार से भी अधिक नौजवान बेटे-बेटियां जो डीटीसी की बसों में बस मार्शल के रूप में कार्य कर रहे थे, दिल्ली की महिलाओं को सुरक्षा देने का काम कर रहे थे और इस बहाने से उन सभी के घरों के चूल्हे भी जल रहे थे। ऐसे 10 हजार दिल्ली के नौजवान बेटे बेटियों को भाजपा शासित केंद्र सरकार द्वारा लगाए गए एलजी साहब ने एक झटके में



नौकरी से निकाल दिया। पहले एक षड्यंत्र के तहत उन सभी का वेतन रोका गया और बाद में सभी को नौकरी से निकाल दिया गया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पिछले कई महीनो से भारतीय जनता पार्टी के नेता बस मार्शलों को बेवकूफ बनाने का काम कर रहे थे। उन्होंने बताया की लगातार बस मार्शल उनसे संपर्क किया करते थे और वह इस बात को कहते थे कि हमारी भारतीय जनता पार्टी के नेताओं जैसे विजेंद्र गुप्ता, वीरेंद्र सचदेवा एवं मनोज तिवारी आदि से बात हुई है और भारतीय जनता पार्टी के सभी नेता इस बात को कह रहे हैं कि यदि दिल्ली कैबिनेट के सारे मंत्री बस मार्शलों की दोबारा से बहाली के लिए कह दें, तो उपराज्यपाल महोदय तुरंत प्रभाव से सभी बस मार्शलों को उनके पद पर दोबारा से बहाल कर देंगे।

उन्होंने कहा कि जब भारतीय जनता पार्टी के विधायक दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री आतिशी से मिलने आए थे उस वक्त भी भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता जी ने यही बात कही थी।

# ऑटो चालकों की मांग को स्वीकर करते हुए वीरेन्द्र सचदेवा ने किया आश्वस्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि आम आदमी पार्टी नेता अरविंद केजरीवाल द्वारा आज फिर दिल्ली के आटो रिक्शा चालकों को सपना बेचने का प्रपंच रचा एवं घोषित किया है।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की पिछले 12 साल से अरविंद केजरीवाल आटो वालों को छल रहे हैं, उन्हे परिजन बताते हैं पर उनकी रोजगार परिस्थितियों को उनके अनुकूल करने के लिए कुछ नहीं करते। कोविड़काल हो या आज का सामान्य समय केजरीवाल



सरकार ने आटो वालों को केवल सपने दिखाये हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने आज अपने कार्यालय में मिलने आये कुछ आटो वालों की मांगे सुनी और स्वीकार करते हुए कहा की भाजपा सत्ता में आयेगी तो आटो चालकों के जीवन में सार्थक परिवर्तन लाने का काम करेगी।

हर लाइसेंस धारी आटो वाले के बच्चों की स्कूल शिक्षा निःशुल्क होगी और उनके उच्च शिक्षा लेने के इच्छुक बच्चों को सरकार वजीफा देगी।

दिल्ली के सभी आटोवालों के लिए विशेष योजना लाकर 17 सितम्बर 2025 से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजनाओं के अंतर्गत जीवन बीमा कवर दिया जायेगा। दिल्ली के सभी आटो वाले जिन पर निजी आवास नहीं है उन्हें प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ दिया जायेगा। दिल्ली की सभी कॉलोनियों में मार्किटों में ट्रैफिक पुलिस से मिलकर आटो वालों के लियें हालट एंड गो स्टैंड बनेंगे। दिल्ली में आटो वालों को लास्ट माइल कनेक्टिविटी योजना का अहम भाग बना कर इनके रोजगार को और सुरक्षित बनाया जायेगा। ई-ऑटो रिक्शा लेने वाले आटो वालों को दो वर्ष तक प्रति माह बिजली रीचार्ज सहयोग राशि दी जायेगी।

# मुकुंदपुर वार्ड: निगम पार्षद राठौर संग डीसी ने किया जहांगीर पुरी क्षेत्र का दौरा









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 के निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर के साथ सिविल लाइन जोन के उपायुक्त ने जंहागीर पुरी क्षेत्र पर निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अलग-अगल विभाग के अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान गुलाब सिंह राठौर ने बताया कि जहांगीर पुरी क्षेत्र की तमाम गलियों और निगम के पार्कों का दौरा किया गया।

**उपायुक्त के साथ कई अधिकारी रहें मौजूद:** इस मौके पर राठौर ने कहा कि क्षेत्र स्थित पार्कों में जबरन किए हुए कब्जों के खिलाफ कार्यवाही कर पार्कों को जल्द ही कब्जा मुक्त कर दिया जाएगा व कब्ज़ा करने वाले के खिलाफ उचित कार्यवाही भी की जाएगी। इस बीच क्षेत्र की साफ-सफाई को लेकर भी निरीक्षण किया गया। दौरे के बीच क्षेत्र के लोगों ने निगम पार्षद राठौर के सामने अपनी कई परेशानियां भी रखी जिसे राठौर सुनने के बाद तुरंत संबंधित अधिकारी को आदेश देकर दुरूस्त करने का आश्वासन भी दिया।

**पार्कों सहित गलियों का भी किया निरीक्षण:** इस मौके पर राठौर ने कहा कि क्षेत्र में साफ-सफाई व अन्य समस्याओं को लेकर मैं समय-समय पर दौरा करता रहता हूं कि मेरे क्षेत्र में समय से सफाई हो रही है कि नहीं, कर्मचारी समय पर अपना कार्य करते है कि नहीं, इस सभी के लिए मैं खुद चिंतित रहता हूं। उन्होंने कहा कि जब तक मैं क्षेत्र से पार्षद हूं तब तक मैं अपने क्षेत्र के लोगों को साफ-सफाई सहित किसी भी तरह की परेशानी में नहीं देख सकता हूं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मेरे क्षेत्र वासियों के लिए मेरे कार्यालय व मेरे घर के दरवाजे आधी रात में भी खुले है, मैं अपने क्षेत्र के लोगों के लिए भी खड़ा रहता था और आगे भी उनके साथ खड़ा रहूंगा।



लाल बाग स्थित निगम पार्षद कार्यालय पर महिला मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए निगम पार्षद व केशवपुरम जोन डिप्टी चेयरमैन सुशील जोंटी, दिल्ली प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष डॉ वंदना वशिष्ठ व अन्य।

# सभी को बाबा साहब के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए: डॉ. पूरन सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: ज्ञान आधार** वेलफेयर सोसाइटी द्वारा रोहिणी स्थित केंद्र में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ पूरन सिंह मुख्य अतिथि के रूप मौजूद रहे। इस मौके पर डॉ पूरन सिंह को पुष्प देकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान जोइया ने डॉ अंबेडकर जी के विषय में कहा



कि उनके द्वारा सृजित भारत का संविधान विश्व का सबसे लंबा संविधान है। बाबा साहेब ने अमेरिका, इंग्लैंड और जर्मनी जाकर पढाई कर, कई विषयों पर डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की और अंत में भारत की सेवा करने का निश्चय कर भारत आ गए। संविधान के जनक डॉ अम्बेडकर जी को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धाजंलि देने हेतु हम आज यहां एकत्रित हुए हैं। इस मौके पर डॉ. पूरन सिंह, सतीश जोइया, मनोज कुमार, जागृति मैम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। डॉ सिंह ने महान विभूति डॉ अम्बेडकर जी को कोटि कोटि वन्दन करते हुए बच्चों को सम्बोधित कर कहा कि ज्ञान आधार सोसाइटी ने जिन बच्चों के लिए ज्ञान की लौ जलाई हुई है, उन्हीं कमजोर वर्ग के लोगों के लिए अम्बेडकर जी ने कार्य किया। बाबा साहेब ने स्वयं भी बचपन में अभावों का सामना किया था अतः उन्होने संविधान में ऐसा कानून बनाया जिससे सब बच्चों को पढ़ने का मौका मिले।



# संस्कृति का भी संगम कराएगी योगी सरकार

**देश के नामचीन कवियों के काव्यपाठ का भी श्रवण करेंगे कल्पवासी, 10 जनवरी से 24 फरवरी तक निरंतर चलेगा कवि सम्मेलन, वीर रस, श्रृंगार रस, हास्य, करुण, भक्ति रस आदि में कविता का रसास्वादन करेंगे श्रोता**

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराजः महाकुम्भ** में संस्कृति का भी संगम होगा। योगी सरकार द्वारा यहां गायन, वादन, नृत्य समेत हर विधा के कलाकारों को मंच मुहैया कराया जाएगा। 10 जनवरी से 24 फरवरी तक यहां अनेक सांस्कृतिक गतिविधियां होंगी, जिसमें कवि सम्मेलन भी शामिल है। श्रद्धालु, पर्यटक व कल्पवासी वीर रस, श्रृंगार रस, हास्य रस, करुण रस, भक्ति रस आदि में कविताओं का श्रवण करेंगे। कवि सम्मेलन में मेजबान उत्तर प्रदेश के साथ ही अन्य प्रदेशों के कवि भी शामिल होंगे। विष्णु सक्सेना, बुद्धिनाथ मिश्र, अशोक चक्रधर,



हरिओम पंवार, कुमार विश्वास, शैलेष लोढ़ा, मनोज मुंतशिर, विनीत चौहान, अनामिका अंबर, गजेंद्र सोलंकी, दिनेश रघुवंशी सुनील जोगी सरीखे कवियों का काव्य पाठ भी प्रस्तावित है। 10 जनवरी से प्रारम्भ होगा कवि सम्मेलन, स्थानीय कवियों को भी मिलेगा अंतरराष्ट्रीय मंच उप्र संस्कृति निदेशालय ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर तैयारी कर ली है। 10 जनवरी से कवि सम्मेलन प्रारम्भ होगा। इसमें स्थानीय कवियों को भी योगी सरकार अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराएगी। पहले दिन वाराणसी के अनिल चौबे, प्रयागराज के श्लेष गौतम, रायबरेली के अभिजीत मिश्रा, आजमगढ़ के भालचंद्र त्रिपाठी, सोनभद्र की विभा सिंह श्रोताओं को कविताएं सुनाएंगी। 11 जनवरी को प्रयागराज के शैलेंद्र मधुर, रायबरेली के नीरज पांडेय, ललितपुर के पंकज पंडित, लखनऊ के शेख? त्रिपाठी, प्रयागराज की आभा माथुर कविता पाठ करेंगी। 16 जनवरी को देहरादून के नामचीन कवि बुद्धिनाथ मिश्र, देवास के शशिकांत यादव, इंदौर के अमन अक्ष?, प्रयागराज के हास्य कवि अखिलेश द्विवेदी, बालाघाटा के राजेंद्र शुक्ल का कविता पाठ होगा। 17 जनवरी को विनीत चौहान, दिल्ली के प्रवीण शुक्ल, मथुरा की पूनम वर्मा, इटावा के डॉ. कमलेश शर्मा, राजसमंद के सुनील व्यास महाकुम्भ में कविता पाठ करेंगे।

**हरिओम पवार वीर रस, विष्णु सक्सेना श्रृंगार रस की कविताओं से कल्पवासियों का करेंगे मनोरंजन**
विभागीय अधिकारी ने बताया कि महाकुम्भ में होने वाले सांस्कृतिक संगम में कई नामचीन कवि रहेंगे। इसमें अशोक चक्रधर व विष्णु सक्सेना का भी काव्य पाठ होगा।

# संगठनात्मक चुनाव को लेकर भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे धर्मपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः भारतीय** जनता पार्टी संगठन पर्व 2024 की अवध क्षेत्र की कार्यशाला का शुभारम्भ विश्वेश्वरैया सभागार में प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापति राम त्रिपाठी ने की। संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह अवध क्षेत्र के नेताओं के साथ मंडलों और जिलों की चुनाव प्रक्रिया जल्द से जल्द संपन्न कराने को लेकर मंथन कर रहे हैं। आज की बैठक में मंडल अध्यक्ष के चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा होगी। क्षेत्रीय कार्यशाला में जिले के चुनाव पर्यवेक्षक, जिला चुनाव अधिकारी, सह चुनाव अधिकारी, मंडलों के चुनाव अधिकारी, संगठन के क्षेत्रीय प्रभारी व जिला प्रभारियों को बुलाया गया है। इन्हें मंडल




अध्यक्षों के चुनाव के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। भाजपा ने 15 दिसंबर तक सभी मंडलों में मंडल अध्यक्ष के चुनाव कराने की तिथि निर्धारित की है। इसके बाद 30 दिसंबर तक जिलाध्यक्ष के चुनाव होंगे। जानकारी के अनुसार प्रदेश के सभी छह क्षेत्रों में आज भाजपा कार्यशाला कर रही है। पश्चिम क्षेत्र की कार्यशाला गाजियाबाद, ब्रज क्षेत्र की कार्यशाला आगरा में, कानपुर क्षेत्र की कार्यशाला कानपुर में व काशी क्षेत्र की कार्यशाला काशी में है। लखनऊ के विश्वेश्वरैया सभागार में चल रही कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह के अलावा भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापतिराम त्रिपाठी और क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा मंच पर मौजूद हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### हिस्ट्री टीवी 18 की सीरीज रोड ट्रिप्पिन विद रॉकी 12 दिसंबर से

**नई दिल्ली।** साल को अलविदा कहने के लिए एक रोड ट्रिप से बेहतर तरीका शायद ही कोई दूसरा हो! सड़क पर रोमांच के सफर से कुछ दिनों के लिए दूर रहने के बाद रॉकी नई दिल्ली से भरतपुर की तीन दिनों की यात्रा पर निकलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस यात्रा में खानपान और प्रकृति के प्रति उनका प्रेम भी देखने को मिलेगा। इस यात्रा के पड़ाव के तौर पर रॉकी मथुरा में रुकेंगे ताकि वे वहां के जाने-माने स्वाद को सभी तक पहुंचा सकें और फिर कारवां भरतपुर की तरफ बढ़ चलेगा। पक्षियों से खासा लगाव रखने वाले रॉकी इस बात से बहुत रोमांचित हैं कि इस सफर में दर्शक भी उनके साथ जुड़ सकते हैं और कुछ दुर्लभ पक्षियों को देखने का आनंद ले सकते हैं। रॉकी की इस रोमांचक यात्रा के साथ जुड़ने, सर्दियों से ठिठुरते इस इलाके की रंगत देखने और पक्षियों को क्रीड़ाओं को निहारने का आनंद लेने के लिए 12 से 14 दिसंबर तक ल्ल२३ङ्म१८ल्ल१18 और रॉकी के सोशल मीडिया अकाउंट से जुड़ें। भरतपुर पहुंचकर रॉकी अपना दूसरा पसंदीदा काम करेंगे, क्योंकि उनका सबसे पसंदीदा काम तो अच्छे खाने की खोज ही है। भरतपुर के पक्षी अभयारण्य (बर्ड सेंक्चुरी) का नाम है केवलादेव नेशनल पार्क है और यह एक यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट है।




दुनिया की सबसे बेहतरीन बर्ड सेंक्चुरी में से एक यह जगह पक्षियों को निहारने का शौक रखने वाले लोगों और प्रकृतिप्रेमियों के लिए स्वर्ग है। बारीकियों को दर्शकों तक पहुंचाने वाली रॉकी की नजर और कहानी सुनाने के शौक के चलते इतना तो तय है कि यह सफर बहुत ही शानदार सफर होने वाला है जिसमें खानपान, यात्रा और प्रकृति का आनंद आप तक पहुंचेगा। सीरीज की सोशल मीडिया पर खासी चर्चा है और इसका अपना एक दर्शक वर्ग है जो हर नए सीजन का बेसब्री से इंतजार करता है। डिजिटल फर्स्ट अप्रोच के साथ यह नए दौर की उस ऑडियंस के हिसाब से बिलकुल सही है जो ऐसा कॉन्टेंट चाहती है जिसे चलते-फिरते और छोटे-छोटे हिस्सों में देखा जा सके। इस सफर के साथ ूमर का तड़का लगाकर, कुछ मस्ती भरे पलों को जोड़कर और रोमांच को पेश करके इस सीरीज ने दर्शकों का दिल जीतने का तरीका खोज लिया है। अपनी शुरूआत से लेकर अब तक #दर्शकों को 23 राज्यों में 22000 किलोमीटर का सफर करवा चुकी है। इसे करीब 1.5 बिलियन इंप्रेशन और करीब 500 मिलियन वीडियो व्यू मिले हैं। सीरीज का यह शानदार प्रदर्शन बताता है कि यह ऐसा एंटरटेनमेंट देती है जिसकी छाप दर्शकों के दिलों पर हमेशा बनी रहती है।

### एशियन पेंट्स ने लॉन्च किया एपेक्स अल्टिमा प्रोटेक

**गुरुग्राम।** हमारे घरों के बाहरी हिस्सों को लगातार भारी बारिश, तेज धूप और धूल की परेशानी का सामना करना पड़ता है। समय के साथ इसका असर घरों के स्वरुप और स्थायित्व पर पड़ सकता है जिसके चलते घर के मालिकों को लंबी अवधि के समाधान की तलाश करनी पड़ती है। पूरे भारत में मकान मालिकों के भरोसेमंद एशियन पेंट्स ने घर की बाहरी दीवारों के लिए अपने प्रमुख पेंट एपेक्स अल्टिमा प्रोटेक (लैमिनेशन पेंट के रूप में भी प्रचलित) को ग्राफीन की शक्ति द्वारा एक उच्च स्तर प्रदान किया है। ग्राफीन एक क्रांतिकारी पदार्थ है जिससे बेजोड़ सुरक्षा और ताकत मिलती है। यह पुनर्नवीनीकरण पेंट 12 साल की वारंटी के साथ बाहरी दीवालों की सुरक्षा के लिए शीर्ष विकल्प बनकर उभरा है।
नए अल्टिमा प्रोटेक अभियान के बारे में एशियन पेंट्स के एमडी और सीईओ अमित सिंगले बताते है, एशियन पेंट्स में, हम जो कुछ भी करते हैं, नवाचार और प्रौद्योगिकी उसके केंद्र में हैं। रॉयल में टेफ्लॉन से लेकर अल्टिमा प्रोटेक में लैमिनेशन तक, और अब ग्राफीन-वंडर मैटिरियल -हमने लगातार श्रेणी में नए मानक स्थापित किए हैं। ग्राफीन-संचालित अल्टिमा प्रोटेक के साथ, हम भारतीय घरों के लिए सबसे कठिन सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं। प्रौद्योगिकी संचालित समाधानों पर ध्यान केंद्रित करके, हम अपने उपभोक्ताओं के लिए निर्णय लेने की प्रक्रिया को सरल बनाने का लक्ष्य रखते हैं, जिससे उन्हें अपने घरों के लिए सबसे अच्छा विकल्प चुनने में मदद मिलती है। इस नए अल्टिमा प्रोटेक को जीवंतता प्रदान करने के लिए, एशियन पेंट्स ने ब्रांड एंबेसडर रणबीर कपूर के साथ नये अभियान, ह्लद सेफ हाउसह्व की शुरूआत की है। इस विज्ञापन में, रणबीर कपूर को पहली बार एक जासूस के रूप में देखा जा सकता है, जो रोमांचक तरीकों के इस्तेमाल से खतरनाक परिस्थितियों से बच निकलता है। अब तक का सबसे हल्का लेकिन सबसे मजबूत पदार्थ ग्राफीन अपनी उच्च ताकत, लचीलेपन और स्थायित्व के साथ उद्योगों में बदलाव ला रहा है।

## हिमाचल के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला का काफिला टकराया

**लखनऊः हिमाचल** प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला मंगलवार की सुबह लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से राजभवन जाने के लिए निकले ही थे, तभी शहीद पथ पर उनकी फ्लीट के वाहनों में आपस में टक्कर हो गयी। वाहनों के टकराने से उसमें सवार दो स्टाफ घायल हो गये। जिन्हें तत्काल ही अस्पताल भेजा गया। शहीद पथ के रास्ते राजभवन की ओर आते हुए सबसे आगे चल रहे वाहन के अचानक से ब्रेक लगाने से दूसरे और तीसरे वाहनों का आपस में टक्कर होना सामने आया है। घायलों को सरोजनीनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया है।

# श्री काशी विश्वनाथ धाम के तीसरी वर्षगांठ पर भव्य शोभायात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसीः श्री काशी** विश्वनाथ धाम (कॉरिडोर)के नव्य और भव्य स्वरूप के तीसरे वर्षगांठ पर शुक्रवार (13 दिसम्बर)को भव्य शोभायात्रा निकलेंगी। इस भव्य शोभायात्रा की थीम प्रयागराज महाकुंभ पर आधारित है। शोभायात्रा में महाकुंभ के प्रति आस्था, संस्कृति, धर्म का संगम दिखेंगा। उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के सहयोग से शिव बारात समिति के बैनर तले निकलने वाली भव्य शोभायात्रा में प्रदेश के पूर्व मंत्री, शहर दक्षिणी के विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में शोभयात्रा के संयोजक




शिव बारात समिति के दिलीप सिंह,उद्यमी आर.के.चौधरी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धाम के वर्षगांठ पर भव्य शोभायात्रा लोक महोत्सव के रूप में निकाली जा रही है। जिसमें काशी नगरी के धार्मिक, सामाजिक, व्यापारिक संगठनों का समावेश होता है। शिव बारात समिति का हर आयोजन एक विशेष थीम पर होता है जो उस समय का सबसे चर्चित मुद्दा होता है। इसलिए इस बार शोभायात्रा की थीम प्रयागराज महाकुंभ पर आधारित है। इस बार इसका विशेष महत्व यह है कि प्रयागराज महाकुंभ लगने वाला है और महाकुंभ का बाबा भोलेनाथ से सीधा नाता है। आर.के.चौधरी ने कहा कि देवताओं और दानवों के बीच समुद्र मंथन से निकले अमृत को पाने की होड़ लगी थी । जब उसमें से विष निकला तो महादेव ने जन कल्याण और जन सुरक्षा के लिए अपने कण्ठ में धारण कर लिया और नीलकण्ठ कहलाएं। लेकिन अमृत निकलते ही उसे पीने के लिए देवताओं और दानवों में युद्ध छिड़ गया। तभी इन्द्र के पुत्र जयंत अमृत कलश लेकर भागे। इसकी कुछ बूँदे हरिद्वार (गंगा), प्रयागराज (त्रिवेणी), नासिक (गोदावरी) और उज्जैन (शिप्रा) में गिरी। ये चारों स्थल आज महातीर्थ के रूप में विद्यमान है। महोदव ने विषपान करके सबकी रक्षा की थी, इसलिए महाकुंभ को लोग उनके त्याग के पर्व के रूप में भी मनाया जाता है। महादेव का काशी से नाता है। ऐसी स्थिति में महाकुंभ का भी काशी नगरी से जुड़ाव सहज हो जाता है। प्रयागराज का महाकुंभ इसलिए भी विशेष है कि बाकी तीन नगरों उज्जैन, हरिद्वार, नासिक में एक नदी है। जहां अमृत की बूँदे गिरी थी जबकि प्रयागराज की त्रिवेणी में तीन-तीन नदियों का संगम है जहां अमृत की बूँदे गिरी।

# अमेजन ने अपनी निर्यात प्रतिबद्धता को 4 गुना बढ़ाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा / गाजियाबाद ।** अमेजन ने सालाना आयोजित होने वाले अपने संभव समिट के पांचवें संस्करण में विकसित भारत के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का विस्तार करने वाली कई पहलों की घोषणा की है। संभव समिट, अमेजन के भारत के छोटे व्यवसायों का जश्न मनाने, उनका समर्थन करने और उन्हें सशक्त बनाने से जुड़े प्रयास का अंग है, जिसका उद्देश्य है, भारत और दुनिया भर में उन व्यवसायों के विकास में तेजी लाना। अमेजन ने इस प्रयास के तहत, भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने की सरकार की प्रमुख प्राथमिकता को गति देने के लिए डीपीआईआईटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया हैं। अमेजन ने अपने संभव वेंचर फंड से 120 मिलियन डॉलर ऐसे स्टार्टअप में निवेश करने के लिए निर्धारित किए हैं जो भारत में उपभोक्ता वस्तुओं के विनिर्माण को डिजिटल बनाएंगे और घरेलू और वैश्विक मांग को पूरा करेंगे, जिससे हजारों की तादाद में रोजगार पैदा होंगे। अमेजन अपनी निर्यात प्रतिबद्धता को चार गुना बढ़ा रही है और 2030 तक भारत से कुल 80 अरब डॉलर से अधिक का निर्यात संभव बनाने की योजना बना रही है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि भारतीय एमएसएमई, विनिमार्ताओं और डी2सी स्टार्टअप के लिए अमेजन के ग्लोबल सेलिंग प्रोग्राम के जरिये करने के साथ-साथ अमेजन के ग्लोबल मार्केटप्लेस में बेचे जाने वाले मेड-इन-इंडिया उत्पादों की सोर्सिंग के संयोजन से प्रेरित होगी। अमेजन इंडिया के कंट्री मैनेजर, समीर कुमार ने कहा, " पिछले चार साल में, हमने 2020 में पहले संभव समिट में घोषित संकल्प के लिए भरपूर प्रयास किए हैं।

## स्पीड बोट गंगा में पलटी,चालक और सवार बचे

**वाराणसीः नमोघाट** के समीप मंगलवार को पूर्वांह में गंगा नदी में तेज रफ्तार स्पीड स्कूटर बोट स्टंट के दौरान पलट गई। संयोग ही रहा कि बोट में सवार युवक और नाविक ने लाइफ जैकेट पहन रखी थी । इससे दोनों की जान बच गई। नाव चालक ने युवक को घाट किनारे सुरक्षित पहुंचाया। इस दौरान पूरे हादसे का वीडियो बनाकर किसी ने वायरल कर दिया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही नाविक और लोग नाराजगी जताते रहे। लोगों ने कहा कि स्पीड बोट संचालकों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उधर,जल पुलिस प्रभारी ने मीडिया कर्मियों को बताया कि स्पीड स्कूटर बोट का ट्रायल चल रहा था। ट्रायल में देखा जा रहा था कि इस पर सवार पर्यटक गिर जाता है तो उसे कैसे बचाएंगे।

# मुठभेड़ में छह लुटेरे गिरफ्तार, दो को पैर में गोली लगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**फिरोजाबादः टूण्डला थाना** पुलिस एवं एसओजी टीम ने सोमवार की रात्रि में वांछित छह शातिर लुटेरों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में दो अभियुक्त पैर में गोली लगने घायल हुए जिन्हें अस्पताल ने भर्ती कराया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि पांच दिसंबर को नवाब चौराहा के पास से एक युवक की मोटरसाइकिल तथा मोबाइल अज्ञात अभियुक्तों द्वारा लूट लिया गया था। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लुटेरों की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में थाना टूण्डला पुलिस एवं एसओजी टीम ने सूचना पर सोमवार की रात को मुठभेड़ के दौरान बैंदी की पुलिया से आगे गैल गैस के पास छह संदिग्ध अभियुक्तों को डकैती की योजना बनाते समय गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में दो अभियुक्तों के पैर में गोली लगी है, जिन्हें घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। घायल अभियुक्तों की पहचान अनार सिंह, शीलेन्द्र पाल के रूप में हुई है। काम्बिंग में गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान ईशू पुत्र धर्मवीर

निवासी राजापुर थाना सौंरिख जनपद कन्नौज, गौतम कुमार पुत्र सुघर सिंह निवासी सत्यनगर टापाकलां थाना उत्तर, गुलशन उर्फ पीलू पुत्र चन्द्रभान निवासी राजापुर थाना सौंरिख जनपद कन्नौज व लौकेन्द्र पुत्र सुशील जलेसर जनपद एटा के रूप में हुई है। अभियुक्तों के पास से दो अवैध तमंचा 315 बोर मय चार जिन्दा कारतूस, दो खोखा कारतूस व लूटी गयी पल्सर मोटरसाइकिल एवं लूट की घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

# बस चेकिंग के दौरान हार्टअटैक पड़ने से संविदा परिचालक की मौत, परिजनों ने टीआई पर धमकाने का लगाया आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**बाराबंकीः चेकिंग के** दौरान बस में बिना टिकट यात्री मिलने पर टीआई ने संविदा परिचालक को बुरी तरह डांट फटकार लगाते हुए उसका बैग और टिकट मशीन कब्जे में ले लिया। जिसके चलते दहशत के मारे संविदा परिचालक को हार्टअटैक पड़ गया। आनन फानन में उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। जानकारी के मुताबिक रोड़वेज के संविदा



परिचालक सुरेशचंद्र सैनी (58) पुत्र इंद्रेश सैनी निवासी ग्राम जेवरी मसौली मंगलवार को सुबह लगभग 7 बजे पुराने बस स्टॉप से अनुबंधित बस संख्या यूपी 41 एटी 2760 लेकर टिकैतनगर जा रहे थे। शहाबपुर टोल प्लाजा के पास टीआई अशरफ अली द्वारा बस चेकिंग करने पर एक यात्री का टिकट नही बना पाया गया। मृतक परिचालक के परिजनों का आरोप है कि इसी बात को लेकर टीआई ने उन्हें बुरी तरह डाटा और उनका बैग के टिकट मशीन भी ले लिया। जिससे दहशत के चलते उनकी तबियत बिगड़ने लगी। आनन फानन में उन्हें जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक मौत हार्टअटैक आने से परिचालक की मौत हुई है।

# हिन्दुओं के नरसंहार के विरोध में आज लखनऊ में होगा बड़ा प्रदर्शन

**रामलाल समेत संघ, विहिप व भाजपा के नेता भी प्रदर्शन में होंगे शामिल**

**लखनऊ**
**बांग्लादेश** में हिन्दुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा हमले, हत्या,लूट,आगजनी तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार के विरोध में बांग्लादेश हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति की ओर से आज लखनऊ विश्वविद्यालय के छत्रपति शिवाजी मैदान में विरोध प्रदर्शन होगा। छत्रपति शिवाजी मैदान में सभा के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय से हजरतगंज चौराहे तक जन आक्रोश रैली निकाली जायेगी। रैली में विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों के हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। प्रदर्शन के बाद प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा जायेगा।
बांग्लादेश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ?अखिल भारतीय सम्पर्क प्रमुख रामलाल के अलावा संघ व विश्व हिन्दू प?रिषद के पदाधिकारियों के अलावा भाजपा के नेता भी शामिल होंगे।
अखिल भारतीय साहित्य परिषद के संयुक्त महामंत्री डा. पवन पुत्र बादल ने हिन्दुस्थान समाचार से कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओ पर





निरंतर अत्याचार हिंसा का दौर जारी है। अबतक हजारों हिंदुओ की हत्या लूटपाट एवं महिलाओं का शील भंग हो चुका है और ये कुकृत्य रुकने का नाम भी नहीं ले रहा है। बांग्लादेश हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति के भुवनेश्वर ने बताया कि समिति की मांग है कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद हो तथा इस्कान के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को तत्काल कारावास से मुक्त किया जाय। लखनऊ का हिन्दू समाज बांग्लादेश के पीड़ितों के साथ खड़ा है। आज प्रदर्शन में सर्व समाज के लोग शामिल होंगे।
प्रदर्शन में बांग्लादेश हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति,इस्कान मंदिर,विश्व हिन्दू परिषद,हिन्दू जागरण मंच,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, सिख संगत,अधिवक्ता परिषद, साहित्य परिषद व विद्याभारती के अलावा कई अन्य धार्मिक,सामाजिक व व्यापारी संगठन शामिल होंगे।

**प्रदर्शन में इन संगठनों के कार्यकर्ता भी होंगे शामिलः** सेवा भारती,आरोग्य भारती,लोक भारती,सक्षम,भारत विकास परिषद,एनएमओ,राष्ट्र सेविका समिति,क्रीडा भारती,सहकार भारती,सीमा जागरण मंच,किसान संघ,मजदूर संघ,स्वदेशी जागरण मंच,लघु उद्योग भारती,ग्राहक पंचायत,संस्कृत भारती, भारतीय

# उप्र के फतेहपुर में नूरी मस्जिद के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहपुरः उत्तर** प्रदेश के फतेहपुर जिले के ललौली कस्बे में नूरी मस्जिद के अवैध निर्माण को मंगलवार को बुलडोजर से ढहा दिया गया। जिला प्रशासन ने नोटिस के बाद यह कार्रवाई की। इसके मद्देनजर मस्जिद और उसके आसपास के इलाकों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक विजय ?शंकर मिश्र ने मीडियाकर्मियों को बताया कि नूरी मस्जिद के अतिक्रमण वाले हिस्से को जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग की मदद से



हटा दिया गया है। मस्जिद और उसके आसपास के इलाकों में पांच सीओ, 10 थाना प्रभारी, निरीक्षक, 200 सिपाही, एक कंपनी पीएसी और एक प्लाटून आरएएफ मौजूद हैं। फतेहपुर जिले के बहराइच-बांदा मार्ग (एसएच-13) के एक हिस्से के चौड़ीकरण को लेकर लोक निर्माण विभाग किनारे के अवैध निर्माण को हटा रहा है।

हरियाणा सरकार | कुरुक्षेत्र विकास मंडल | भागीदार प्रदेश ओडिशा | भागीदार देश संयुक्त गणराज्य तंजानिया

# अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024

**28 नवम्बर – 15 दिसम्बर**
**कुरुक्षेत्र, हरियाणा**



सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः ।।
भगवद्गीता 18·66

सम्पूर्ण कर्तव्य कर्मों का आश्रय छोड़कर तू केवल मेरी शरण में आ जा।
मैं तुझे सभी पापों से मुक्त कर दूंगा, शोक मत कर।
Abandoning all duties, come to Me alone for shelter.
Be not grieved, for I shall release you from all evils.

## मार्गशीर्ष शुक्ल मोक्षदा एकादशी
## गीता जयन्ती समारोह

**11 दिसम्बर, 2024 | स्थान - कुरुक्षेत्र**

### मुख्य अतिथि

**श्री मनोहर लाल**
केन्द्रीय मंत्री, बिजली तथा आवास एवं शहरी कार्य

**श्री शिवराज सिंह चौहान**
केन्द्रीय मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास

**श्री सूर्यबंशी सूरज**
साहित्य, ओड़िया भाषा एवं सांस्कृतिक मंत्री, ओडिशा

**सुश्री पिण्डी हजारा चन्ना**
मंत्री, तंजानिया

### अध्यक्षता

**श्री नायब सिंह सैनी**
मुख्यमंत्री, हरियाणा

### मुख्य कार्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| प्रात: 9:00 | गीता जन्मस्थली-ज्योतिसर एवं सन्निहित सरोवर | श्रीमद्भगवद्गीता का सम्पूर्ण पाठ एवं गीता यज्ञ |
| प्रात: 10:00 | थीम पार्क, कुरुक्षेत्र | 18000 विद्यार्थियों द्वारा गीता का वैश्विक पाठ |
| प्रात: 11:00 | पुरुषोत्तमपुरा बाग, कुरुक्षेत्र | ओडिशा पैवेलियन में सांस्कृतिक कार्यक्रम |
| अपराह्न 02:00 | श्रीमद्भगवद्गीता सदन, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय | 48 कोस तीर्थ सम्मेलन |
| अपराह्न 03:00 | कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड कार्यालय के सामने से | गीता शोभा यात्रा का प्रारम्भ |
| दोपहर 3:00 से 4:30 | सीनेट हॉल, कुरुक्षेत्र | संवाद : पंचजन्य 'हरियाणा का बदलाव' |
| सायं 05:30 | ब्रह्म सरोवर, सन्निहित सरोवर एवं ज्योतिसर | दीपोत्सव |
| सायं 05:30 | 48 कोस कुरुक्षेत्र भूमि | तीर्थों पर दीपोत्सव |
| सायं 06:00 | पुरुषोत्तमपुरा बाग, ब्रह्म सरोवर | गीता महाआरती एवं दीप दान |



"सभी देशवासियों को गीता जयंती की अनंत शुभकामनाएं। श्रीमद्भगवद्गीता सदियों से मानवता का मार्गदर्शन करती आई है। अध्यात्म और जीवन-दर्शन से जुड़ा यह महान ग्रंथ हर युग में पथ प्रदर्शक बना रहेगा।"

**- नरेन्द्र मोदी**

वैश्विक गीता पाठ से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

48 कोस तीर्थ सम्मेलन से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

**सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा**

www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana